
सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 15 मई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 131, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 790 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच लगातार दूसरे दिन तेजी रही और सेंसेक्स करीब 790 अंक चढ़कर बंद हुआ। } 10

## आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उसने फिर से भारत की ओर नजर उठाने का दुस्साहस किया, तो जो अब तक नहीं हुआ है, वह होकर रहेगा। } 12

## 30 मई से एसआईआर का तीसरा चरण शुरू

### 16 राज्यों व तीन केन्द्र शासित प्रदेशों में चलेगा अभियान



एजेंसी

नयी दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में 30 मई से चरणबद्ध तरीके से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तीसरे दौर की शुरुआत की घोषणा की। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि इस चरण में दिल्ली, ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम, चंडीगढ़, मणिपुर, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, तेलंगाना, पंजाब, कर्नाटक, मेघालय, महाराष्ट्र, झारखंड, नगालैंड, त्रिपुरा, दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव में एसआईआर होगा। पंजाब, झारखंड, कर्नाटक और तेलंगाना उन विपक्ष शासित राज्यों में हैं जहां एसआईआर की प्रक्रिया संचालित होगी। एसआईआर के तीसरे चरण के दौरान 3.94 लाख से अधिक बूथ स्तरीय अधिकारी 36.73 करोड़ मतदाताओं से घर-घर जाकर जानकारी जुटाएंगे। उनकी सहायता के लिए राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 3.42 लाख बूथ स्तरीय एजेंट होंगे। बयान में कहा गया कि हिमपात वाले क्षेत्रों हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, एसआईआर का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा। एसआईआर का तीसरा चरण पूरा होने के बाद हिमाचल... शेष पृष्ठ 10 पर

## मौसम से होने वाले नुकसान की 24 घंटे में भरपाई के निर्देश

### फसल और पशुधन नुकसान पर किसानों के साथ खड़ी योगी सरकार, प्रभारी मंत्री करेंगे प्रभावित परिवारों से मुलाकात

विशेष संवाददाता



लखनऊ। प्रदेश में आंधी, अतिवृष्टि और आकाशीय बिजली से हुई जनहानि और फसल नुकसान के बीच योगी सरकार ने संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए प्रभावित परिवारों को बड़ी राहत देने का फैसला किया है। वहीं यूपी के विभिन्न जिलों में बुधवार को अचानक बदले मौसम के बीच आए तेज आंधी-तूफान और बारिश से जुड़े हादसों में कम से कम 89 लोगों की मौत हो गई।

सीएम योगी ने सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों को प्रभावित परिवारों से मुलाकात करने और हालात का जायजा लेने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि आपदा की इस घड़ी में सरकार पूरी मजबूती के साथ जनता के साथ खड़ी है और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आपदा में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने की स्थिति में परिजनों को तत्काल 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही किसानों, पशुपालकों और अन्य प्रभावित परिवारों को भी तेजी से राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन को सख्त निर्देश दिए गए हैं। फसल का नुकसान उठाने वाले किसानों के लिए मुआवजे और पशुधन क्षति पर भी आर्थिक सहायता तय की गई है। राहत आयुक्त डॉ0 हृषिकेश भास्कर यशोद ने प्रभावित जनपदों के जिलाधिकारियों व अपर जिलाधिकारियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खराब मौसम के कारण प्राकृतिक आपदा से हुई विभिन्न क्षतियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि अधिकारी स्वयं प्रभावित परिवारों से मिलकर आवश्यक मदद उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि राहत आयुक्त कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। भारतीय मौसम ... शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### ट्रक में घुसी कार, परिवार के चार सदस्यों की मौत

बांदा। जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर बृहस्पतिवार को तेज रफ्तार एक कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई, जिससे वाहन में सवार एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गयी। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र के हथौरा गांव के नजदीक बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार एक कार सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत मौके पर ही हो गई जबकि एक व्यक्ति ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल 16 वर्षीय लड़की रिया को बेहतर उपचार के लिये कानपुर ले जाया गया है। मृतकों की पहचान आजमगढ़ के रामगढ़ गांव निवासी अजीत, उसकी मां प्रेमशिला, दादी चंद्रावती और चाची निशा विश्वकर्मा के रूप में हुई। एसपी ने बताया कि महोबा जिले के कबरई का रहने वाला अजीत अपने परिवार के साथ कार में सवार होकर आजमगढ़ से कबरई लौट रहा था कि तभी रास्ते में यह हादसा हो गयी।

### संसदीय समितियों के भ्रमण कार्यक्रम स्थगित

लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर सरकारों ने ईंधन बचाने, काफिला कम करने आदि की पहल को धरातल पर उतारना शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री, मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों को फ्लीट को 50 प्रतिशत कम करने का फैसला किया है। अब इसी क्रम में विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने परिषद की संसदीय समितियों के पूर्व निर्धारित भ्रमण के समस्त कार्यक्रमों को अगले आदेशों तक स्थगित कर दिया है। यह जानकारी विधान परिषद के प्रमुख सचिव डॉ. राजेश सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि संसदीय समितियों की बैठकों में जिला स्तरीय अधिकारी अग्रिम आदेशों तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रतिभाग करेंगे।

## वैश्विक संकट से निपटना सामूहिक जिम्मेदारी : योगी

### पब्लिक ट्रांसपोर्ट, कार पूलिंग और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे विकल्प अपनाना हर नागरिक का दायित्व

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस तरह कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के दौरान देशवासियों ने एकजुट होकर संकट का सामना किया था, पश्चिम एशिया में उत्पन्न परिस्थितियों के बीच उसी सामूहिक जिम्मेदारी और राष्ट्रीय भावना के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है। यह वैश्विक संकट है, जिसका असर ईंधन, खाद्य व उर्वरक आपूर्ति पर पड़ सकता है। ऐसे समय हर नागरिक का दायित्व बनता है कि वह पब्लिक ट्रांसपोर्ट और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे विकल्पों को अपनाकर देश के आत्मनिर्भरता अभियान को मजबूती दे। मुख्यमंत्री गुरुवार को लखनऊ में एक यूपी कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी की अपील का उल्लेख करते हुए ईंधन की बचत के लिए रिन्यूएबल एनर्जी, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों, कार पूलिंग, मेट्रो, इलेक्ट्रिक व्हीकल और शटल बस जैसी व्यवस्थाओं को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने 7700 से अधिक गोआश्रय स्थलों में संरक्षित 15 लाख से अधिक गोवंश के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में गोबर गैस प्लांट आधारित सामूहिक किचन मॉडल विकसित करने की बात कही, जिससे एलपीजी पर निर्भरता कम हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट के समय देशहित सर्वोपरि होना चाहिए। हर नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्र के साथ खड़ा होकर अपना योगदान दे। उन्होंने अधूरी जानकारी के आधार पर नकारात्मक टिप्पणी करने वालों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की अपील को पूरी गंभीरता से पढ़कर, समझकर और चिंतन-मनन के बाद ही निष्कर्ष निकालना चाहिए। देश रहेगा तो हम सब रहेंगे, प्रदेश सुरक्षित रहेगा तो हम सब सुरक्षित रहेंगे और देश समृद्ध होगा तो हम सब भी समृद्धि की ओर अग्रसर होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बालिग होती पीढ़ी को उत्तर प्रदेश के बारे में सही जानकारी देना आवश्यक है। 500 से 1500 वर्ष पूर्व तक भारत की विश्व अर्थव्यवस्था में हिस्सेदारी 44-45 प्रतिशत थी, कारण था जीवन के हर क्षेत्र में सामूहिकता, समन्वय और परस्पर सहयोग। भारत के पास दुनिया की सर्वश्रेष्ठ भूमि और जल संसाधन थे। विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग प्रकार की परंपरागत खेती होती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में आज जो आर्थिक समृद्धि दिखाई दे रही है, उसकी जड़ें मात्र 400-500 वर्ष पुरानी हैं, जबकि भारत में यह समृद्धि इससे बहुत पहले विद्यमान थी। मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की स्थिति बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को प्रश्न प्रदेश बना दिया गया था। युवाओं के सामने पहचान का संकट था, व्यापारी पलायन कर रहे थे, किसान आत्महत्या कर रहे थे, त्योहारों के समय दंगे-फसाद होते थे, गुंडागर्दी और माफिया राज था। भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार और सरकारी उदासीनता चरम पर थी। बिजली, सड़क, सिंचाई और बाजार की कोई व्यवस्था नहीं थी। परंपरागत उद्यम बंद हो रहे थे। इसी निराशा और अराजकता के माहौल में 2017 में जनता ने प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार को आशीर्वाद दिया। सरकार बनते ही हमने पहले एक महीने तक केवल मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ शाम छह बजे से रात बारह बजे तक बैठक की। हर विभाग का प्रेजेंटेशन लिया गया और कार्ययोजना तैयार की गई। खजाना खाली था, कर्मचारियों के वेतन के लिए भी पैसे नहीं थे, लेकिन हमने स्पष्ट नीति बनाई कि कोई भाई-भतीजावाद नहीं, कोई क्षेत्रवाद नहीं, कोई परिवारवाद नहीं। आज उत्तर प्रदेश में विकास केवल लखनऊ, वाराणसी या गोरखपुर तक सीमित नहीं है। सभी 75 जनपदों और 58,000 ग्राम पंचायतों में समान विकास हो रहा है। सभी जगह एक समान बिजली पहुंच रही है। अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति सख्ती से लागू है। भ्रष्टाचार पर भी जीरो टॉलरेंस है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्सप्रेसवे में यूपी का हिस्सा देश का 60 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं, बल्कि भारत की विकास यात्रा का इंजन बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले यूपी के एमएसएमई क्षेत्र के बारे में कोई सोचता भी नहीं था। सब कुछ भगवान भरोसे था क्योंकि सरकार चादर तानकर सो रही थी। जब सरकार सोती है तो इंस्पेक्टर राज चलता है। कारीगर हतोत्साहित और प्रताड़ित होकर पलायन कर चुका था या जैसे-तैसे गुजारा कर रहा था। लेकिन आज प्रदेश... शेष पृष्ठ 10 पर

## होर्मुज के पास हमले में भारतीय नौका डूबी



नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच भारत के लिए एलपीजी लेकर आ रहे दो टैंकर ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर लिया है, जबकि इसी क्षेत्र के पास हुए हमले में एक भारतीय नौका डूब गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बंदरगाह, पोत परिवहन व जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने बताया कि सिमी नामक एलपीजी टैंकर 13 मई को जलडमरूमध्य पार कर गया, जबकि एनवी सनशाइन टैंकर ने बृहस्पतिवार को सुरक्षित रूप से इस मार्ग को पार किया। अमेरिका-इजराइल के हमलों और ईरान की जवाबी कार्रवाई के बाद यह समुद्री मार्ग प्रभावी रूप से बाधित था, लेकिन अब तक कुल 13 भारतीय पोत इस मार्ग से निकल चुके हैं। हालांकि, भारत के ध्वज वाली मशीनी पाल नौका हाजी अली बुधवार तड़के ओमान के जलक्षेत्र में हमले का शिकार हो गई। इस हमले... शेष पृष्ठ 10 पर

## वैश्विक चुनौतियों से निपटने के खोजने होंगे रास्ते

### ब्रिक्स सम्मेलन में विदेश मंत्री जयशंकर ने किया आग्रह

एजेंसी




नयी दिल्ली। भारत ने बृहस्पतिवार को पश्चिम एशिया के संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य में तेल आपूर्ति तथा समुद्री स्थिरता पर इसके प्रभाव पर गंभीर चिंता जताते हुए ब्रिक्स देशों से भू-राजनीतिक उथल-पुथल से बेहतर ढंग से निपटने के लिए व्यावहारिक तरीके खोजने का आग्रह किया।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यह टिप्पणी यहां आयोजित ब्रिक्स सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में की जिसमें ईरान, रूस, ब्राजील और समूह के कई अन्य सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों ने भाग लिया। उन्होंने किसी देश विशेष का नाम लिए बिना कहा कि अंतरराष्ट्रीय संबंध संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर आधारित होने चाहिए और किसी संघर्ष के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति ही सतत मार्ग प्रदान करते हैं।

जयशंकर ने कहा कि भारत तनाव कम करने की कोशिशों में अच्छा योगदान देने और स्थिरता बहाल करने की कोशिशों का समर्थन देने के लिए तैयार है। साथ ही, उन्होंने कहा कि शांति टुकड़ों में नहीं हो सकती और अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करना, आम लोगों की रक्षा करना और सार्वजनिक ढांचे को निशाना बनाने से बचना जरूरी ... शेष पृष्ठ 10 पर

## 42 माह के उच्चतम स्तर पर महंगाई

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट से ईंधन, बिजली एवं कच्चे पेट्रोलियम की कीमतों में तेज वृद्धि के कारण अप्रैल में थोक मुद्रास्फीति सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 42 महीने के उच्चतम स्तर 8.3 प्रतिशत पर पहुंच गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च में 3.88 प्रतिशत थी।

वैश्विक ब्रोकरेज फर्म बार्कलेज के अनुसार, थोक मुद्रास्फीति में क्रमिक वृद्धि इस श्रृंखला में अब तक की सबसे अधिक रही है। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तीव्र वृद्धि ने मुख्य मुद्रास्फीति दर में उछाल आया। धातुओं, रसायनों और वस्त्रों की विनिर्माण लागत में वृद्धि के कारण मुख्य थोक मुद्रास्फीति सालाना आधार पर पांच प्रतिशत तक बढ़ गई। पश्चिम एशिया युद्ध और होर्मुज ... शेष पृष्ठ 10 पर

## जनसेवा का माध्यम है सरकारी दायित्व : धामी

### स्वास्थ्य व उद्यान विभाग में चयनित 307 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

प्रमुख संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकारी सेवा समाज और जनहित के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से पर्वतीय और दुर्गम क्षेत्रों में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों की जिम्मेदारी अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि वहां के नागरिकों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं जीवनरेखा के समान हैं। मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने चिकित्सा एवं उद्यान विभाग में चयनित 307 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इनमें 243 चिकित्सक, 42 फार्मासिस्ट तथा उद्यान विभाग के 22 प्रयोगशाला सहायक एवं मशरूम पर्यवेक्षक शामिल रहे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सशक्त, आधुनिक और जनसुलभ बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से लाखों लोगों को निःशुल्क उपचार की सुविधा प्राप्त हो रही है। राज्य में अब तक 62 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं और करीब 12 लाख लोगों को 2200 करोड़ रुपये से अधिक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में स्वास्थ्य ढांचे का तेजी से विस्तार किया जा रहा है। वर्तमान में पांच मेडिकल कॉलेज संचालित हैं, जबकि दो नए मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन हैं। इसके साथ ही नौ नर्सिंग कॉलेज और तीन नर्सिंग स्कूल भी कार्यरत हैं। देहरादून, हल्द्वानी और श्रीनगर मेडिकल कॉलेजों में सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं का ... शेष पृष्ठ 10 पर



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 36.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

### भीतर पढ़ें


- कृषि स्टार्टअप में सीधे निवेश करेगा संरा (पृष्ठ-10)
- बिहार में हवाई संपर्क 10 गुना बढ़ाने का लक्ष्य (पृष्ठ-10)
- रुपया 95.73 प्रति डॉलर के उच्च स्तर पर (पृष्ठ-10)
- विदेशी उधारी प्रस्ताव घटकर 5.43 अरब डॉलर (पृष्ठ-10)
- भारत ने चीनी के निर्यात पर 30 सितंबर तक रोक (पृष्ठ-10)


विशेष खबर — वाराणसी, लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, मीरजापुर में प्रशासनिक अफसरों ने सप्ताह में एक दिन साइकिल से ऑफिस आने का लिया निर्णय

## ईंधन बचत अभियान को मिली रफ्तार, साइकिल से विधानसभा पहुंचे वित्त मंत्री

विशेष संवाददाता



लखनऊ। प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री की पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने की अपील के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल इसका पालन पूरे प्रदेश में करने पर जोर दिया था। इसके बाद इस मुहिम का प्रदेशव्यापी असर देखने को मिल रहा है। कैबिनेट मंत्री से लेकर पार्षद तक इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सराहनीय पहल की है। गुरुवार को उन्होंने अपने सरकारी आवास 10 कालिदास मार्ग से विधानसभा स्थित कार्यालय तक साइकिल से पहुंचकर ऊर्जा संरक्षण और ईंधन बचत का संदेश दिया। आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने इलेक्ट्रिक व्हीकल का इस्तेमाल किया।

मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि वह प्रत्येक सप्ताह कम से कम एक दिन साइकिल से कार्यालय जाएंगे, ताकि आम लोगों को भी ईंधन बचाने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा सके। उन्होंने कहा कि देश में लगभग 85 से 86 प्रतिशत पेट्रोलियम उत्पाद विदेशों से आयात किए जाते हैं, जिससे भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च होती है। ऐसे में ईंधन की बचत केवल आर्थिक मजबूती ही नहीं, बल्कि राष्ट्रहित से भी जुड़ा विषय है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में उत्तर प्रदेश सरकार लगातार पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और संसाधनों के संतुलित उपयोग को बढ़ावा दे रही है। मंत्री सुरेश खन्ना की यह पहल योगी सरकार की उसी सोच को आगे बढ़ाने वाली मानी जा रही है। साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देकर सरकार स्वस्थ जीवनशैली और प्रदूषण नियंत्रण का भी संदेश दे रही है।

राजनीतिक और प्रशासनिक स्तर पर इस पहल को सकारात्मक संदेश के रूप में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील का असर 'उनकी काशी' में दिखने लगा है। वैश्विक परिस्थितियों को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी प्रदेश में ऊर्जा, ईंधन आदि के आवश्यक उपयोग का निर्देश दिया है। प्रदेश के आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु' ने इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) सिंगल कार का प्रयोग शुरू किया तो कैंट विधायक सौरव श्रीवास्तव ने अपने क्षेत्र में साइकिल चलाई। महापौर अशोक तिवारी गुरुवार को आवास से पैदल ही नगर निगम कार्यालय पहुंचे। उनके समर्थक और पार्षद भी इस मुहिम में शामिल दिखे। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने जनपद के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पेट्रोल-डीजल की बचत सुनिश्चित करते हुए विभागीय एवं निजी वाहनों के कम से कम उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। वाराणसी नगर निगम शनिवार को 'नो फ्यूल डे' के रूप में मनाएगा। गोरखपुर... शेष पृष्ठ 10 पर

## नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने चार आरोपियों की हिरासत मांगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली की एक अदालत से नीट-यूजी 2026 परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में गिरफ्तार किए गए चार लोगों की सात दिन की पुलिस हिरासत मांगी है और दावा किया है कि प्रश्नपत्रों के ऑनलाइन साझा किये जाने से परीक्षा की शुचिता भंग हुई है।

विशेष न्यायाधीश (सीबीआई) अजय गुप्ता के समक्ष दायर हिरासत आवेदन के अनुसार, आरोपियों-यश यादव, मंगिलाल खटीक उर्फ मंगिलाल बिवाल, विकास बिवाल और दिनेश बिवाल को 13 मई को जयपुर में गिरफ्तार किया गया था। ब्यूरो ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा तीन मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (एनईटी-यूजी) 2026 में गड़बड़ी हुई, क्योंकि परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र पीडीएफ प्रारूप में व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर आपस में साझा किये गये थे। उच्च शिक्षा विभाग (एनटीए डिवीजन) के निदेशक वरुण भारद्वाज की शिकायत पर 12 मई को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सीबीआई ने अदालत को बताया कि राजस्थान के विशेष अभियान समूह (एसओजी) ने जो जांच में कुछ लीक हुए प्रश्नों की प्रामाणिकता की कथित तौर पर पुष्टि हुई थी जिसके बाद सरकार ने परीक्षा रद्द कर दी थी। सीबीआई के ... शेष पृष्ठ 10 पर

# योगी सरकार ने गन्ना किसानों को 3.21 लाख करोड़ का भुगतान किया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार की नीतियों, पारदर्शी व तकनीक आधारित व्यवस्था ने गन्ना किसानों को वर्ष 2017 से अब तक कुल 3,21,963 करोड़ का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान कराकर इतिहास रचा है। भुगतान की धनराशि सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी जा रही है, जिससे बिचौलियों की भूमिका भी समाप्त हो गई। गन्ना एवं चीनी उद्योग अब प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुका है। योगी सरकार किसानों की समृद्धि, युवाओं के रोजगार एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

गन्ना किसानों को समय से भुगतान करने में योगी सरकार की नीति पूर्व की सरकारों पर भारी पड़ी। 2007 से 2012 में गन्ना किसानों को 52,131 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जबकि 2012 से 2017 में 95,215 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। वहीं 9 साल में योगी सरकार ने रिकॉर्ड 3,21,963 करोड़ रुपये का भुगतान किया। योगी सरकार की अभिनव पहल ह्यस्मार्ट गन्ना किसानह्व प्रणाली के माध्यम से गन्ना क्षेत्रफल, सट्टा, कैलेंडरिंग और पर्ची जारी करने की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन कर दी गई है। अब किसानों को उनकी गन्ना पर्ची सीधे मोबाइल पर प्राप्त होती है और भुगतान डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में पहुंचता है। सरकार ने



पेराई सत्र 2025-26 में गन्ना मूल्य की दरों में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 30 रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि भी की। अगेती प्रजातियों के लिए 400 रुपये व सामान्य प्रजातियों के लिए 390 रुपये प्रति कुंतल की दर निर्धारित की गई। इस बढ़ोत्तरी से गन्ना किसानों को लगभग 3000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त गन्ना मूल्य भुगतान प्राप्त हुआ है। योगी सरकार के कार्यकाल में चौथी बार गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी की गई। समय से भुगतान होने से प्रदेश के 48 लाख गन्ना किसान परिवारों को आर्थिक मजबूती मिली है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक ले जाने में गन्ना विकास विभाग का भी महत्वपूर्ण योगदान है। यूपी के गन्ना क्षेत्रफल में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2025-26 में 29.51 लाख हेक्टेयर में गन्ना की खेती की गई। योगी सरकार के प्रयास से उत्तर प्रदेश देश का अग्रणी गन्ना उत्पादक राज्य बना है। उत्तर प्रदेश में कुल 121 चीनी मिलें संचालित हैं। उप्र राज्य चीनी निगम की 3, उप्र सहकारी चीनी मिल्स संघ की 23 व निजी क्षेत्र की 95 चीनी मिलों द्वारा 877.93 लाख टन गन्ने की पेराई कर 89.68 लाख टन चीनी का उत्पादन किया गया है। पिछले पेराई सत्र में औसत चीनी परता उत्तर प्रदेश का 10.21 प्रतिशत रहा, जबकि महाराष्ट्र का चीनी परता 9.49 प्रतिशत है। प्रदेश में बंद पड़ी चीनी मिलों के पुनरुद्धार, नई चीनी मिलों की स्थापना तथा मिलों की पेराई क्षमता में 1,28,500 टी.सी.डी. वृद्धि से रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। मिलों के आधुनिकीकरण व औद्योगिक पुनरुद्धार से 10 लाख से अधिक रोजगार का सृजन हुआ है। विगत 9 वर्ष से लगभग 6924 करोड़ का अतिरिक्त पूंजी निवेश किया गया है। एथेनॉल उत्पादन में भी उत्तर प्रदेश ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सरकार के प्रयासों से राज्य में एथेनॉल उत्पादन 188 करोड़ लीटर तक पहुंच गया है। गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस. ने बताया कि गन्ना किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए आधुनिक तकनीक एवं डिजिटल व्यवस्था को बढ़ावा दिया गया है। ई-गन्ना ऐप, ऑनलाइन सर्वे, पारदर्शी पर्ची वितरण एवं शिकायत निवारण प्रणाली जैसी व्यवस्थाओं ने किसानों को बड़ी राहत व सुविधा प्रदान की है। आज लाखों किसान मोबाइल के माध्यम से घर बैठे गन्ना संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। गन्ना किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मुख्यालय स्तर पर टोल-फ्री कॉल सेन्टर नम्बर 1800-121-3203 की स्थापना की गयी है, जो 24 घण्टे संचालित है।

# एआई फॉर ऑल पहल से मिलेगा तकनीक का ज्ञान

## उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन चला रहा विशेष अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को भविष्य की तकनीकों से जोड़कर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार द्वारा ह्यएआई फॉर ऑलह्व पहल को पूरे प्रदेश में प्रभावी रूप से लागू किया गया है, जिसके तहत हर नागरिक को निःशुल्क आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है।

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन इस अभियान को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। यह कार्यक्रम वैश्विक आईटी संस्था ओरेकल यूनिवर्सिटी के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 13 अप्रैल 2026 को मुजफ्फरनगर में आयोजित वृहद रोजगार मेले के दौरान किया था। योगी सरकार का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं, विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों तथा आम नागरिकों




को आधुनिक तकनीकों में दक्ष बनाकर उन्हें डिजिटल अर्थव्यवस्था के अनुरूप तैयार करना है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज वैश्विक स्तर पर रोजगार, उद्योग और कार्य संस्कृति में बड़ा बदलाव ला रहा है। ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार चाहती है कि प्रदेश का युवा तकनीकी रूप से सक्षम बने और नई संभावनाओं का लाभ उठाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गांव, कस्बों और शहरों तक इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इस निःशुल्क प्रशिक्षण से जुड़ सकें। उन्होंने कहा कि योगी सरकार का फोकस केवल पारंपरिक रोजगार तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप प्रशिक्षित कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना भी है। यही कारण है कि कौशल विकास के क्षेत्र में प्रदेश लगातार नई पहलें कर रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत एआई फॉर यूः ट्रेनिंग एंड असेसमेंट नामक कोर्स लगभग तीन घंटे की अवधि का है, जिसे पूरी तरह ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद प्रतिभागियों का ऑनलाइन मूल्यांकन किया जाता है तथा सफल अभ्यर्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किया जाता है, जो उनके करियर विकास में सहायक होगा। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि इस पहल को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाइयों को अधिकतम पंजीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर एआई फॉर ऑल टैब के माध्यम से सरल प्रक्रिया में निःशुल्क पंजीकरण कर घर बैठे प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं।

# आयुष्मान योजना में तकनीकी सुधार से मिलेगा बेहतर इलाज

## स्वास्थ्य सेवाओं में अनियमितताओं पर रोक लगाने को साचीज ने चलाया अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में लगातार बड़े कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जय) के तहत अस्पतालों और चिकित्सकों के डाटा को और अधिक सटीक बनाने के लिए विशेष सत्यापन एवं सैनेटाइजेशन अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य योजना के लाभार्थियों को सुरक्षित, पारदर्शी और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रयास है कि गरीब और जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचे। साथ ही किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना को समाप्त किया जा सके। ऐसे में विभाग की ओर से तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर कई सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। हाल ही में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान अस्पतालों एवं चिकित्सकों से जुड़े डाटा का गहन परीक्षण किया गया,

### अस्पतालों और चिकित्सकों के डाटा सत्यापन से सुधार की कवायद

जिसमें कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए। समीक्षा के दौरान पाया गया कि 28 चिकित्सकों के नाम 15 से अधिक अस्पतालों से जुड़े हुए थे, जबकि 274 चिकित्सकों के नाम सात से अधिक अस्पतालों में दर्ज पाए गए। इस पर संबंधित चिकित्सकों एवं अस्पतालों को नोटिस जारी किए गए और तीन दिवसीय सत्यापन प्रक्रिया संचालित की गई।

इस दौरान सभी संबंधित पक्षों को अपना पक्ष रखने तथा आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने का पूरा अवसर दिया गया। सीईओ ने बताया कि जांच के दौरान कई ऐसे मामले सामने आए, जहां चिकित्सक पूर्व में संबंधित अस्पतालों में कार्यरत थे, लेकिन समय पर डाटा अपडेट न होने के कारण उनके नाम अब भी रिकॉर्ड में दर्ज थे। वहीं, दूसरी ओर यह भी स्पष्ट हुआ कि कई विशेषज्ञ चिकित्सक वास्तव में विभिन्न अस्पतालों से जुड़े हुए हैं और अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इससे प्रदेश के दूरस्थ एवं जरूरतमंद क्षेत्रों में भी विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध हो पा रहीं हैं, जो मरीजों के लिए बड़ी राहत है। अभियान का उद्देश्य किसी भी चिकित्सक या अस्पताल को अनावश्यक रूप से परेशान करना नहीं, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और विश्वसनीयता को मजबूत बनाना है। योजना के तहत फजीवाड़ा, डाटा विसंगति या अनियमितताओं को रोकना योगी सरकार की प्राथमिकता है, ताकि सरकारी संसाधनों का सही उपयोग सुनिश्चित हो सके और वास्तविक लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत डिजिटल प्रक्रियाओं और इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड (ईएचआर) को भी तेजी से बढ़ावा दिया जाएगा। इससे मरीजों का पूरा चिकित्सा रिकॉर्ड डिजिटल रूप में उपलब्ध रहेगा और उपचार प्रक्रिया अधिक तेज, पारदर्शी तथा प्रभावी बन सकेगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड प्रणाली लागू होने से मरीजों को अस्पताल बदलने की स्थिति में भी बार-बार जांच कराने की आवश्यकता कम होगी और चिकित्सकों को इलाज में आसानी होगी। इसके साथ ही सरकारी निगरानी तंत्र भी अधिक मजबूत होगा, जिससे योजनाओं के संचालन में पारदर्शिता बढ़ेगी।

# कैम्प लगाकर मरीजों का उपचार करें: दयालु

## महाविद्यालयों में निर्माण कार्य समय पर पूर्ण करायें जायें

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), खाद्य सुरक्षा एवं औषिधि प्रशासन (एमओएस) डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने आज यहां एनेक्सी भवन के सभागार में प्रदेश के आयुष महाविद्यालय एवं चिकित्सालय (राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं राजकीय यूनानी मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय) तथा प्रदेश 50 शैय्यायुक्त आयुष एकीकृत चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रदेश के आयुष महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने कालेजों के छात्रावासों के निमार्णाधीन कार्यों को समय पर पूर्ण कराए। इनकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए। मानक के



अनुरूप निर्माण कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। सभी प्रधानाचार्य समय-समय पर छात्रावासों का निरीक्षण अवश्य करे।

आयुष मंत्री ने सभी महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालयों के अधीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि अस्पतालों में दवाइयों की उपलब्धता नियमित रूप से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जो दवाइयों कॉमन है व जिनकी मांग अधिक है। उनको प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। अस्पतालों में दवाइयों की कमी न होने पाए ताकि मरीजों का उपचार में कोई कठिनाई न होने पाए। डॉ. दयालु ने निर्देश देते हुए कहा कि अस्पतालों में ओपीडी में आए हुए मरीजों की अधिक से अधिक उपचार करे। चिकित्सक ओपीडी की संख्या को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का प्रयास करे। उन्होंने स्थापित जन प्रतिनिधियों के माध्यम से कैम्प लगाकर आयुष चिकित्सा पद्धति की ओर से मरीजों का उपचार करे। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि वे ओपीडी में आए हुए मरीजों को बाहर की दवा लिखने का प्रयास कदापि न करे। आयुष मंत्री ने कहा कि अस्पतालों की आईपीडी पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि आईपीडी के मरीजों का बेहतर ढंग से उपचार करे, जिससे कि वे जल्द ही स्वस्थ होकर अपने घर जाए। सभी अस्पतालों में ओ0टी की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाते हुए अधिक से अधिक माइनर सर्जरी करे। उन्होंने कहा कि टॉप 03 चिकित्सालय जिनकी ओपीडी सर्जरी तथा कैम्प लगाने पर आएंगे उनको सम्मानित भी किया जाएगा।

# नीट पेपर लीक मामले की उच्चस्तरीय जांच हो

## उप्र युवा कांग्रेस मध्य जोन के कार्यवाहक अध्यक्ष और एनएसयूआई के मध्य जोन अध्यक्ष ने उठाये गंभीर सवाल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, लखनऊ में उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस मध्य जोन के कार्यवाहक अध्यक्ष अंकित तिवारी एवं भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) मध्य जोन के अध्यक्ष अनस रहमान ने संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता कर भाजपा और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की कथित मिलीभगत का गंभीर आरोप लगाया। प्रेस वार्ता के बाद समाजवादी छात्र सभा के नगर अध्यक्ष रहे श्रेयस राय अपने समर्थकों के साथ एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष अनस रहमान की मौजूदगी में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए।

उन्होंने मांग की कि नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए तथा छात्रों को न्याय दिलाया जाए। इस दौरान नेताओं ने भाजपा सरकार से शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे के साथ-साथ एनटीए को तत्काल प्रभाव से बैन करने तथा एक नई एजेंसी गठित




करने की मांग की है ताकि परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाया जा सके और देश के युवाओं का भविष्य सुरक्षित तथा अभिभावकों का सपना साकार हो सके।

अंकित तिवारी ने कहा कि वर्तमान में जो भाजपा की डबल इंजन की सरकार है वह अब डबल इंजन की सरकार नहीं रह गयी है, बल्कि पेपर लीक उद्योग बन गया है। अब तक बीते 10 वर्षों में 80 से ज्यादा प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं चाहे वह पुलिस भर्ती हो, लेखपाल भर्ती, पुलिस भर्ती रही हो या फिर अभी 2 दिन पूर्व नीट परीक्षा का पेपर रहा हो, देश का युवा दिन-रात मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करता है लेकिन भाजपा सरकार की भ्रष्ट व्यवस्था के कारण पेपर माफियाओं को खुला संरक्षण प्राप्त जिससे परीक्षा में केवल गड़बड़ी ही नहीं बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। पेपर लीक होने से छात्र-छात्राओं तथा उनके अभिभावकों का सपना पूरी तरह से टूट चुका है। अनस रहमान ने कहा कि एनटीए पूरी तरह अपनी विश्वसनीयता खो चुकी है तथा केंद्र सरकार इस मुद्दे पर जवाब देने से बच रही है। वक्ताओं ने कहा कि युवाओं और छात्र-छात्राओं के हितों को देखते हुए कांग्रेस सदैव ही संघर्षरत रही है।

इसी क्रम में नीट पेपर लीक मामले को लेकर उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस तथा (एनएसयूआई) के संयुक्त तत्वाधान में कल देश के शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का पुतला फूंक कर विरोध दर्ज कराया जाएगा और यदि सरकार छात्रों के हितों के प्रति रक्षा करने में विफल रहती है तो आने वाले समय में यह संघर्ष और अधिक वृहद रूप लेगा।

युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के कार्यकर्ता सड़कों पर उतर कर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। प्रेस वार्ता में नेशनल कोऑर्डिनेटर प्रिंस प्रकाश, प्रदेश जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव, एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष अहमद रजा खान, प्रदेश सचिव मो. नईम खान, गौरव शुक्ला, स्वप्निल चौरसिया, नीरज सिंह, दीपक पाण्डेय आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पेट्रोल व डीजल का उचित उपयोग करें : पंकज चौधरी

## पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, सांसद, विधायक, सभी जनप्रतिनिधियों से की अपील

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, सांसद, विधायक, सभी जनप्रतिनिधियों सहित किसानों, प्राइवेट संस्थानों और प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता, राष्ट्रहित और जनभागीदारी के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों एवं आर्थिक चुनौतियों के बीच हम सभी का दायित्व है कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने व्यवहार और जीवन शैली में सादगी, बचत और स्वदेशी भावना को अपनाएं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी जीवनशैली में कुछ बदलाव करने का आवाहन किया है। यह केवल एक अपील नहीं, बल्कि आने वाली पीढियों के सुरक्षित भविष्य के लिए हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण केवल सरकारों से नहीं, बल्कि देश के नागरिकों की सहभागिता से होता है। हम सभी मिलकर आत्मनिर्भर, सक्षम और विकसित भारत के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने विनम्र अपील करते हुए कहा कि हम सभी पेट्रोल एवं डीजल का उपयोग आवश्यकता अनुसार ही करें तथा सार्वजनिक परिवहन, कारपूलिंग और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढावा दें। वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाते हुए स्वदेशी एवं भारत में निर्मित उत्पादों को प्राथमिकता दे। अनावश्यक विदेशी यात्राओं एवं फिजूलखर्ची से बचें तथा देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें।

पंकज चौधरी ने किसानों से आग्रह किया कि राष्ट्रहित में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे तथा रासायनिक उर्वरको पर निर्भरता कम करें। आमजनमानस से अपील करते हुए कहा कि खाद्य तेल एवं अन्य संसाधनों का उपयोग संयमित रूप से करें ताकि देश की आयात पर निर्भरता कम हो सके। उन्होंने निजी संस्थानों से अनुरोध करते हुए कहा कि जहां संभव हो, वर्क फ्रॉम होम जैसी व्यवस्था को प्रोत्साहित करें ताकि ईंधन की बचत और प्रदूषण में कमी लाई जा सके। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने प्रदेश के सभी कार्यकर्ताओं एवं प्रदेशवासियों से विनम्र आग्रह करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस प्रेरणादायी आवाहन को जन आंदोलन का रूप दें तथा अपने दैनिक जीवन में प्रधानमंत्री के आवाहन के अनुरूप बदलाव करने का संकल्प लें।

हम सब मिलकर स्वच्छ, स्वस्थ आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# 12 लाख से अधिक लाभार्थियों को मिल रही आर्थिक सहायता

## ऑनलाइन आवेदन और डिजिटल भुगतान से बढ़ी पारदर्शिता, दिव्यांगजनों को हर महीने मिल रही 1000 रुपये की आर्थिक सहायता

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** दिव्यांगजनों के सम्मानजनक जीवन और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संचालित दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना लाखों जरूरतमंद दिव्यांगजनों के लिए सहारा बनकर उभरी है। प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 में इस योजना के तहत 12 लाख से अधिक पात्र दिव्यांगजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक पात्र लाभार्थी को प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में भेजी जा रही है।

दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना प्रारंभ में समाज कल्याण विभाग के अधीन संचालित होती थी, लेकिन बाद में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के गठन के पश्चात इसका संचालन विभाग द्वारा




किया जा रहा है।

योजना के अंतर्गत 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले पात्र व्यक्तियों को लाभ प्रदान किया जाता है। योजना का लाभ उन दिव्यांगजनों को दिया जाता है जिनके पास आजीविका का कोई स्थायी साधन नहीं है तथा जो शारीरिक स्थिति के कारण नियमित कार्य करने में असमर्थ हैं।

18 वर्ष या उससे अधिक आयु के युवक-युवतियां योजना के लिए पात्र हैं। इसके अतिरिक्त लाभार्थी की वार्षिक आय निर्धारित सीमा के भीतर होनी चाहिए। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आय सीमा 46,080 रुपये तथा शहरी क्षेत्रों के लिए 56,460 रुपये प्रतिवर्ष निर्धारित है। योगी सरकार ने आवेदन प्रक्रिया को पूरी तरह सरल एवं ऑनलाइन बना दिया है।

अब पात्र दिव्यांगजन पोर्टल के माध्यम से घर बैठे आवेदन कर सकते हैं। इससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के दिव्यांगजनों को भी योजना का लाभ प्राप्त करने में सुविधा हो रही है। वर्ष 2025-26 में योजना के अंतर्गत 12,23,295 लाभार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। यह दर्शाता है कि सरकार योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। योजना के संचालन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सहायता राशि का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से कोषागार की ई-पेमेंट प्रणाली द्वारा सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में किया जा रहा है। इससे भ्रष्टाचार एवं बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है तथा लाभार्थियों को समय पर सहायता राशि प्राप्त हो रही है।

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के उप निदेशक डॉ. अमित कुमार राय ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण और सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान योजना आर्थिक रूप से कमजोर एवं निराश्रित दिव्यांगजनों के लिए महत्वपूर्ण सहारा साबित हो रही है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को प्रतिमाह 1000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की जा रही है तथा पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं डिजिटल बनाया गया है, ताकि अधिक से अधिक पात्र दिव्यांगजन योजना से जुड़ सकें।

# सतीश महाना ने श्री श्री रविशंकर से भेट कर लिया आशीर्वाद



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने गुरुवार को बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन आश्रम में श्री श्री रविशंकर से भेंट कर उनका स्नेहिल आशीर्वाद प्राप्त किया। इस आत्मीय मुलाकात के दौरान अध्यक्ष ने आध्यात्म, मानवीय मूल्यों एवं समाज सेवा जैसे विषयों पर सार्थक संवाद किया।

संक्षेप

## दहेज हत्या के वांछित गिरफ्तार, गये जेल

प्रतापगढ़। दहेज हत्या के दो वांछितों को लालगंज कोतवाली पुलिस ने गुरूवार को रायबरेली रोड के पूरे हरकिशुन मोड़ से हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के पूरे नक्का निवासी प्रमोद यादव की तहरीर पर पूरे हरिकिशुन निवासी संतोष यादव की पत्नी पूनम यादव की मौत को लेकर दो आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने बुधवार को दहेज हत्या का केस दर्ज किया। कोतवाली के दरोगा रामनरेश यादव तथा महिला दरोगा दीपिका सिंह ने गश्त के दौरान पूरे हरिकिशुन मोड़ से मुकदमें में वांछित पूरे हरिकिशुन दुबे निवासी संतोष यादव पुत्र शिव बहादुर यादव तथा मालती पत्नी शिव बहादुर को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपियों को दोपहर बाद जेल भेज दिया।

## दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा गया

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म व पास्को एक्ट में वांछित आरोपी को गुरूवार को दबोचकर जेल भेज दिया। कोतवाली के दरोगा दीपक कुमार फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। रायपुर तिवारी चौराहा के पास से दुष्कर्म तथा पास्को के मुकदमें में वांछित कोतवाली क्षेत्र के भटपुरवा मधुकरपुर निवासी विनीत शर्मा उर्फ शुभम शर्मा पुत्र चंद्रभान शर्मा को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

## उप शिक्षा निदेशक के औचक निरीक्षण से हड़कंप

प्रतापगढ़। डीएलएड द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा को लेकर गुरूवार को डॉयट प्राचार्य एवं उप शिक्षा निदेशक के अचानक परीक्षा केन्द्र पर आ धमकने से हड़कंप मच गया। उप शिक्षा निदेशक रमेश कुमार तिवारी सचल दल के साथ स्थानीय राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज के परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उप निदेशक के निरीक्षण में केंद्र पर परीक्षा व्यवस्था दुरूस्त पायी गयी। मानक के अनुसार परीक्षा संचालन को लेकर उप शिक्षा निदेशक ने प्रधानाचार्य सुनील कुमार शुक्ल व पर्यवेक्षक डॉ0 कमल किशोर यादव की सराहना भी की।

## कार्यशाला में शामिल होंगे प्रमोद व मोना

प्रतापगढ़। स्थानीय नगर पंचायत स्थित कांग्रेस कैम्प कार्यालय पर आज शुक्रवार को प्रातः साढ़े दस बजे ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा संगठन सृजन को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए ब्लाक अध्यक्ष केडी मिश्र ने बताया कि कार्यशाला में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना शामिल होंगी।

## घायल महिला की इलाज के दौरान मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। गुरूवार को अचानक आंधी तूफान में छप्पर के गिरने से घायल महिला की गुरूवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गयी। मौत की सूचना घर पहुंची तो कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के पूरे तिगुनाईत कैथौला निवासी भुटटू यादव की पत्नी चंद्रकली 72 बुधवार को अचानक आये आंधी तूफान में छप्पर गिरने से गंभीर रूप से चुटहिल हो गयी थी। परिजन इलाज के लिए उसे पडोसी जिले रायबरेली के सलोन में ले गये। वहां स्थिति गंभीर देख चिकित्सकों ने घायल को रेफर कर दिया। रायबरेली एम्स में इलाज के दौरान गुरूवार की सुबह चंद्रकली की सांसे थम गयी। मौत की सूचना जब घर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया।

## वांछित आरोपी गिरफ्तार

खेसरहा बांसी सिद्धार्थनगर। जिले के खेसरहा थाना पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार थाना खेसरहा में दर्ज मुकदमा संख्या 61/2026 से संबंधित आरोपी अख्तर हुसैन को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देश, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार प्रसाद एवं क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी अनूप कुमार मिश्र के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी अख्तर हुसैन निवासी बन्हैती थाना खेसरहा को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार टीम में उपनिरीक्षक वीरेन्द्र सिंह यादव एवं हेड कांस्टेबल उमेश चंद शामिल रहे।

# डंपर से 3 युवकों की मौत

हरदोई। जिले के कासिमपुर क्षेत्र में दो मोटरसाइकिलों के बीच टक्कर के बाद सड़क पर गिरे तीन युवकों की पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे डंपर की चपेट में आ जाने से मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार को कासिमपुर थाना क्षेत्र में पंकज, अनूप और प्रवीण उर्फ बाबू नामक युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर बाल कटवाने जा रहे थे तभी संडीला-बांगरमऊ मार्ग पर सामने से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से उनकी गाड़ी की टक्कर हो गयी।

इस दुर्घटना में दोनों मोटरसाइकिलों पर सवार युवक सड़क पर गिर गये, तभी वहां से गुजर रहे एक डंपर ने उन्हें कुचल दिया, जिससे पंकज (20) और अनूप (18) की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि प्रवीण उर्फ बाबू (22) ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। सूत्रों ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त दूसरी मोटरसाइकिल चला रहा जितेंद्र नामक युवक इस हादसे में घायल हो गया, जिसका अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

वहीं महराजगंज जिले में बृहस्पतिवार सुबह बृजमनगंज-कोल्हुई मार्ग के पास एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई जिससे उस पर सवार दो युवकों की मौत हो गयी।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि महराजगंज के रहने वाले राजेश साहनी (23) और रोहित साहनी (25) बुधवार रात सिद्धार्थनगर जिले में एक बारात में शामिल होने के बाद बृहस्पतिवार सुबह करीब पांच बजे मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे तभी रास्ते में बृजमनगंज-कोल्हुई मार्ग पर लालपुर गांव के पास उनकी गाड़ी सड़क के किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकरायी। इस घटना में गम्भीर रूप से घायल दोनों युवकों को पुलिस ने अस्पताल में पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## मदरसे में छात्र की संदिग्ध हालत में मौत, पीएम रिपोर्ट में चोट की पुष्टि



सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर के ढेबरूआ थाना क्षेत्र स्थित बढ़नी के एक मदरसे में 12 वर्षीय छात्र अनीसुर रहमान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में छात्र के शरीर पर चोट के निशान मिलने के बाद पुलिस ने मामले की जांच तेज कर दी है। पुलिस ने पूछताछ के लिए मदरसे में पढ़ने वाले एक नाबालिग नेपाली छात्र को हिरासत में लिया है। तुलसियापुर गांव निवासी अनीसुर रहमान अपने जुड़वां भाई के साथ बढ़नी स्थित जामिया अहले सुन्नत इशातुल इस्लाम मदरसे में पढ़ाई कर रहा था। सोमवार को मदरसे के शिक्षक छात्र का शव घर लेकर पहुंचे और परिजनों को तबीयत खराब होने की जानकारी दी, लेकिन परिजनों ने संदेह जताते हुए पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जिसकी रिपोर्ट में चोट लगने से मौत की पुष्टि हुई है। इसके बाद पुलिस ने मदरसे में पहुंचकर शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों से पूछताछ की तथा फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। वहीं, परिजनों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## पौधरोपण अभियान की तैयारियों की समीक्षा बैठक संपन्न



सिद्धार्थनगर। आगामी वृक्षारोपण अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता एवं डीएफओ नीला एम की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण एवं भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण पौधरोपण सुनिश्चित करने तथा लगाए गए पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। बैठक में वन विभाग द्वारा नर्सरियों में उपलब्ध पौधों, गड्ढा खुदाई, पौध वितरण एवं रोपण स्थलों की तैयारियों की जानकारी प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायतों, विद्यालयों, सड़क किनारे, सरकारी कार्यालय परिसरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर अधिक से अधिक पौधरोपण कराने के निर्देश दिए। साथ ही जनसहभागिता के माध्यम से वृक्षारोपण अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने पर जोर दिया।

बैठक में उप वनाधिकारी बीना तिवारी, डीसी मनरेगा संदीप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने की विद्युत विभाग की समीक्षा, दिए सख्त निर्देश

श्रावस्ती। अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्युत वितरण खंड श्रावस्ती के अंतर्गत कार्यरत सभी उपखंड अधिकारी एवं अवर अभियंता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने तथा जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने सीयूजी नंबर हमेशा चालू रखें तथा आने वाली सभी कॉल अनिवार्य रूप से रिसीव करें। साथ ही सीयूजी नंबरों को एनआईसी पोर्टल पर अपडेट करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि मई माह में आंधी और तूफान के कारण क्षतिग्रस्त हुए विद्युत पोलों को तत्काल बदलकर जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल की जाए। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराए जा रहे कार्यों को समय से पूरा कराने पर जोर देते हुए कहा कि यदि किसी संस्था द्वारा कार्य में लापरवाही बरती जाती है तो उसके विरुद्ध विभागीय नियमानुसार कार्रवाई की जाए। खराब एवं क्षतिग्रस्त विद्युत ट्रांसफार्मरों को निर्धारित समय सीमा के भीतर बदलने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में आरडीएसएस योजना के अंतर्गत कराए जा रहे विद्युतीकरण एवं नए संयोजन के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि झटपट पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का समय से निस्तारण कर उपभोक्ताओं को शीघ्र विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने जनपद में नीचे लटक रहे और ढीले विद्युत तारों को मई 2026 के अंत तक ठीक कराने के निर्देश दिए। साथ ही परिषदीय विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइनों को एक सप्ताह के भीतर हटाकर अन्यत्र शिफ्ट करने को कहा। बैठक में लक्ष्मननगर विद्युत उपकेंद्र क्षेत्र में हुई घातक विद्युत दुर्घटना की जांच कर दोषी अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा निर्जीव विद्युत लाइन हटाने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा मेसर्स जन्मेजय सिंह द्वारा वर्ष 2024-25 के अधूरे दो कार्यों को एक सप्ताह के भीतर पूरा कराने के निर्देश दिए गए।

## पीएचसी हरिहरपुर रानी और नपा भिनगा का निरीक्षण



श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरिहरपुर रानी तथा नगर पालिका परिषद भिनगा का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई और विकास कार्यों में लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हरिहरपुर रानी के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ओपीडी, दवा वितरण काउंटर, प्रसव कक्ष, जनरल वार्ड, जननी सुरक्षा वार्ड और मरीज पंजिका का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण में अस्पताल परिसर का छह शैया वार्ड बंद मिला। ताला खुलवाकर देखने पर वहां गंदगी पाई गई। जानकारी में पता चला कि भवन निर्माण काफी पहले पूरा हो चुका है लेकिन अब तक हैंडओवर नहीं हुआ। इस पर जिलाधिकारी ने जांच कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी और सीएचओ अनुपस्थित मिले। अस्पताल में कोई मरीज नहीं था तथा बेडशीट भी गंदी मिलीं। परिसर में लगा वाटर कूलर बंद मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मरीजों और प्रसूता महिलाओं को सरकार की सभी सुविधाएं समय से उपलब्ध कराई जाएं तथा किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बाद जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद भिनगा कार्यालय का निरीक्षण कर साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, राजस्व वसूली और विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने गृहकर, जलकर और जलमूल्य के 100 बड़े बकायेदारों के खिलाफ आरसी जारी कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर में सफाई के बाद कूड़ा फेंकने वालों पर जुमार्ना लगाने तथा सफाई कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेस्ट-टू-ब्यूटी वाटिका, नवग्रह वाटिका, आरआरआर सेंटर और आधुनिक शौचालय का निरीक्षण कर कार्यों की सराहना की तथा व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

## जनहित के मुद्दों को उठाना ही पत्रकारों का दायित्व

### ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन इकौना ब्लॉक इकाई की बैठक सम्पन्न



इकौना, श्रावस्ती। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की इकौना ब्लॉक इकाई की बैठक दिनांक 14 मई 2026 को आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के परिचय पत्र वितरित करना रहा। बैठक में जिला अध्यक्ष राजकिशोर पाण्डेय एवं जिला महामंत्री दिनेश पाठक की उपस्थिति विशेष रूप से रही। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष एस.पी. सिंह सहित ओंकार वर्मा, मोहम्मद सुहेल मंगलदेव शुक्ला, विनय कुमार शुक्ल, गोविंद शुक्ल, तथा एसोसिएशन के तमाम पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष राजकिशोर पाण्डेय द्वारा सभी पत्रकार साथियों को संगठन के परिचय पत्र प्रदान किए गए। उन्होंने अपने संबोधन में पत्रकारों की एकता, निष्पक्ष पत्रकारिता तथा संगठन की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाना ही पत्रकारों का मुख्य दायित्व है। बैठक में संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने पर भी चर्चा की गई। अंत में जलपान के पश्चात बैठक का समापन हुआ।

## करंट से मासूम की मौत पर बवाल, शव रखकर सड़क जाम




सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर के इटवा तहसील क्षेत्र स्थित रामनगर गांव में करंट लगने से छह वर्षीय मासूम नफीस की मौत के बाद बुधवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। परिजनों और ग्रामीणों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और आरोपी के खिलाफ हत्या की धारा 302 में मुकदमा दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। मृतक के पिता अमीरूल्लाह का आरोप है कि गांव निवासी सलाउद्दीन ने अपने बगीचे की घेराबंदी में लोहे के तार में बिजली का करंट प्रवाहित कर रखा था। खेलते समय मासूम नफीस तार की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस द्वारा आरोपी पर केवल धारा 106 के तहत मुकदमा दर्ज किए जाने से नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। करीब एक घंटे तक चले जाम के दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर पहुंचे अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच और विधिक कार्रवाई का आश्वासन देकर किसी तरह लोगों को शांत कराया, जिसके बाद जाम समाप्त हुआ।

# प्रमोद व मोना ने रामपुरखास में बहुमुखी विकास का दिलाया भरोसा

- राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता व सीएलपी नेता जनसंवाद के साथ विविध धार्मिक कार्यक्रमों में हुए शामिल



प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने गुरूवार को विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमो में रामपुरखास के सर्वश्रेष्ठ विकास को अनवरत जारी रखने का लोगों को भरोसा दिलाया। वहीं दो दिवसीय दौरे के पहले दिन सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा ने क्षेत्र के चतुर्दिक बहुमुखी विकास से जुड़ी योजनाओं के संचालन में स्थानीय लोगों व कार्यकताओं से निरंतर मिल रहे सहयोग को विकास की सफलता का द्योतक कहा।

राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना सांगीपुर वार्ड में मां चतुर्भुजी देवी मन्दिर के समीप नवनिर्मित भगवान शंकर जी के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में शामिल हुए। यहां चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी एवं प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने सभासदों के साथ सांसद प्रमोद तिवारी व विधायक मोना को महादेव धाम तथा मां दुर्गा का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद सांसद प्रमोद तिवारी दीवानी वार्ड मनीपुर में पूर्व शिक्षक रामेश्वर प्रसाद तिवारी व रामकैलाश त्रिपाठी एवं डॉ0 दिनेश तिवारी के संयोजन में कामेश्वरी संगीत महाविद्यालय परिसर में भगवान श्रीराम दरबार एवं श्रीगणेश भगवान व देवाधिदेव महादेव के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में भी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रमोद तिवारी ने लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। इसके बाद विधायक आराधना मिश्रा मोना के साथ सांसद प्रमोद तिवारी बेलहा गांव पहुंचे।

यहां ब्लाक प्रमुख इं0 अमित प्रताप सिंह पंकज व समाजसेवी लालदेव सिंह के संयोजन में भगवान जगदीश्वरनाथ मन्दिर स्थापना उत्सव में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि उपासना की संस्कृति सदैव हमें परोपकार व लोक कल्याणकारी वातावरण की मजबूती में प्रतिबद्धता का बोध कराती है। विधायक आराधना मिश्रा ने कहा कि धर्म का पथ सदैव मानवीय मूल्यों के प्रति हमें जरूरतमंद की सेवा पर बढ़ते रहने की प्रेरणा है। इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी ने सांगीपुर में कार्यकताओं से संवाद करते हुए कहा कि वह लोकतंत्र को चोट पहुंचाने की भाजपा की हर कोशिश को नाकाम करने में पार्टी के संघर्ष को मजबूती प्रदान करें। नीट पेपरलीक को लेकर सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार के राज में दूसरी बार नीट की परीक्षा में पेपर लीक होना एक गंभीर सुनियोजित षडयन्त्र है। वहीं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने क्षेत्र के आमीशंकरपुर, गोड़वा, पूरे कालूराम, बेलहा व नौढ़िया के तरैया में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुई। इस मौके पर रवीन्द्र मिश्र, अनिल त्रिपाठी महेश, डॉ0 रामसमुझ त्रिपाठी, केदारनाथ तिवारी, दयाशंकर तिवारी, जमुना प्रसाद तिवारी, राहुल तिवारी, उधम सिंह, आशुतोष सिंह रज्जन, प्रीतेन्द्र ओझा, कपिल तिवारी, छोटे लाल सरोज, महमूद आलम, कमलेश शर्मा, भानु प्रताप सिंह, अरविंद सिंह आदि रहे।

## अधिवक्ता हितों के प्रति धारदार संघर्ष का लिया गया संकल्प, हुआ सम्मान



प्रतापगढ़। तहसील सभागार में गुरूवार को संयुक्त अधिवक्ता संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। वर्तमान कार्यकारिणी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में नव निर्वाचित अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी को निवर्तमान अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की मौजूदगी में कार्यभार भी ग्रहण कराया। कार्यक्रम में नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने अधिवक्ताओं के हितों के प्रति सर्वोच्च प्राथमिकता का सामूहिक संकल्प भी ग्रहण किया। निवर्तमान अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अम्बुज पाण्डेय तथा महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने नव निर्वाचित अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अबरार अहमद, उपाध्यक्ष नामवर सिंह, महामंत्री शिवरंजन यादव, कोषाध्यक्ष अतुल सिंह, आय व्यय निरीक्षक संतोष तिवारी, प्रचार मंत्री अमन द्विवेदी व कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित हुए कमलनाथ सरोज, राजकुमार मिश्र, निर्भय शुक्ल, प्रशान्त पटेल को माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। पूर्व अध्यक्ष राव वीरेन्द्र सिंह ने स्वागत भाषण तथा चुनाव समिति के महामंत्री वीरेन्द्र सिंह अगई ने आभार प्रदर्शन किया। समारोह को पूर्व अध्यक्ष बेनीलाल शुक्ल, प्रवीण शुक्ला, हेमन्त पाण्डेय, विपिन शुक्ला, अनूप पाण्डेय ने भी संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर संतोष पाण्डेय, शिवाकांत शुक्ला, शिव नारायण शुक्ल, सिंटू मिश्र, सुमित त्रिपाठी, केके शुक्ला, धीरेन्द्र शुक्ला, अशोक मौर्या, कमलेश त्रिपाठी, अनिल मिश्र, अरूण पाण्डेय, लालता प्रसाद पाण्डेय आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## राप्ती नदी में डूबे दो बच्चों के शव बरामद, क्षेत्र में पसरा मातम



इकौना, श्रावस्ती। थाना नवीन मॉडर्न क्षेत्र अंतर्गत मिलौना खिसियारी गांव के पास मथुरा घाट राप्ती नदी पुल के निकट गुरुवार को दो बच्चों के नदी में डूबने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन तत्काल सक्रिय हो गया और राहत एवं खोज अभियान शुरू किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 14 मई 2026 को दो बच्चों के राप्ती नदी में डूब जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी इकौना आलोक कुमार सिंह तथा थाना प्रभारी निरीक्षक जे.एच. मिश्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों एवं ग्रामीणों की सहायता से नदी में सघन तलाश अभियान चलाया। काफी प्रयासों के बाद दोनों बच्चों के शव नदी से बरामद कर लिए गए। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया तथा पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। पुलिस द्वारा शवों का पंचायतनामा भरने सहित अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। मौके पर पुलिस बल तैनात है और शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम है। उक्त घटना के संबंध में क्षेत्राधिकारी इकौना आलोक कुमार सिंह ने बताया कि सूचना प्राप्त होते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची थी। स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों के सहयोग से दोनों बच्चों की तलाश कर शवों को बरामद कर लिया गया है। आगे की आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## ब्राह्मण समाज पर टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग



सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर में गुरुवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा एवं विभिन्न सवर्ण संगठनों ने समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी द्वारा सोशल मीडिया पर की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व महासभा के जिलाध्यक्ष सुधीर पाण्डेय ने किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए कहा कि टिप्पणी से ब्राह्मण समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। ज्ञापन में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। महासभा ने कहा कि समाज विशेष के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी सामाजिक सौहार्द को प्रभावित करती है। संगठन ने चेतावनी दी कि समय रहते कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

## ओवरटेक विवाद में युवक से मारपीट तालाब में ले जाकर पीटने का आरोप



सिद्धार्थनगर। सिद्धार्थनगर के चिल्हिया थाना क्षेत्र में गुरुवार को ओवरटेकिंग को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जोगिया उदयपुर थाना क्षेत्र के कटहना बनरही गांव निवासी रिजवान अपनी मां और बच्चों के साथ कार से नौगढ़ जा रहे थे। इसी दौरान धेन्सा नानकार गांव के पास एक ई-रिक्शा से ओवरटेक को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर मौके पर जुटी भीड़ ने रिजवान के साथ मारपीट की और उसकी कार में तोड़फोड़ कर दी। पीड़ित पक्ष का कहना है कि हमलावर युवक को सड़क से घसीटते हुए तालाब तक ले गए और पानी में डुबो-डुबोकर पीटा। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें युवक के साथ मारपीट होती दिखाई दे रही है। रिजवान ने मारपीट के दौरान सोने की चेन, मोबाइल और घड़ी छीनने का भी आरोप लगाया है। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी ने बताया कि वायरल वीडियो और शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**U.P. Rajkiya Nirman Nigam Ltd.**
(ISO 9001:2008 Certified Company)
Visheshwaraiya Bhawan, Gomti Nagar, Lucknow

| SL. N. | Code No. | Name of Zone | Name of Work | Tender Cost (Rs.) | Date of Pre-bid Meeting | Date of Technical bid Opening |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Lko-I-'22/ 26 | Lucknow Zone-1 | Earth Filling work at Fire Station Industrial Area Kursi Road, Distt. Barabanki | 18,75,000 | --- | 21.05.2026 |
| 2 | Lko-I-23/ 26 | -do- | Renovation and Maintenance work of Birju Maharaj Kathak Sansthan, Kaisarbagh Lucknow. | 28,92,144 | 15.05.2026 | 25.05.2026 |
| 3 | E-IV/ 23/26 | Electrical Zone-4 | SITC of A.R.D System in Lifts of Evaluation Building & Paramedical Building at C.S.J.M University Kanpur. | 7,16,000 | --- | 26.05.2026 |
| 4 | Agra-32/26 | Agra Zone | Construction of Balance work 2 Units Fire Station Building at Panki Industrial Area, Kanpur (U.P.) | 1,82,87.000 | --- | 20.05.2026 |

For more details visit U.P. Government e-tender portal http://etender.up.nic.in and UPRNNL website http://www.uprnn.upsdc.gov.in

संक्षेप

## आरोपी ने दबिश के दबाव में कोर्ट में किया सरेंडर

जसवंतनगर, इटावा। बलराई नहर पुल स्थित मिठाई की दुकान पर हुई लूट और चाकूबाजी की घटना के दूसरे आरोपी हर ओम सिंह उर्फ राज धाकरे ने पुलिस की लगातार दबिश और बढ़ते दबाव के चलते न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। थानाध्यक्ष कमल भाटी ने बताया कि, 4 मार्च की सुबह करीब 10 बजे बलराई नहर पुल के पास स्थित राजेंद्र सिंह की मिठाई की दुकान पर तीन वाहनों में सवार दो नामजद और करीब 15 अज्ञात युवक पहुंचे थे। आरोपियों ने दुकान पर लूटपाट की और विरोध करने पर दुकानदार पर चाकुओं से हमला कर दिया था। इस घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई थी।4 मार्च को हुई लूट व चाकू हमले की घटना में आरोपी की तलाश लगातार की जा रही थी। पुलिस टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही थीं। बढ़ते दबाव के चलते आरोपी ने न्यायालय पहुंचकर सरेंडर कर दिया। पुलिस ने बताया कि न्यायालय से आरोपी को जेल भेज दिया गया है। मामले में अन्य आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## सब्जी विक्रेता की मौत

इटावा। इकदिल थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे में सब्जी विक्रेता की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। युवक अपने रिश्तेदार को पैसेंजर ट्रेन में बैठाकर घर लौट रहा था। हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। कस्बा इकदिल के मोहल्ला निगोह निवासी 38 वर्षीय मो. सफीक पुत्र मुस्ताक अली इकदिल बाजार में सब्जी का फड़ लगाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। परिजनों के अनुसार गुरुवार शाम वह अपने साढ़ू के बेटे को भदान जाने वाली पैसेंजर ट्रेन में बैठाने के लिए इकदिल स्टेशन गया था। ट्रेन रवाना होने के बाद वह वापस घर लौट रहा था। इसी दौरान शाम करीब छह बजे रेलवे लाइन पार करते समय अचानक एक मालगाड़ी आ गई और वह उसकी चपेट में आ गया। टक्कर इतनी तेज थी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही इकदिल थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। हादसे के बाद कस्बे में शोक की लहर फैल गई। स्थानीय लोगों ने रेलवे लाइन पार करते समय सावधानी बरतने की अपील की है।

## सरैया ताड़ गांव में अवैध ताड़ी पर कार्रवाई

इटावा। जिले के बसरेहर क्षेत्र के सरैया ताड़ गांव में अवैध रूप से ताड़ी बिक्री की शिकायतों के बाद पुलिस ने गुरुवार देर शाम बड़ी कार्रवाई की। ग्रामीणों की लगातार मिल रही सूचनाओं पर पुलिस टीम ने गांव में छापेमारी की। पुलिस के पहुंचते ही वहां मौजूद ताड़ी विक्रेता और कई लोग अपनी बाइकें छोड़कर मौके से भाग निकले। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने पांच लावारिस बाइकें बरामद कर उन्हें सीज कर दिया। पुलिस अब बाइक मालिकों और अवैध कारोबार में शामिल लोगों की पहचान करने में जुटी है। गांव के लोगों का कहना है कि सरैया ताड़ गांव में लंबे समय से अवैध रूप से ताड़ी का कारोबार चल रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ताड़ी को अधिक नशीला बनाने के लिए उसमें नशे की गोलियां मिलाकर बेचा जाता है। इससे गांव और आसपास के इलाके का माहौल खराब हो रहा था।

# सीएम योगी की अपील का असर

- महापौर ने छोड़ी स्कॉर्ट वेहिकल
- सांसद रविकिशन ने भी छोटा कर दिया अपना काफिला
- जीडीए उपाध्यक्ष ने भी अपने प्रवर्तन वाहन को हटाया

जिला संवाददाता

गोरखपुर। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के भविष्योन्मुखी बहुआयामी प्रभाव के मद्देनजर पेट्रोलियम पदार्थों की खपत कम करने तथा सरकारी खर्चों में कटौती करने के संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश/अनुरोध का असर दिखने लगा है। सीएम योगी की अपील का अनुसरण करते हुए गोरखपुर के महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने अब बिना स्कॉर्ट वाहन के आना-जाना शुरू कर दिया है।

सांसद रविकिशन शुक्ल ने भी अपना काफिला छोटा कर दिया है। अब वह दो गाड़ियों के साथ ही निकल रहे हैं। गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष अभिनव गोपाल ने मुख्यमंत्री की अपील के बाद अपने कार्य दायित्व निर्वहन के लिए अपने साथ चलने वाले प्रवर्तन वाहन को हटा दिया है। इसके साथ ही प्रशासन के अधिकारी शीघ्र ही सप्ताह में एक दिन ह्वानो वेहिकल डे्‌ड अपनाने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को सभी मंत्रियों के साथ बैठक कर जनप्रतिनिधियों और उच्च पदस्थ अफसरों के काफिलों में 50 प्रतिशत तक कटौती करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने खुद इसका अनुपालन भी शुरू कर दिया है। सीएम योगी के निर्देश के बाद राज्य में सप्ताह में एक दिन 'नो वेहिकल डे' रखने, बड़े कार्यालयों और औद्योगिक संस्थानों में सप्ताह में दो दिन वर्क फ्रॉम होम लागू करने और 50 फीसदी बैठकों को वर्चुअल करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके साथ सार्वजनिक परिवहन और बिजली बचत को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया जा रहा है। बिजली की बचत के लिए मुख्यमंत्री ने कार्यालयों में एसी का तापमान 24 से 26 डिग्री सेल्सियस के बीच रखने का आह्वान किया है।

स्कॉर्ट वाहन के बिना चलने के संबंध में गोरखपुर के महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में ईंधन संरक्षण को पीएम मोदी और सीएम योगी ने आर्थिक आवश्यकता के साथ ही राष्ट्रीय दायित्व भी माना है। इस दायित्व के निर्वहन के लिए सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और आमजन को जुड़ना होगा। इस बीच सांसद रविकिशन शुक्ल ने भी अपने काफिले में समर्थकों की गाड़ियों को मना कर दिया है। सांसद ने लोगों से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ऊर्जा संरक्षण संबंधी आह्वान की गहराई को समझें। पीएम और सीएम की अपील बेहद दूरदर्शी है।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने ई रिक्शा और बस से की देवरिया की यात्रा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपील का असर देवरिया में भी देखा गया। यहां जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने गुरुवार को अपने गांव जाने के लिए सरकारी वाहन की बजाय ई रिक्शा और बस से यात्रा की। श्री तिवारी ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के आह्वान को समय की मांग बताया। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि वे परिवहन के लिए सार्वजनिक साधनों का इस्तेमाल करें। उधर, बुधवार को महराजगंज में सदर विधायक भी ई रिक्शा से जिला मुख्यालय पहुंचे थे।

# फूड विदाउट फायर प्रतियोगिता का आयोजन



गोला, गोरखपुर। उपनगर गोला के भड़सड़ा में स्थित एस आर मेमोरियल एकेडमी परिसर में गुरुवार को चल रहे चार दिवसीय अभिभावक अध्यापक गोष्ठी के अंतर्गत दूसरे दिन गोष्ठी में अभिभावक गणों ने बढ़ चढ़कर रुचि दिखाई। जिसमें विद्यार्थियों की शैक्षिक प्रगति अनुशासन उपस्थिति एवं सर्वांगीण विकास को लेकर अभिभावक गणों एवं अध्यापक गणों के बीच विस्तार से चर्चा हुई इसके साथ ही एकेडमी में विद्यार्थियों ने बिना आग के भोजन बनाने (फूड विदाउट फायर) प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। विद्यार्थियों ने बिना आग का प्रयोग किए भीगे हुए चने के साथ मूंग मुमफली दाना आदि का प्रयोग करके भोजन तैयार करना और फल आदि जैसे विभिन्न स्वादिष्ट एवं पौस्टिक भोजन तैयार किए। प्रतियोगिता में प्रतिभा किये विद्यार्थियों ने उन व्यंजनों का प्रदर्शन किया। जिसे हम आपात स्थिति में बिना आग का प्रयोग किये भी बना सकते हैं।

इसका उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता आत्मनिर्भरता स्वच्छता एवं पोषण के प्रति जागरूकता विकसित करना था। इस मौके पर एकेडमी के प्रबन्धक बागेश्वरी राय ने कहा कि विज्ञान हमारे जीवन को सुगम बनता है और हम विज्ञान और ज्ञान का प्रयोग करके अपने जीवन को व्यवस्थित और बेहतर बना सकते है। अगर हमारे पास ज्ञान है तो हम एक बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं और समाज को भी एक बेहतर रास्ता दिखा सकते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्या सुनिता सिंह सह अध्यापक रिंकी शुक्ला गुड़िया उपाध्याय सुकृति मौर्या सतीश यादव महेंद्र राय अनूप राय कमलेश तिवारी विपिन पाठक आशीष सूर्या रतन दुबे डॉ देवानंद रजक ज्योति जायसवाल नीतु राय सुभद्रा तिवारी शिवांगी मौर्या सहित शिक्षक शिक्षिकाएं अभिभावक गण और छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## एस आई के विदाई पल पर भावुक हुए लोग



गगहा, गोरखपुर। जनपद के दक्षिणांचल में स्थित गगहा थाने पर तैनात हेड मुहर्रिर से दारोगा बने शेषराम चौधरी का स्थानांतरण देवरिया जिले के लिए हुआ था जिसके क्रम में गुरुवार को थाना गगहा के प्रांगण में उन्हें विदाई दी गई उनकी कार्यशैली व व्यक्तित्व की खूब चर्चा रही। ज्ञातब्य हो कि, श्री चौधरी वर्ष 2023में एक दीवान के रूप में गगहा में आए उन्होंने अपनी कार्यक्षमता से विभाग के अधिकारियों के खास तो रहे ही साथ ही आम आवाम के दिलों में जगह बनाया। वर्ष 2025 में गगहा में तैनाती के दौरान ही उन्हें प्रमोशन मिला और एस आई के पद पर रहकर लोगों की सेवा किया। उनके स्थानांतरण के बावजूद जो भी थाना प्रभारी गगहा में आए सबने उनके कार्य को सराहा और उनके कार्य कुशलता की लोहा माना। गुरुवार को विदाई समारोह में थाना प्रभारी गगहा राजकुमार सरोज ने कहा कि व्यक्ति की पहचान उसके कार्यो से होती है शेषराम जी इसके ताजा उदाहरण हैं। इस दौरान एस एस आई राजीव सिंह,एस आई रविन्द्र प्रताप यादव, विजय शंकर यादव, अनुप सिंह, राहुल सिंह, कांस्टेबल आलोक सिंह एकांश सिंह आशुतोष यादव अच्युतानंद राय, विवेक यादव,सुरज खरवार, व समस्त स्टाफ व, प्रत्रकार सरितेश मिश्र,दीपक तिवारी, राहुल हरेंद्र सिंह, कृष्याशंकर सिंह,अनिल सिंह राठौड़, नन्हे राय, दुर्गा प्रसाद राय, सुनील शाही आदी लोग उपस्थित रहे।

# सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा में गोला क्षेत्र के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



गोला, गोरखपुर। सीबीएसई बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में गोला क्षेत्र के विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालयों में खुशी का माहौल देखने को मिला। छात्र-छात्राओं की सफलता पर अभिभावकों एवं शिक्षकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रामसखी रामनिवास बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा शालिनी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वहीं एलपीएम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भी शानदार सफलता हासिल की। विद्यालय के छात्र विनित कुमार ने 94.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इसके अलावा प्रिया कुमारी मझवार ने 94.6 प्रतिशत, राजवीर प्रताप चंद ने 92.8 प्रतिशत, शिवांश राय ने 92.4 प्रतिशत तथा संजना मौर्य ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं अंशिका यादव एवं कृतिका तिवारी ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का मान बढ़ाया। एलपीएम पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक अमरनाथ वर्मा ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं रामसखी रामनिवास बालिका इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य कन्हैयालाल श्रीवास्तव ने कहा कि छात्राओं ने अनुशासन एवं कठिन परिश्रम के बल पर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे परिणाम अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। प्रधानाचार्य ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की कामना की।

## सीबीएसई 12वीं में राधिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल का शानदार प्रदर्शन



गगहा, गोरखपुर। सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12वीं परीक्षा सत्र 2025-26 के घोषित परिणामों में राधिका सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार सफलता अर्जित कर विद्यालय, अभिभावकों एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की छात्रा एकता शाही ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में उत्साह और खुशी का माहौल है। विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता की नई मिसाल पेश की। इनमें अंकित प्रजापति ने 92, शुभम ओझा ने 91.8, भागीरथी निषाद ने 91.4, ईशा जायसवाल ने 90.6, नियति शर्मा ने 89.6, शिवम यादव ने 89.4, पलक राय ने 89.2, शिखा पाण्डेय ने 88.6, आकांक्षा प्रजापति ने 86.6, आयुष सिंह ने 86.2, रैनी चंद ने 85.4 तथा कृष्णानंद यादव ने 85.2 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के निदेशक श्री पुनीत सिंह व प्रधानाचार्य श्री एस. बी. सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

# नारायन कॉलेज के छात्र ने 92.6 प्रतिशत अंकों के साथ किया स्कूल टॉप



इटावा। नारायन कॉलेज आफ साइंस एंड आर्ट्स के विद्यार्थियों ने सी.बी.एस.ई. की 12वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया सी.बी.एस.ई. द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में छात्र, छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विज्ञान, कला और कॉमर्स सभी तीनों संकाय के छात्रों ने उल्लेखनीय परिणाम दिया। जिसमें कक्षा-12 के विशाल चतुर्वेदी व आध्या वर्मा ने समान 92.6 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 की आर्याशी त्रिपाठी ने 92.4 प्रतिशत, कादम्बरी पाण्डे ने 92.2 प्रतिशत, अंशिका राजपूत ने 92.1 प्रतिशत व अंजली ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इसके अलावा विद्यालय के छात्र लक्ष्य त्रिपाठी, अजीम खान, अभिनव कुमार, दिव्यांश कुमार, दीक्षा, साक्षी, वेदिका, निष्ठा, निकेतन, लवी यादव, अंशी, आरव व अक्षत सिंह ने भी शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के शानदार प्रदर्शन पर प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी नारायन कॉलेज ने सर्वश्रेष्ठ परिणाम दिया। इसके लिये विद्यालय के सभी योग्य शिक्षकों की मेहनत, लगन और समर्पण की भूरि-भूरि प्रशंसा की जानी चाहिये विद्यालय के चैयरमेन इं. हरि किशोर तिवारी, इं. अंकित तिवारी व डॉ. श्वेता तिवारी ने प्रधानाचार्य डॉ. धर्मेन्द्र शर्मा एवं समस्त शिक्षकों को इस शानदार प्रदर्शन के लिये बधाई दी इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी छात्र, छात्राओं को माला पहनाकर आशीर्वाद दिया।

## केके कॉलेज में कुलपति का आगमन व अभिनंदन समारोह



इटावा। छत्रपति शाहू महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के कुलपति के नेतृत्व में विगत पाँच वर्षों के दौरान विश्वविद्यालय ने शिक्षा, शोध, नवाचार, डिजिटल विकास एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति करते हुए नई ऊँचाइयों को प्राप्त किया है। उक्त विचार केके. कालेज के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने महाविद्यालय परिसर में प्रेसवार्ता में व्यक्त करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय ने कुलपति के मार्गदर्शन एवं दूरदर्शी सोच के परिणामस्वरूप राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। कुलपति के सतत प्रयासों से विश्वविद्यालय ने प्रतिष्ठित ग्रेड प्राप्त कर उत्कृष्टता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। साथ ही विश्वविद्यालय ने यूजीसी केटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त करने के साथ साथ विभिन्न रैंकिंग एवं मूल्यांकन प्रक्रियाओं में भी अग्रणी स्थान प्राप्त कर प्रदेश ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है।

## नाप करने पहुंची टीम के सामने चाचा पर किया हमला

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। थाना क्षेत्र के एक गांव में पुराने जमीनी विवाद में न्यायालय द्वारा जारी आदेश की नाप कराने पहुँची पुलिस के समक्ष भतीजे ने चाचा पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिसमें घायल को सीएचसी लाया गया जहां से चिकित्सकों द्वारा गंभीर घायल को हैलेट कानपुर के लिये रेफर कर दिया गया है, पुलिस बल द्वारा हमलावर को मौके से भागने पर दौड़ाकर हिरासत में लेकर पुलिस द्वारा थाने लाया गया।

# ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर महिला की मौत, पति घायल

जसवंतनगर, इटावा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के दौरान महिला की गोद में मौजूद नौ माह का मासूम चमत्कारिक रूप से सुरक्षित बच गया। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। फिरोजाबाद जिले के थाना शिकोहाबाद क्षेत्र के गांव आमरी निवासी 25 वर्षीय शरीफ खां अपनी



21 वर्षीय पत्नी संगीता और नौ माह के बच्चे के साथ बाइक से पत्नी के मायके पिपरेथी गांव से वापस अपने गांव लौट रहे थे। बताया गया कि जब उनकी बाइक क्षेत्र के जमुना बाग गांव के पास स्थित पेट्रोल पंप के निकट पहुंची, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दंपती सड़क पर गिर पड़े। हादसे में संगीता गंभीर रूप से घायल हो गई, जबकि शरीफ खां को भी चोटें आईं। सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को उपचार के लिए एम्बुलेंस से सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉ. वीरेन्द्र सिंह, डॉ. विकास अग्निहोत्री और महिला चिकित्सक डॉ. अंकिता गौतम ने संगीता को मृत घोषित कर दिया, जबकि शरीफ खां की हालत गंभीर होने पर उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मृतका की मां सकीना पत्नी लालजी मौके पर पहुंच गईं। बेटी की मौत से उनका रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह ने बताया कि पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर महिला के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

**ई-निविदा सूचना संख्या 04/ECTC (L)/2026-27** अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक निविदा दो भागों (पार्ट- टेक्निकल बिड एवं पार्ट- II- फाइनेंशियल) में आमंत्रित की जाती है। 04 **कार्य का नाम:-** यू.पी. एस.एल.डी.सी. के एडमिन भवन के द्वितीय तल पर प्रगति इकाई का AI-CMS कार्यालय एवं यू.पी. एस.एल.डी. सी. इकाई का आई.टी. एवं एस.पी.सी. कार्यालय के जानपदीय कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:-** रू. 78.77 लाख **कार्यावधि:-** 02 माह उक्त निविदा की Technical Bid एवं अन्य शर्तें तथा मात्रा बीजक इत्यादि का विस्तृत विवरण www.upptcl.org पर देखा जा सकता है एवं http://etender.up.nic.in साइट पर देखा एवं प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 15.06.2026 को दोपहर 14:00 बजे तक साइट पर डाला/ अपलोड किया जा सकता है तथा दिनांक 16.06.2026 को 15:00 बजे सार्वजनिक रूप से निविदायें खोली जायेगी। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद परीक्षण मण्डल, उ.प्र. एस.एल.डी.सी. परिसर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ**
**"राष्ट्र हित में बिजली बचाएं"**
**(पत्रांक 1557 / दि. 14.05.2026)**

# आबकारी विभाग ने क्षेत्र में की छापेमारी , कच्ची शराब बरामद

मौरावां (वीओएल)। अवैध शराब की बिक्री और तस्करी पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा विशेष प्रवर्तन अभियान लगातार चलाया जा रहा है।



जिलाधिकारी घनश्याम मीना के निर्देश पर चलाए जा रहे इस अभियान के तहत गुरुवार को मौरावां थाना क्षेत्र के गांवों में छापेमारी कर बड़ी कार्रवाई की गई। जिला आबकारी अधिकारी अनुराग मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि आबकारी निरीक्षक निशांत सिंह के नेतृत्व में विभागीय टीम ने थाना मौरावां अंतर्गत ग्राम गौरी और चित्ताखेड़ा में दबिश दी। छापेमारी के दौरान टीम ने मौके से करीब 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की। इस मामले में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में एक अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्रवाई की गई है। अभियान के दौरान टीम ने अवैध शराब बनाने में प्रयुक्त लगभग 200 किलोग्राम लहन महुआ भी मौके पर ही नष्ट कराया। अधिकारियों के अनुसार यह सामग्री कच्ची शराब तैयार करने के लिए इस्तेमाल की जा रही थी। विभाग की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। जिला आबकारी अधिकारी ने कहा कि जनपद में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अवैध शराब से संबंधित किसी भी गतिविधि की जानकारी तत्काल प्रशासन या आबकारी विभाग को दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# विनोद सिंह निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष चुने गए

## प्राथमिक शिक्षक संघ का निर्वाचन सम्पन्न



पाटन, उन्नाव। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लॉक इकाई सुमेरपुर का चुनाव बृहस्पतिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ब्लॉक संसाधन केंद्र सुमेरपुर में शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया जनपदीय संगठन द्वारा नियुक्त निर्वाचन पर्यवेक्षक विश्वनाथ सिंह, अध्यक्ष बीघापुर तथा निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मिश्रा, अध्यक्ष सिकन्दरपुर की देखरेख में सम्पन्न कराई गई, जिसमें ब्लॉक क्षेत्र के बड़ी संख्या में शिक्षकों ने सहभागिता की। ब्लॉक अध्यक्ष पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होने पर केवल विनोद कुमार सिंह, मंत्री पद के लिये वरुण मिश्रा और कोषाध्यक्ष के लिये राम कुमार ने पर्चा दाखिल किया। अन्य किसी प्रत्याशी के मैदान में न उतरने के कारण निर्वाचन अधिकारी ने ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर विनोद कुमार सिंह, मंत्री पद पर वरुण मिश्रा और कोषाध्यक्ष पद पर राम कुमार को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया। दूसरी बार विनोद सिंह के निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष चुने जाने पर शिक्षक साथियों में खुशी की लहर दौड़ गई और संगठन के पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। निर्वाचन उपरांत आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश बाजपेई एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में संगठन के जिलाध्यक्ष एवं प्रांतीय मंत्री बृजेश कुमार पाण्डेय तथा जिला महामंत्री गजेंद्र वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय सिंह, समाज सेवी बैजनाथ सिंह, थाना बिहार प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष सुमेरपुर आशीष सिंह, प्रधान अलावलपुर दीपक सिंह, प्रधान कुंभी भईया जी आदि ने सहभागिता की और विनोद सिंह को दूसरी बार निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष चुने जाने पर शुभकामनाएं देते हुए इसे संगठन की एकता और शिक्षकों के विश्वास की जीत बताया।

## कूड़े को सूखा गीला अलग अलग करके बताया



इटावा। अधिशासी अधिकारी के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद व आईटीसी मिशन सुनहरा कल के संयुक्त तत्वाधान मे चलाय जा रहे सामुदायिक नेतृत्व मे विकेंद्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य सफाई एवं खाद्य निरिक्षक नत्थीलाल कुशवाह के सहयोग से स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन मोहल्ला समिति के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया वार्ड नं 11 कटरा बल सिंह जिसमे कचरे के प्रकार, गीला व सुखा कचरा मिश्रित देने से हानियां, गीला व सुखा कचरा अलग-अलग देने के लाभ व सफाई मित्र को गीला व सुखा कचरे को अलग अलग करके देने के लिए बताया व कचरा का उचित समय में निस्तारण, गीले कचरे कम्पोस्टिंग के माध्यम से जैविक खाद्य तैयार करना तथा सूखा कचरे का रीसाइक्लिंग आदि बिंदुओं से अवगत कराया गया, साथ ही घरेलू स्तर पर होम कम्पोस्टर व वार्ड स्तर पर कम्युनिटी कम्पोस्टर के माध्यम से जैविक खाद्य बनाने के विषय मे जानकारी दी गई, आईटीसी से क्लस्टर मैनेजर नीरज व क्लस्टर सुपरवाइजर सुजीत कुमार, सभासद प्रतिनिधि व सफाईनायक ब्रजेश कुमार व समिति के लोग उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बहराइच**

पत्र सं.-165/रा.वि.आ.-पा.नि. कार्य/टेण्डर/2026-27 दिनाँक : 8 मई, 2026

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्र सं.-164/रा.वि.आ.-पा.नि./नि.कार्य/टेण्डर/2026-27 दिनाँक : 08 मई, 2026 द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में रा.वि.आ. /पा.नि. के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यो में से रु. 5.00 लाख से अधिक के कुल 10 निर्माण कार्यों की जी.एस.टी. रहित सीलबन्द ऑफलाइन निविदायें निर्धारित नियम एवं शर्तो के अधीन प्रतिशत दर के आधार पर नगर पालिका परिषद, बहराइच के साथ-साथ अन्य विभागों में वर्ष-2026-27 में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से दिनाँक 25 मई, 2026 को अपरान्ह 03.30 बजे तक 1-नगर पालिका परिषद, बहराइच के निर्माण अनुभाग में, 2-प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच के कार्यालय में एवं 3-उपजिलाधिकारी सदर, बहराइच कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय, बहराइच के कार्यालय कक्ष में प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय एवं अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सायं 04.00 खोली जायेगी। निविदा के साथ रु. 100.00 के स्टाम्प पेपर पर शपथ-पत्र (निर्धारित प्रारूप) तथा 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि/जमानत धनराशि की एन.एस.सी./एफ.डी.आर./ टी.डी.आर.सी.डी.आर. जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बहराइच के पदनाम से बन्धक हो, जमा करना होगा। प्रत्येक कार्य हेतु पृथक-पृथक धरोहर/जमानत धनराशि निविदा के साथ संलग्न करना होगा। निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद, बहराइच के निर्माण अनुभाग, प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय बहराइच कार्यालय एवं उपजिलाधिकारी सदर, बहराइच कार्यालय से दिनाँक 23 मई, 2026 को कार्यालय अवधि (प्रातः 10.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक) में निर्धारित मूल्य जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त सभी निविदाओं अथवा न्यूनतम निविदा को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय, नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नही की जायेंगी। सम्बन्धित विस्तृत निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेबसाइट www.bahraichnpp.in पर देखी जा सकती है।

(प्रमिता सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बहराइच

(सुधा देवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
बहराइच

संक्षेप

## किशोरी नगदी और गहने लेकर भागी

मोहम्मदी खीरी। कस्बा के एक मोहल्ला में 15 वर्षीय किशोरी मोहल्ला के एक युवक के झांसे में आकर घर में रखी 40 हजार की नकदी और सोने के गहने लेकर उसके साथ चले जाने पर पिता ने चार नामित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पीड़ित पिता ने बताया उसकी पुत्री घर पर अकेले थी मौका पाकर युवक अपने परिवार की महिलाओं के सहयोग से झांसा देकर भाग ले आया जानकारी मिलने पर किशोरी के वापस करने की गुहार लगाई जिस पर उन्होंने जान से मार डालने की धमकी देकर भगा दिया पुलिस ने सभी नामित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर अपहर्ता की तलाश शुरू की है।

## सीएचसी में आधार कार्ड के बिना नहीं बनेगा अस्पताल में पर्चा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला में अब ऑनलाइन पर्चा व्यवस्था लागू किए जाने की तैयारी तेज कर दी गई है। शासन के निदेशों के अनुपालन में सीएचसी प्रशासन ने प्रेस नोट जारी कर मरीजों से आधार कार्ड एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाने की अपील की है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार ने बताया कि अस्पताल में चिकित्सा परामर्श एवं पर्चा बनवाने के लिए मरीजों को आधार कार्ड की सॉफ्ट अथवा हार्ड कॉपी उपलब्ध करानी होगी। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन व्यवस्था लागू होने से मरीजों का रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा और उपचार प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित एवं पारदर्शी होगी। उन्होंने बताया कि 1 जून 2026 से बिना आधार कार्ड अथवा आभा आईडी के अस्पताल में पर्चा बनना संभव नहीं होगा। इसलिए मरीज समय रहते अपने दस्तावेज तैयार रखें, जिससे इलाज के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। डॉ. गणेश कुमार ने कहा कि शासन की मंशा लोगों को बेहतर और सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। सीएचसी प्रशासन द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान भी चलाया जा रहा है।

# मिलावटी अंग्रेजी शराब बिकने की सूचना पर छापेमारी

## मुकदमा दर्ज

मोहम्मदी खीरी। नगर में रोडवेज बस स्टैंड के निकट संचालित कंपोजिट दुकान पर आए दिन मिलावट की सूचना प्राप्त होने पर आबकारी एवं पुलिस विभाग ने छापेमारी कर एक युवक को पड़कर मुकदमा कराया दर्ज। जानकारी के अनुसार रोडवेज बस स्टैंड के पास संचालित कंपोजिट अंग्रेजी शराब की दुकान की गोदाम के अंदर मिलावटी शराब बनाने की सूचना प्राप्त होने पर आबकारी एवं पुलिस विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा छापेमारी की गई जिसमें एक युवक को धर दबोचा जिसकी पहचान आकाश निवासी मोहल्ला भीतर मोहम्मदी के नाम से की गई ग्राहकों ने बताया लंबे समय से यहां पर मिलावटी शराब की बिक्री होती चली आ रही है समय-समय पर जिम्मेदार अधिकारियों को सूचना भी दी गई लेकिन कोई भी बड़ी कार्रवाई नहीं हो सकी आज कार्रवाई हुई है उम्मीद है अब मिलावटी शराब मिलना यहां पर बंद हो जाएगा। पुलिस उपाधीक्षक अरुण सिंह ने बताया मामला संज्ञान में आया है आबकारी निरीक्षक हृदय नारायण पांडे की तहरीर पर के केस दर्ज किया जा रहा है विवेचना चौकी इंचार्ज अखिलेश को सौंप गई है।



## सीडीओ ने लिलौटी नाथ मंदिर का भ्रमण कर दिए जरुरी दिशा निर्देश



लखीमपुर खीरी। सीडीओ अभिषेक कुमार ने गुरुवार को लिलौटी नाथ मंदिर का निरीक्षण कर परिसर के समग्र कायाकल्प की दिशा में जरूरी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने मंदिर परिसर से लेकर आसपास के क्षेत्र तक व्यवस्थाओं की बारीकी से पड़ताल की। उन्होंने नदी की सफाई कर उसे स्वच्छ व अविरल बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि जलभराव की समस्या खत्म हो सके और आस्था का यह स्थल और अधिक आकर्षक बन सके। श्रद्धालुओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सीडीओ ने बैठने की उचित व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालय निर्माण तथा मार्गों पर स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश बीडीओ फूलबेहड़ को दिए।

उन्होंने कहा कि मंदिर आने वाले हर श्रद्धालु को सुविधा और सुरक्षा दोनों का अनुभव मिलना चाहिए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने महंत, पुरोहित एवं स्थानीय लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। इस दौरान यह तथ्य सामने आया कि मंदिर की कोई स्थायी समिति नहीं है और वर्तमान में अस्थायी व्यवस्था के तहत ही संचालन हो रहा है। पार्किंग स्थल पर पेयजल हेतु सरकारी नल की मांग भी रखी गई। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने साफ-सफाई व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एडीओ पंचायत को नियमित सफाई व झाड़ियों की छंटाई के निर्देश दिए। वहीं मंदिर तक जाने वाले संपर्क मार्ग के चौड़ीकरण कार्य में ढिलाई पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता (सीडी-1) को कार्य में गति लाने और गुणवत्ता से कोई समझौता न करने की सख्त हिदायत दी। निरीक्षण के समय पीडी एसएन चौरसिया, बीडीओ फूलबेहड़ सुमित कुमार सिंह, एडीओ पंचायत, सचिव ग्राम प्रधान लखविंदर सिंह मौजूद रहे।

## सराय नदी में युवक का उतराता मिला शव



सीतापुर। संदना थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब मानपुर गांव के पास जयरामपुर पुल के नीचे सराय नदी में एक युवक का शव उतराता मिला। सुबह नदी किनारे पहुंचे ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी तो इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही संदना और कमलापुर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। जयरामपुर पुल के आसपास दोनों थाना क्षेत्रों की सीमा पड़ने के कारण शुरूआती जांच में क्षेत्राधिकार को लेकर कुछ देर तक स्थिति स्पष्ट की जाती रही। बाद में जांच में शव संदना थाना क्षेत्र की सीमा में पाया गया, जिसके बाद संदना पुलिस ने आगे की कार्रवाई अपने हाथ में ले ली। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकलवाया और पहचान कराने का प्रयास शुरू किया। जांच के दौरान मृतक की पहचान सुशील विश्वकर्मा पुत्र स्वर्गीय राजेन्द्र विश्वकर्मा, उम्र करीब 30 वर्ष, निवासी मोहल्ला मल्हपुर, दुबग्गा रिंग रोड चैकी के पीछे, थाना ठाकुरगंज, लखनऊ के रूप में हुई। लखनऊ निवासी युवक का शव सीतापुर के संदना इलाके में मिलने से घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। युवक यहां कैसे पहुंचा, उसकी मौत हादसा है या फिर इसके पीछे कोई साजिश छिपी है, इसे लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। ग्रामीणों में भी घटना को लेकर दहशत और उत्सुकता बनी हुई है। संदना थानाध्यक्ष मान सिंह पाल ने बताया कि सराय नदी में शव मिलने की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची थी। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

## तिकुनिया के व्यापारियों का फूटा गुस्सा, दुकान बंद कर दिया ज्ञापन

तिकुनिया खीरी। कस्बे के तिकुनिया उद्योग व्यापार मंडल ने नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री के नए कानून को लेकर प्रबल रोष प्रकट करते हुए प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन पलिया कला के क्षेत्रीय विधायक रोमी साहनी तथा एसडीएम पलिया को सौपा है ज्ञापन में भारत सरकार के प्रधानमंत्री को नेपाल सरकार से वार्ता कर नेपाल सरकार के प्रतिबंधों को दोनों देशों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रतिबंध हटाए जाने की मांग की गई है। तिकुनिया उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी अध्यक्ष दिनेश कुंछल ने कहा जिस प्रकार से नेपाल के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह द्वारा भारत नेपाल के व्यापार पर कड़े नियम लागू किए हैं उनसे सीमा क्षेत्र के व्यापारियों में रोष पनप गया है व्यापारियों का व्यापार चौपट होने लगा है इसको लेकर के तमाम बेरोजगारों और रोजगार बंद लोगों को ऊपर रोजी-रोटी का संकट पैदा हो गया है प्रधानमंत्री से तिकुनिया उद्योग व्यापार मंडल मांग करता है कि जल्द ही भारत के व्यापारियों के हित को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के प्रधानमंत्री नेपाल सरकार से बात करके नए कानून और प्रतिबंधों पर बार्ता करें गुरुवार को तिकुनिया उद्योग व्यापार मंडल ने संपूर्ण बंदी का ऐलान करते हुए तिकुनिया में प्रदर्शन किया इसके बाद पलिया जाकर वहां के क्षेत्रीय विधायक रोमी साहनी तथा एसडीएम को ज्ञापन दिया है ।



## छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

लखीमपुर खीरी। लखीमपुर शहर के नौरंगाबाद स्थित गंगोत्री नगर से फांसी लगाकर आत्म हत्या की घटना सामने आई हैं। नीट परीक्षा देकर लौटे एक छात्र का शव उसके कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान रितिक मिश्रा पुत्र अनूप मिश्रा निवासी कटौली के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रितिक हाल ही में नीट की परीक्षा देकर आया था और परीक्षा पेपर लीक की चचाओं को लेकर काफी मानसिक तनाव में चल रहा था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक रितिक का परिवार पहले शहर के नौरंगाबाद स्थित गंगोत्री नगर वाले मकान में रहता था, लेकिन बहन की शादी के बाद पूरा परिवार गांव कटौली में शिफ्ट हो गया था। हालांकि रितिक कभी-कभी शहर वाले मकान पर आकर रुकता था। बताया जा रहा है कि वह बीते दिन गांव से लखीमपुर स्थित मकान पर आया था। मकान में दो किराएदार भी रहते हैं। गुरुवार सुबह करीब साढ़े दस बजे तक जब रितिक के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो किराएदारों और आसपास के लोगों को शक हुआ। काफी आवाज लगाने के बावजूद अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद मामले की जानकारी परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही पिता अनूप मिश्रा मौके पर पहुंचे और कमरे का ताला तोड़ा। जैसे ही दरवाजा खुला तो अंदर का दृश्य देखकर सभी के होश उड़ गए। रितिक का शव कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही सदर कोतवाल राजेश कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर कमरे की बारीकी से जांच की और जरूरी साक्ष्य जुटाए। पुलिस फिलहाल आत्महत्या के पीछे की असली वजह जानने में जुटी हुई है। पड़ोसियों और परिचितों का कहना है कि रितिक पढ़ाई को लेकर बेहद गंभीर था और डॉक्टर बनने का सपना देख रहा था। उसने 3 मई को कानपुर में नीट की परीक्षा दी थी। परीक्षा के बाद से लगातार पेपर लीक और दोबारा परीक्षा को लेकर चल रही चचाओं से वह काफी परेशान बताया जा रहा था। पड़ोसियों का कहना है कि आजकल प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर छात्रों पर मानसिक दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है, जिसे समझने की जरूरत है। परिजनों के मुताबिक रितिक अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी बड़ी बहन की शादी करीब दो साल पहले हो चुकी है। बेटे की मौत के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## तीन दिन से लापता मासूम का नहर में उतराता मिला शव



सीतापुर। अटरिया थाना क्षेत्र से तीन दिन पहले लापता हुए मासूम का शव गुरुवार को बाराबंकी जनपद के घुंघटेर थाना क्षेत्र में नहर से बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। हाजीपुर गांव के पास बाबागंज-टिकैतगंज नहर में उतराता मिला शव पूरी तरह सड़ चुका था और उससे तेज दुर्गंध उठ रही थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान अटरिया क्षेत्र के डेवहारा गांव निवासी तीन वर्षीय दिव्यांश पुत्र मेवालाल कश्यप के रूप में हुई। वह अपने पिता का इकलौता बेटा था। परिजनों के मुताबिक दिव्यांश मंगलवार को अचानक घर से लापता हो गया था। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला तो अटरिया थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। परिवार ने रिश्तेदारों, गांव, तालाब, नहर और जंगलों तक में खोजबीन की, लेकिन बच्चा नहीं मिला। गुरुवार दोपहर अटरिया पुलिस ने सूचना दी कि घुंघटेर थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव के पास नहर में एक मासूम का शव मिला है। मौके पर पहुंचे पिता मेवालाल कश्यप ने शव की पहचान अपने बेटे दिव्यांश के रूप में की। बेटे का शव देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और मां बदहवास हो गई। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। घुंघटेर थाना प्रभारी अभय कुमार मौर्य ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी। वहीं अटरिया पुलिस गुमशुदगी के आधार पर पूरे मामले की जांच में जुटी है।

## चिल्ड्रेन्स एकेडमी में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। चिल्ड्रेन्स एकेडमी स्कूल में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के टॉपर्स को माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। विद्यालय परिसर में छात्रों की सफलता को लेकर उत्साह का माहौल रहा। विद्यालय की छात्रा अंशिका वर्मा ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। अदिति यादव ने 93 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा तथा श्रेयांशी भसीन ने 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। धैर्य पटेल ने 89.4 प्रतिशत अंक के साथ चैथा, राम जग्गी ने 89 प्रतिशत अंक हासिल कर पांचवां और वृद्धि जैन ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छठा स्थान हासिल किया। इसके अलावा जागृति जग्गी ने 88.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सातवां, अनन्या मिश्रा ने 88.2 प्रतिशत अंक अर्जित कर आठवां, हिमांशु यादव ने 85.8 प्रतिशत अंक हासिल कर 9वां तथा सीधा खातून ने 85.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में दसवां स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में संस्था के प्रबंध निदेशक सतीश कुमार गुप्ता और निदेशक अनुभव गुप्ता ने सभी मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता उनके कठिन परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी मेहनत और लगन के साथ अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिवार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## योग शिविर में विद्यार्थियों को बताये स्वस्थ जीवन के सूत्र



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। ऑक्सफोर्ड मॉडल पब्लिक स्कूल भूतनाथ रोड पर आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर का समापन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को योग, प्राणायाम और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम आयुष विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत आयोजित किया गया। शिविर का आयोजन आयुष मंत्री डॉ. दया शंकर मिश्र दयालु के निर्देश तथा प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार, विशेष सचिव आयुष मदन सिंह गर्ब्याल और उत्तर प्रदेश आयुष सोसायटी की मिशन निदेशक चैत्रा वीजी के निर्देशन में किया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सुमन्त कुमार के मार्गदर्शन और कार्यक्रम प्रबंधक सुरेन्द्र कुमार सिंह के संयोजन में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय गोला के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. डालचन्द के सानिध्य में समापन योग सत्र आयोजित हुआ। योग वेलनेस सेंटर के संविदा योग प्रशिक्षक शशिकांत दीक्षित एवं योग सहायक दीक्षा कुमारी ने विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, मुद्रा और ध्यान का अभ्यास कराया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य आदर्श जायसवाल सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।

## नौ कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। रसूल पनाह में आयोजित नौ कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह में क्षेत्रीय विधायक अमन गिरि मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजकों एवं स्थानीय लोगों ने विधायक का माल्यार्पण कर स्वागत किया। समारोह वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच संपन्न हुआ, जहां नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देकर उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान विधायक अमन गिरि ने श्री सिद्ध बाबा स्थान के महंत बाबा त्रिवेणी गिरि महाराज सहित विभिन्न स्थानों से पहुंचे संतों का माल्यार्पण कर सम्मान किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक ने कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन सामाजिक सहयोग और समरसता का संदेश देते हैं तथा जरूरतमंद परिवारों के लिए सहारा बनते हैं। समारोह में नगर पालिका परिषद गोला के पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू भी मौजूद रहे। इसके अलावा सिद्ध बाबा कमेटी के सदस्य अखिलेश कुमार वर्मा, रमेश चन्द्र वर्मा, शिवचरण वर्मा, श्रीचंद्र वर्मा, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बिजुआ वीरेंद्र भूषण, प्रधान मो. तारिक, गोपालापुर प्रधान सुनील राज, विधायक प्रतिनिधि जवाहर वर्मा, प्रवीण गिरि, संजय सिंह, राजेश वर्मा, धीरेन्द्र सिंह, रामनरेश वर्मा, जोगेंद्र प्रसाद कनौजिया, इरफान खान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इसके बाद विधायक अमन गिरि जोधपुर स्थित चमन मुनि आश्रम पहुंचे, जहां चल रहे यज्ञ में भाग लेकर संतों का आशीर्वाद लिया। उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना।



## शिविर में 54 मरीजों को दिया परामर्श

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। तहसील क्षेत्र के ग्राम अल्लागंज में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सुमंत कुमार के निर्देशन में आयुष आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय जलालपुर की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. निधि वर्मा, फार्मासिस्ट अजीत कुमार सिंह द्वारा किया गया। शिविर में लगभग 54 मरीजों की जांच कर उन्हें निरूशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। डॉ. निधि वर्मा ने बताया कि शिविर में खांसी, दमा, अस्थमा, पीलिया, दाद खाज खुजली और महिलाओं से संबंधित बीमारियों की निरूशुल्क जांच की गई।

**अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या**

संदर्भ संख्या :79 अ.वि.पा.-अपो0/2026-27
दिनांक : 14/05/26

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कार्यालय-अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा 04 सामान्य निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदाओं से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी प्राधिकरण के वेबसाइट www.ayodhya.in के साथ-साथ कार्यालय कार्य दिवस में अभियन्त्रण अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है। निविदाएं प्राधिकरण में पंजीकृत फर्मों की ही मान्य होगी। सामान्य टेण्डर जमा करने की अंतिम तिथि 22.05.2026, अपराहन 04.00PM तक है। टेण्डर डालने से पूर्व टेण्डर कास्ट व अर्नेस्टमनी https://emdada.ayodhyada.in/login Withotp के माध्यम से ऑनलाइन जमा किया जाना ही मान्य होगा।

**सचिव**

## डीएम ने निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया



सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने गुरुवार को आरआरडीसीए कृषि विज्ञान केंद्र कटिया-द्वितीय तथा महिला थाना परिसर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और धीमी गति पर उन्होंने संबंधित कार्यदायी संस्था को कड़ी फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने कृषि विज्ञान केंद्र कटिया-द्वितीय में निमार्णाधीन सेमिनार हॉल, यंत्रशाला, भंडार गृह, थ्रेशिंग फ्लोर, हाइड्रोपोनिक इकाई तथा मुख्य द्वार का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएं। इसके बाद जिलाधिकारी ने महिला थाना के प्रशासनिक भवन में चल रहे सिविल कार्यों और बाउंड्रीवाल निर्माण का भी निरीक्षण किया। कार्यों की प्रगति संतोषजनक न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि तय समय के भीतर निर्माण कार्य पूरे नहीं किए गए तो संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता में कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## निरीक्षण में खुली गौशाला व्यवस्थाओं की पोल



सीतापुर। जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर ने गुरुवार को बिसवां विकास खंड की ग्राम पंचायत तेन्दुआ स्थित अस्थायी गौवंश आश्रय स्थल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पशुओं के पंजीकरण रजिस्टर की जांच की और गौवंशों की वास्तविक संख्या की जानकारी ली। निरीक्षण में कई व्यवस्थाओं को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गौवंशों के लिए भूसा, हरा चारा और पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए, ताकि पशुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। डीएम ने जियोटैगिंग कार्य अधूरा मिलने पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को फटकार लगाई और निर्देश दिए कि जिन गौवंशों की अभी तक जियोटैगिंग नहीं हुई है, उनका कार्य जल्द से जल्द पूरा कराया जाए। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी धर्मेंद्र कुमार समेत संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## 35 साल से मालखाने में बंद राधा-कृष्ण की मूर्ति लौटाने की मांग

सीतापुर। विकासखण्ड एलिया के ग्राम केशवपुर में प्राचीन ठाकुरद्वारा मंदिर की अष्टधातु राधा-कृष्ण मूर्ति को पुनः मंदिर में स्थापित कराने की मांग तेज हो गई है। गुरुवार को अधिवक्ताओं और ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला को ज्ञापन सौंपकर मूर्ति को कानूनी प्रक्रिया से मुक्त कराकर मंदिर में पुनः प्रतिष्ठित कराने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 1991 में ठाकुरद्वारा मंदिर से भगवान राधा-कृष्ण की अष्टधातु मूर्ति चोरी हो गई थी, जिसे बाद में पुलिस ने बरामद कर लिया था। लेकिन करीब 35 साल बाद भी मूर्ति मालखाने में जमा है, जिसके चलते मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन नहीं हो पा रहा है। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की गई कि मालखाने में रखी मूर्तियों को जल्द मंदिर में स्थापित कराया जाए। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि मंदिर का जीर्णोद्धार गांववासी अपने संसाधनों से कराएंगे। इसी मांग को लेकर प्रेमपाल सिंह पम्मू ने 17 मई को ग्राम केशवपुर से लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास तक दंडवत संकल्प यात्रा निकालने की घोषणा की है। इस दौरान अधिवक्ता अतुल सिंह, हरिकरन दीक्षित, राकेश यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पंचायत रेनुकूट, सोनभद्र**

पत्रांक : 09/न.पं.रे./2026-27/
दिनांक : 14.5.2026

**ई-निविदा सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 'मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना' की धनराशि से कार्य कराने हेतु बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर निम्न समय.सारणी के अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है निविदा से सम्बन्धित कार्यों का विवरण नियम एवं शर्तें तथा अन्य समस्त जानकारी बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। जिसे डाउनलोड कर देखा जा सकता है ।

| क्र.सं. | विवरण | तिथि व समय |
|---|---|---|
| 1 | बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता | दिनांक 16.05.2026 को समय अपरान्ह 2.00 बजे से दिनांक 5.06.2026 को समय सांय 5.00 बजे तक |
| 2 | ठेकेदार द्वारा आनलाइन निविदा डाउनलोड/अपलोड करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 5.06.2026 को समय सांय 5.00 बजे तक |
| 3 | ई-टेण्डरिंग निविदा खोलने की तिथि व स्थान | दिनांक 6.06. 2026 को पूर्वान्ह 10.30 बजे। |

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि व नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिये कृपया बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत, रेनुकूट**
**सोनभद्र**

**ममता सिंह**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत, रेनुकूट**
**सोनभद्र**

संक्षेप

## ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार युवक को मारी टक्कर, मौत

**जौनपुर।** मड़ियाहूं तहसील क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। गुरुवार सुबह नेवढ़िया थाना क्षेत्र के हरसिंहपुर गांव में एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही जान चली गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जलालपुर थाना क्षेत्र के सुआरी पसियाही गांव निवासी यश गुप्ता अपने ननिहाल नेवढ़िया थाना क्षेत्र के अहिरौली कुतुपुर गांव में थे। वह स्कूटी से इटाएं बाजार जा रहे थे, तभी हरसिंहपुर गांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि यश गुप्ता की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। परिजनों ने बताया कि यश गुप्ता गुरुवार को ही मुंबई जाने की तैयारी में थे। उनका गोदान एक्सप्रेस का टिकट भी आरक्षित था। उनके माता-पिता मुंबई में रहते हैं। यश अपने दो भाइयों में सबसे बड़े थे और उनकी एक बहन भी है। इस घटना से परिवार में शोक का माहौल है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और नेवढ़िया पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

# अदिति सिंह ने राही ब्लॉक में लगायी ग्राम चौपाल

## सदर विधायक ने मीरगंज के दुर्गा मंदिर में की पूजा-अर्चना



● मछेछर, डीहा, मीरगंज, पूरे टिकई, बिनोहरा में सुनीं जनसमस्याएं, दिये गुणवत्तापूर्ण समाधान के निर्देश

**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने बुधवार को सदर विधान सभा क्षेत्र के राही विकास खंड के गांवों में सघन जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम मछेछर, डीहा, मीरगंज, पूरे टिकई मजरे बिनोहरा एवं बिनोहरा में आयोजित ग्राम चौपालों में सम्मिलित होकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। वहीं माँ दुर्गा मंदिर में पूजा, करके क्षेत्रवासियों के लिए आशीर्वाद मांगा। चौपाल कार्यक्रम के दौरान विधायक अदिति सिंह मीरगंज स्थित प्रसिद्ध माँ दुर्गा मंदिर पहुंचीं। वहां उन्होंने विधि-विधान से माता रानी के दर्शन एवं पूजा-अर्चना की। सदर विधायक ने क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और मंगलमय जीवन की कामना करते हुए कहा कि माता रानी का आशीर्वाद ही उन्हें जनसेवा की ऊर्जा देता है। ग्राम चौपालों के माध्यम से विधायक ने स्थानीय नागरिकों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों ने सड़क, नाली, खड़ंजा, पेयजल, बिजली, राशन, पेंशन और आवास योजना से जुड़ी शिकायतें रखीं। अदिति सिंह ने मौके पर ही विकास कार्यों और केंद्र-प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति का जायजा लिया। विधायक ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को दूरभाष पर समस्याओं से अवगत कराते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध समाधान के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की छोटी से छोटी समस्या का निस्तारण ही सुशासन की पहचान है। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। अदिति सिंह ने कहा, क्षेत्र की जनता के विश्वास, सहयोग और आशीर्वाद से विकास एवं जनसेवा का यह संकल्प निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। मेरी कोशिश है कि सरकार की हर योजना का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचे और हर गांव विकास की मुख्यधारा से जुड़े। इस अवसर पर ग्राम मछेछर, डीहा, मीरगंज, पूरे टिकई और बिनोहरा के ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# पुराने कुएं में 65 वर्षीय बुजुर्ग का उतराता मिला शव

**महाराजगंज, रायबरेली।** चन्दापुर थाना क्षेत्र के दौतरा गांव में गुरुवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब गांव के एक पुराने कुएं में 65 वर्षीय बुजुर्ग का शव उतराता मिला। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में शोक और सन्नाटे का माहौल छा गया। मृतक की पहचान गांव निवासी राम आसरे (65) के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार वह पिछले काफी समय से मानसिक अवसाद और तनाव से जूझ रहे थे। प्रारंभिक तौर पर मामला आत्महत्या का माना जा रहा है।

परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया कि राम आसरे बीते कई महीनों से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहे थे। वह अक्सर गुमसुम रहते थे और धीरे-धीरे लोगों से बातचीत भी कम कर दी थी। परिवार के लोगों का कहना है कि, मानसिक तनाव के चलते उनकी स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही थी। बुधवार देर रात वह अचानक घर से कहीं निकल गए। देर रात तक वापस न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उनकी तलाश शुरू की, लेकिन रातभर उनका कोई सुराग नहीं मिला।

गुरुवार सुबह ग्रामीणों की नजर घर के समीप स्थित पुराने कुएं पर पड़ी, जहां एक शव पानी में उतराता दिखाई दिया। यह दृश्य देखते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान राम आसरे के रूप में की गई। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और पूरे गांव में मातम पसर गया।

सूचना मिलने पर चन्दापुर थाना अध्यक्ष अरविंद सिंह पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद शव को कुएं से बाहर निकलवाया गया। पुलिस ने मौके की जांच-पड़ताल कर शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। थाना अध्यक्ष अरविंद सिंह ने बताया कि, प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है।

घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि, राम आसरे बेहद शांत और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे, लेकिन पिछले कुछ समय से वह मानसिक तनाव में रहने लगे थे। इस दर्दनाक घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है।

# बोर्ड परीक्षा में एसजेएस पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**लालगंज, रायबरेली।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित अंग्रेजी माध्यम शिक्षण संस्थान एस.जे.एस. पब्लिक स्कूल लालगंज ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट शैक्षिक परंपरा को कायम रखते हुए सीबीएसई बोर्ड कक्षा 12 के परीक्षा परिणाम में शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। हाई स्कूल की तरह इंटर में भी एस जे एस के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तहसील लालगंज क्षेत्र में अपनी धाक जमाई है। प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने बताया कि घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार आभास यादव ने 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। रीमा यादव 91.40 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान पर रहीं तथा हिमांशु ने 90.80 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के कुल 33 छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर विशेष योग्यता प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। एस.जे.एस. ग्रुप्स आफ स्कूल के चेयरमैन रमेश बहादुर सिंह ने इस शानदार सफलता के लिए छात्रों एवं अध्यापकों को बहुत-बहुत बधाई दी। प्रबंधक अम्रज सिंह एवं सह-प्रबंधिका डॉ. अनुश्री सिंह ने इस उत्कृष्ट परिणाम का श्रेय छात्रों की मेहनत और समर्पण को दिया। वहीं प्रधानाचार्या अंजू सिंह ने शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को इस सफलता का आधार बताया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




## भीषण तूफान से हुई जन-धन की हानि के संबंध में आर्थिक सहायता दें : अतुल सिंह

**रायबरेली।** कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने जिलाधिकारी रायबरेली को ज्ञापन देकर मांग किया कि विधानसभा क्षेत्र ऊंचाहार में आए भीषण तूफान एवं चक्रवात के कारण भारी तबाही हुई है। इस प्राकृतिक आपदा के चलते क्षेत्र में सैकड़ों बिजली के खंभे उखड़ गए हैं, बड़े पेड़ गिर गए हैं और कई ग्रामीणों के मकान व टीन शेड क्षतिग्रस्त हो गए हैं। तूफान के प्रभाव से वर्तमान में संपूर्ण क्षेत्र का जनजीवन अस्त-व्यस्त है। मुख्य मार्ग अवरुद्ध होने के कारण आवागमन बाधित है और दर्जनों गांवों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठप पड़ी है, जिससे आम जनता को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मृतकों के परिजनों एवं घायलों को ह्यदैवीय आपदा राहत कोषह्य के अंतर्गत अविलंब उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। ?राजस्व विभाग की टीम भेजकर फसलों और मकानों के नुकसान का त्वरित सर्वे कराया जाए। ?अवरुद्ध मार्गों को साफ करवाकर आवागमन सुचारू किया जाए तथा विद्युत विभाग को युद्ध स्तर पर बिजली बहाली हेतु निर्देशित किया जाए।

# डीएम के आदेश पर खाद्यान्न अनियमितता करने पर चार विरुद्ध प्राथमिकी

**आजमगढ़।** डीएम के निर्देश के क्रम में विकास खंड बिलरियागंज, तहसील-सगड़ी में सिंगल स्टेज परिवहन ठेकेदार ब्लाक गोदाम बिलरियागंज भीमसेन यादव परिवहन एवं हैण्डलिंग ठेकेदार 301 सिविल लाइंस आजमगढ़ का ट्रक बिलरियागंज विकास खंड के दुल्लहपार अण्डरपास के नजदीक ट्रक संख्या यूपी 93 टी 4551 को रोका गया मौके पर जिला पूर्ति अधिकारी आजमगढ़, एसडीएम सगड़ी, संबंधित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय पाया गया कि ट्रक संख्या यूपी 93 टी 4551 में कुल 9 विक्रेताओं का खाद्यान्न (गेंहू) एफसीआई चकवल से लोड हुआ था। जिसमें से 07 विक्रेताओं का खाद्यान्न (गेंहू) उतार दिया गया था। शेष दो विक्रेताओं का खाद्यान्न (गेंहू) उतारा जाना अवशेष था। जिसकी मात्रा लगभग 36.00 कुंतल (72 बोरी) गेंहू होना चाहिए, किन्तु जांच के समय ट्रक संख्या यूपी 93 टी 4551 में कुल 28.50 कु0 (57 बोरी) गेंहू पाया गया, जो निर्धारित मात्रा से 7.50 कु० कम था। जिसके क्रम में पूर्ति निरीक्षक बिलरियागंज द्वारा डीएम के अनुमोदन के अनुपालन में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत थाना कन्धरापुर में भीमसेन यादव परिवहन एवं हैण्डलिंग ठेकेदार 301 सिविल लाइन्स आजमगढ़ एवं उनके प्रतिनिधि मनबोध यादव तथा ट्रक ड्राईवर अनिल के विरूद्ध प्रथम सुचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। ट्रक में लदे हुए खाद्यान्न को उचित दर उचित दर विक्रेता योगेश कुमार ग्राम पंचायत-मिरिया रेहडा की दुकान पर ट्रक संख्या यूपी 93 टी 4551 का 22.50 कुंतल (टीसीडीसी के अनुसार) गेंहू उतारने के लिए मनरेगा अन्नपूर्णा भवन पर लाया गया तथा दुकान विक्रेता योगेश कुमार से खुलवाई गई, दुकान खुलने पर विक्रेता की दुकान पूर्ण रूप से खाली पायी गयी। 13 मई 2026 को सायं 6:30 बजे विक्रेता की दुकान में कुल खाद्यान्न अवशेष एवं जून, 2026 के उठान मात्रा सहित 6.38 कु0 गेंहू एवं 87.81 कु० चावल होना चाहिए, कुल स्टॉक के सापेक्ष विक्रेता की दुकान में 06 बोरी चावल (3 कु०) एवं केवल 2 बोरी गेंहू (1 कु०) ही प्राप्त हुआ, जिससे स्पष्ट है कि विक्रेता की दुकान में 84.81 कु0 चावल एवं 5.38 कु० गेंहू कम पाया गया, जिसमें कुल खाद्यान्न 90.19 कु० कम पाया गया, जो उप्र आवश्यक वस्तु (विक्रय एवं वितरण के नियन्त्रण का विनियमन) आदेश 2016 का स्पष्ट उल्लंघन है। डीएमके अनुमोदन आदेश 13 मई 2026 के अनुपालन में बरती गयी अनियमितताओं के दृष्टिगत उचित दर विक्रेता योगेश कुमार ग्राम पंचायत-मिरिया रेहडा, विकास खण्ड-बिलरियागंज, तहसील-सगड़ी, आजमगढ़ के भी विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत थाना कंधरापुर मे प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

# एनटीपीसी ऊंचाहार में बालिका सशक्तीकरण अभियान का डीएम ने किया भव्य शुभारंभ



**रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार में बालिका सशक्तिकरण अभियान के नए सत्र का भव्य शुभारंभ हुआ। डीएम सरनीत कौर ब्रोका ने दीप प्रज्ज्वलित करके समारोह का उद्घाटन किया। परियोजना प्रमुख बिस्व मोहन सिंह ने जिलाधिकारी का स्वागत करते हुए प्रोग्राम की रूपरेखा बताई और कहा कि यह अभियान पूरी एनटीपीसी संस्था में चलाया जा रहा है। अब तक अठारह हजार से अधिक बालिकाओं को इस अभियान से लाभान्वित किया गया है। अकेले ऊंचाहार परियोजना में छह सौ से अधिक बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। इस सत्र में 144 ग्रामीण बालिकाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य है। डीएम ने बच्चियों के साथ मिलकर केक काटा और शुभकामनाएं दीं। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने एनटीपीसी के इस प्रोग्राम को उत्कृष्ट पहल बताते हुए भूरि भूरि सराहना की। बालिकाओं और अभिभावकों से अपील की कि एनटीपीसी द्वारा मिले मंच और अवसर का लाभ उठाएं तथा अपने सपनों को साकार करें। इस अवसर पर परियोजना के महाप्रबंधक प्रचालन व अनुरक्षण आशुतोष बिस्वास, दिलीप कुमार साहू, एस यू हरिदास, मानव संसाधन प्रमुख पंकज कुमार, सभी विभागाध्यक्ष, यूनियन एवं एसो. के अध्यक्ष, महासचिव, प्रधानगण, प्रियदर्शिनी महिला क्लब की अध्यक्षा रश्मि देबाता एवं अन्य पदाधिकारी, सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिकारी तथा एसडीएम ऊंचाहार विवेक राजपूत की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। वरिष्ठ प्रबंधक सी एस आर स्नेहा त्रिपाठी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

मानव संसाधन प्रमुख पंकज कुमार ने बताया की जेम में भाग लेने वाली बालिकाओं के प्रशिक्षण के साथ साथ उनके रहने एवं खाने की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। इसके अलावा प्रशिक्षण पूरा होने के उपरांत श्रेष्ठतम प्रदर्शन करने वाली 15 बालिकाओं को एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा परिसर स्थित डीएवी स्कूल मे कक्षा 6 से 12 तक की शिक्षा का पूरा खर्च वहन किया जाएगा। इस अभियान के लिए आसपास के गावों के अभिभावकों ने एनटीपीसी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## हर घर जल योजना से बदली तस्वीर, शेरपुर पारस रामपुर में घर-घर पहुंचा स्वच्छ पेयजल

**सुलतानपुर (वीओएल)।** केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत सुलतानपुर जनपद के विकास खंड पीपी कमैचा की ग्राम पंचायत शेरपुर पारस रामपुर में हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का सपना अब साकार हो चुका है। योजना के सफल संचालन से गांव के लोगों को बड़ी राहत मिली है और अब ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के लिए दूर-दराज भटकना नहीं पड़ रहा है। ग्राम पंचायत शेरपुर पारस रामपुर में हर घर जल योजना के तहत कुल 235 एफएचटीसी (फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन) दिए गए हैं। इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर लगभग 205.61 लाख रुपये की लागत से कार्य कराया गया। योजना के अंतर्गत गांव में पाइप लाइन बिछाने, ओवरहेड टैंक निर्माण, जलापूर्ति व्यवस्था तथा घर-घर नल कनेक्शन उपलब्ध कराने का कार्य पूरा किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि पहले गर्मी के मौसम में पानी की भारी समस्या रहती थी। हैंडपंपों द्वारा भी पानी की आपूर्ति मुश्किल हो जाती और कई बार दूषित पानी के कारण बीमारियों का खतरा बना रहता था। लेकिन अब घरों तक स्वच्छ जल पहुंचने से लोगों को काफी सुविधा मिली है। महिलाओं और बच्चों को विशेष राहत मिली है क्योंकि अब उन्हें पानी भरने के लिए दूर नहीं जाना पड़ता। गांव के लोगों ने सरकार की इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण जीवन स्तर में सुधार आया है। स्वच्छ जल मिलने से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में भी कमी आने की उम्मीद है।

## समर्पण दिवस पर भावपूर्ण सत्संग का आयोजन

**जौनपुर।** संत निरंकारी मिशन द्वारा बाबा हरदेव सिंह की स्मृति में मड़ियाहूं पड़ाव स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन व जनपद के 42 ब्रांचों में समर्पण दिवस पर भावपूर्ण सत्संग का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सतगुरु माता सुदीक्षा के पावन संदेशों को बताते हुए स्थानीय मीडिया सहायक उदय नारायण जायसवाल ने बताया कि बाबा का सम्पूर्ण जीवन मानवता, सेवा व प्रेमा भक्ति का दिव्य उदाहरण रहा। उन्होंने प्रेरित किया कि मानव जीवन का प्रत्येक क्षण सार्थक बने और हर पल इंसानियत, करुणा एवं मानवीय मूल्यों का प्रमाण प्रस्तुत करे। बाबा जी ने सदैव यही शिक्षा दी कि प्रत्येक व्यक्ति अपने भीतर मानवीय गुण विकसित कर निराकार का आसरा लेते हुए सार्थक एवं उद्देश्यपूर्ण जीवन जीयें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मदुआपुर विकास खण्ड खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर**

पत्रांक-मेमो/निविदा/सामग्री-वर्ष 2026-27

अल्पकालीन निविदा आपूर्ति सूचना

ग्राम पंचायत मदुआपुर विकास खण्ड खेसरहा द्वारा महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/ तेरहवां वित्त/चौदहवां वित्त/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2026-27 में स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईंट, इण्टर लाकिंग ईंट, बालू सीमेन्ट, मोरंग, सरिया, पेन्ट, बायरिंग, पत्थर, बोर्ड, ईंट का टुकड़ा, पत्थर की गिट्टी, हैण्डपम्प मरम्मत में प्रयुक्त सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 16.05.2026 को 02.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय मदुआपुर के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा दिनांक 16.05.2026 को 04.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेंगी। धरोहर की राशि मु.-5000/-रुपये (पाँच हजार) होगी।

**नियम व शर्तें:-**

1. जिम आपूर्ति की दर सबसे कम होगी उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स मे रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देना हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है, तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्स संलग्न करना होगा।
3. ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।
5. प्रस्तुत दरें बैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत/ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी या बढ़ायी जा सकती है।
8. प्रस्तुत दरें पी0डब्लू0डी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य, बीडीसी, जिला पंचायन, तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं किये जायेंगे। उक्त आशय की नोटरी, शपथपत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा।
13. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जायेगा।
14. धरोहर की धनराशि नकद, राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं डाकघर वचन पत्र के रूप में ग्राम पंचायत मदुआपुर के नाम बन्धक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत मदुआपुर कार्यालय में ग्राम प्रपत्र जिसका मूल्य 100 रूपया है, पर ही स्वीकार किया जायेगा।
17. सामाग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्तें व अन्य जानकारी किसी भी कार्यदिवस में ग्राम पंचायत मदुआपुर के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**श्रीमती अल्का सिंह**
**प्रधान**
**ग्राम पंचायत मदुआपुर**
**सिद्धार्थनगर।**

**विजय शंकर यादव**
**सचिव**
**ग्राम पंचायत मदुआपुर**
**सिद्धार्थनगर।**

# नीट यूजी पेपर लीक के विरोध में एसएफआई का प्रदर्शन, शिक्षा मंत्री का फूंका पुतला




**सुलतानपुर (वीओएल)।** स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की जिला इकाई ने गुरुवार को बस स्टैंड के सामने नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया।

प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि एनटीए लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी ढंग से कराने में विफल रही है। एसएफआई कार्यकताओं ने नीट यूजी परीक्षा रद्द होने के बाद छात्रों में फैली निराशा और मानसिक तनाव को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। संगठन ने एनटीए को भंग करने तथा शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की। जिला सचिव दुर्गेश यादव ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कई राष्ट्रीय परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे छात्रों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। वहीं जिला अध्यक्ष सलिल धुरिया ने कहा कि लाखों छात्रों की मेहनत पर इस तरह की घटनाओं से पानी फिर जाता है और युवाओं का शिक्षा व्यवस्था से विश्वास कमजोर होता है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने शिक्षा व्यवस्था में सुधार और परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाने की मांग उठाई। इस मौके पर आशीष कुमार, जयप्रकाश, सूरज यादव, राहुल रावत सहित बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे।

## तीन महीने से फटी है पाइपलाइन

**जौनपुर।** प्रदेश सरकार जहां एक-एक बूंद पानी बचाने के लिए जल शक्ति अभियान चला रही है, वहीं केराकत नगर पंचायत की लापरवाही के चलते रोजाना हजारों लीटर शुद्ध पेयजल नालियों में बह रहा है। मामला नगर के शेखजादा मोहल्ले का है, जहां (गडही के पास) मुख्य पाइपलाइन पिछले तीन महीने से क्षतिग्रस्त है। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण घरों में लगे नलों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। लोगों को एक बाल्टी पानी भरने में भी काफी समय लग रहा है, जिससे मोहल्लेवासियों में भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि इस तरह से नगर वासियो के साथ 35 से 40 वर्षों में कभी पानी की समस्या नहीं आयी थी ! हम नगर वासियो के दिल के अरमां आसूवों में बह गये ! हम केराकत नगर वासी झूठे वादों में फंस गये ! जो अब हम लोगों को पछतावा हो रहा है ! खैर मनमानी की भी एक सीमा होती है कुछ समय बीत गये कुछ ही समय शेष है।

## डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय गोशाला अनुश्रवण मूल्यांकन समीक्षा समिति की बैठक संपन्न



**रायबरेली।** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में जनपद में संचालित गोवंश आश्रय स्थलों के संचालन एवं प्रबंधन को लेकर जिला स्तरीय गोशाला अनुश्रवण मूल्यांकन समीक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में शासन द्वारा चयनित निजी स्वयं सहायता समूहों को गोवंश आश्रय स्थलों के संचालन एवं प्रबंधन हेतु अनुबंधित किए जाने के संबंध में विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। साथ ही अनुबंध से पूर्व आवश्यक नियम एवं शर्तों पर समिति के सदस्यों द्वारा चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गोवंश आश्रय स्थलों के संचालन में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं शासन की मंशा के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, जिससे गोवंशों के संरक्षण एवं बेहतर देखभाल की व्यवस्था प्रभावी रूप से संचालित हो सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप द्विवेदी, उप निदेशक कृषि विनोद कुमार सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री श्री रविशंकर के जन्मदिवस पर भव्य सत्संग



● तीन विभूतियां हुईं सम्मानित

**सुलतानपुर (वीओएल)।** आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मदिवस के अवसर पर पंडित राम नरेश त्रिपाठी सभागार में भव्य सत्संग एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आर.ए. वर्मा, सुमन सिंह एवं प्रशिक्षिका पल्लवी वर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्यों ने भजन प्रस्तुत कर आध्यात्मिक माहौल बनाया। इस अवसर पर समाज में प्रेरणादायक कार्य करने वाले तीन लोगों को अनसंग हीरोज अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। रक्तदान और सामाजिक सेवा के लिए अभिषेक सिंह, मानसिक दिव्यांग बच्चों के उत्थान के लिए कार्यरत रिशा वर्मा तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली धावक श्वेता मिश्रा को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रंजना सिंह ने किया। इससे पूर्व आर्ट ऑफ लिविंग के युवाओं ने गोमती हॉस्पिटल स्थित रक्तकोष में रक्तदान भी किया। समारोह में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, चिकित्सक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हिस्ट्रीशीटर ने खुद को मारी गोली, गांव में सनसनी

**सुलतानपुर (वीओएल)।** कोतवाली नगर क्षेत्र के पलहीपुर गांव में गुरुवार दोपहर एक युवक द्वारा खुद को गोली मारकर आत्महत्या किए जाने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 26 वर्षीय देवी प्रसाद यादव उर्फ राणा यादव के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में शोक और दहशत का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि राणा यादव घर के बगल स्थित बाग में गया था, जहां उसने खुद को गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो युवक खून से लथपथ पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक लंबे समय से पेट की गंभीर बीमारी से परेशान था और मानसिक तनाव में चल रहा था। पुलिस के अनुसार घटनास्थल से 32 बोर की पिस्टल और खाली मैगजीन बरामद हुई है। फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। मामले में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मृतक पूर्व में आपराधिक मामलों में नामजद रह चुका था। वहीं अवैध हथियार से आत्महत्या की घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक के पास हथियार कैसे पहुंचा, इसकी गहन जांच होनी चाहिए। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर अवैध हथियार के स्रोत का पता लगाने में जुटी हुई है।

## तालाब खुदाई में जेसीबी चलाने का आरोप ग्रामीण ने ग्राम विकास आयुक्त से की शिकायत

**सुलतानपुर (वीओएल)।** दूबेपुर विकासखंड के करमपुर परवरभार गांव में तालाब खुदाई को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। गांव निवासी जगन्नाथ मौर्य ने ग्राम विकास आयुक्त लखनऊ को शिकायती पत्र भेजकर ग्राम पंचायत में अनियमितता और अधिकारियों पर मामले को दबाने का आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि एक मार्च 2025 की रात ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी और रोजगार सेवक की मौजूदगी में मनरेगा कार्य के तहत मजदूरों के स्थान पर जेसीबी मशीन से तालाब की खुदाई कराई गई। ग्रामीणों के अनुसार मनरेगा योजना में मशीनों के प्रयोग पर रोक है और मजदूरों से कार्य कराने का स्पष्ट प्रावधान है। मामले की शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर किए जाने के बाद खंड विकास अधिकारी की ओर से कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि जवाब में बताया गया कि थाने में तहरीर दे दी गई है, लेकिन बाद में सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी में थाने ने किसी भी शिकायत पत्र के प्राप्त होने से इनकार कर दिया। ग्रामीण ने आरोप लगाया कि मामले में संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने ग्राम विकास आयुक्त से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

संक्षेप

## मारपीट के मामले में डेढ़ दर्जन लोगों पर मुकदमा दर्ज

**भटनी(देवरिया)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक स्कूल के पास हुई मारपीट की घटना में ज्ञात व अज्ञात कुल 17लोगो के विरुद्ध भटनी थाने में मारपीट का मुकदमा पुलिस ने दर्ज किया है ।इस सम्बन्ध मे ग्राम बलुआअफगान निवासी रोहित गुप्ता पुत्र हंशनाथ गुप्ता द्वारा थाने में दिये गये तहरीर में लिखा गया है कि क्षेत्र के एक व्यक्ति द्वारा एक स्कूल पर बातचीत करने के लिए फोन से बुलाया गया ।गाँव के कुछ सम्भ्रान्त लोगो के साथ वहां गया ।बातचीत के बाद चाय पीकर अपने घर जा रहा था ।200मीटर की दूरी पर अभी पहुँचा ही था कि पीछे से दोडा कर लोग मारने पीटने लगे ।ग्रामीणों ने मेरी जान किसी तरह से बचायी । लगातार जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है ।उलटी भी हो रही है ।अपना उपचार भी नही करा पा रहा हुँ ।मारने पीटने वालो में सात लोगों पहचानता और जानता हुँ 10लोगो को पहचान नही पाया ।

# सभी अधिकारी एक - एक टीबी मरीज को लें गोद

जिला संवाददाता



**देवरिया**। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य

- तहसील और थाना समाधान दिवस में आयुष्मान कार्ड हेतु लगेगा शिविर: डीएम
- मेहनत से करें काम, लोगों का जीते विश्वास

विभाग की सभी योजनाएं प्रभावी ढंग से जन-जन तक पहुंचनी चाहिए तथा मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए ।कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड बनाए जाने एवं उसके उपयोग की समीक्षा करते हुए पात्र सभी लोगों का कार्ड बनाने पर जोर दिया। उन्होंने प्रत्येक ब्लॉक में 50 आयुष्मान कार्ड धारकों के उपयोग का सत्यापन कराने के निर्देश देते हुए कहा कि यह जानकारी ली जाए कि लाभार्थियों को कौन सी बीमारी थी और उपचार में कितना खर्च हुआ। जिलाधिकारी ने आयुष्मान योजना के अंतर्गत जनपद स्तर पर हुए खर्च का भी ब्यौरा तलब किया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्य प्रणाली में सुधार लाया जाए तथा तहसील दिवस एवं थाना दिवस में आयुष्मान कार्ड शिविर लगाकर अधिक से अधिक लोगों को योजना से जोड़ा जाए। जननी सुरक्षा योजना के भुगतान की समीक्षा करते हुए सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को इसका प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को तैनाती स्थल पर रहकर सजगता के साथ दायित्व निर्वहन करने को कहा। उन्होंने चेतावनी दी कि अनुपस्थित पाए जाने पर संबंधित का वेतन रोका जाएगा। उन्होंने सभी योजनाओं में वास्तविक एवं सही रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी दशा में फर्जी आंकड़े बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। आशा विजिट बढ़ाने एवं उसके प्रभावी अनुश्रवण के भी निर्देश दिए गए।

बैठक में गर्भवती महिलाओं की आवश्यक जांच के लिए जरूरी उपकरणों की खरीद सुनिश्चित करने तथा उसका भुगतान रिवॉल्विंग फंड से किए जाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्रों पर सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध होने चाहिए। गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने पर भी जोर दिया गया। जिलाधिकारी ने आरबीएसके की टीमों को पूरी सक्रियता के साथ कार्य करने तथा उनके भ्रमण की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अगली बैठक में स्वास्थ्य विभाग की प्रगति में स्पष्ट सुधार दिखाई देना चाहिए। उन्होंने ट्रिपल ए यानी आशा, आंगनबाड़ी एवं एएनएम को समन्वय के साथ कार्य करने पर बल दिया। मातृ-शिशु कार्ड के प्रत्येक कॉलम को सही ढंग से भरने तथा आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्ताओं की ड्यू लिस्ट समान रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मी जनता का विश्वास जीतने के लिए मेहनत करें, ताकि लोग स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें।

बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद, तहसील एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को एक-एक टीबी मरीज गोद लेने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी गोद लिए मरीजों के उपचार, दवा एवं पोषण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. गुप्ता, मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रजनी पटेल, सीएमएस डॉ. एच.के. मिश्रा, चंद्रप्रकाश त्रिपाठी, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, डीपीएम, बीपीएम, बीसीपीएम सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बिना परमिट संचालित स्कूल वाहनों पर प्रशासन सख्त, 10 वाहनों का चालान

**देवरिया**। परिवहन आयुक्त उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जनपद में बिना वैध परमिट अथवा परमिट अवधि समाप्त होने के बावजूद संचालित विद्यालय वाहनों के विरुद्ध सघन प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 13 मई को परिवहन विभाग द्वारा 10 विद्यालय वाहनों का चालान किया गया, जबकि दो बसों को संबंधित थाने में निरुद्ध कराया गया प्रशासन द्वारा संबंधित विद्यालयों के विरुद्ध मान्यता निरस्तीकरण की कार्रवाई भी प्रक्रिया में है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बच्चों की सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन विद्यालयों को नोटिस जारी किए जाने के बावजूद उनके वाहनों का परमिट प्राप्त नहीं कराया गया है, उनके विरुद्ध कड़ी प्रवर्तन कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय वाहन संचालन में सभी सुरक्षा मानकों एवं परिवहन नियमों का अनिवार्य रूप से पालन कराया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को नियमित जांच अभियान चलाने तथा बिना परमिट एवं नियम विरुद्ध संचालित वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इस संबंध में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

## ई-लॉटरी के माध्यम से कृषकों का चयन, चयनित किसानों को भेजा गया एसएमएस

**देवरिया**। शासन के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत गुरुवार को गांधी सभागार, विकास भवन देवरिया में बीज वितरण हेतु ऑनलाइन बुकिंग कराने वाले कृषकों की ई-लॉटरी मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न कराई गई। ई-लॉटरी के माध्यम से कैंचा, उड़द, मूंग एवं धान बीज मिनीकिट के लिए कृषकों का चयन किया गया। विकास खंड गौरीबाजार एवं भलुअनी में ढैंचा बीज तथा विकास खंड भलुअनी एवं भागलपुर में उड़द एवं मूंग बीज मिनीकिट हेतु चयन प्रक्रिया पूरी की गई। उप निदेशक कृषि सुभाष मौर्य ने बताया कि ई-लॉटरी में चयनित कृषकों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से सूचना भेज दी गई है। चयनित किसानों से अपील की गई है कि वे निर्धारित समय पर अपने निकटवर्ती राजकीय कृषि बीज भंडार पर बुकिंग रसीद प्रस्तुत कर बीज प्राप्त कर ले ई-लॉटरी कार्यक्रम के दौरान जिला कृषि अधिकारी, डॉ. मान्धाता सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र के अम्बरीश मिश्रा, अपर जिला कृषि अधिकारी, राघवेंद्र शाही सहित अन्य प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

## बारहवीं परीक्षा परिणाम में विद्या मंदिर ने लहराया परचम

जिला संवाददाता

**देवरिया**। नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर देवरिया के छात्रों ने सीबीएसई बोर्ड की बारहवीं परीक्षा परिणाम में अपना परचम लहराया है शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ ही विद्यालय के छात्रों ने अपने अपने विषय वर्ग में उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर विद्यालय और अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। बारहवीं परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद ही सफल छात्रों के घरों पर शुभकामनाएं देने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है। विद्यालय के छात्र अमित कुमार ने जहां जीव विज्ञान

- सम्मान पाकर छात्रों के खिले चेहरे..
- अमित बने टापर

वर्ग में 96%, मधुरेश सिंह ने 94%, श्रेष्ठ पोद्दार ने वाणिज्य वर्ग में 93%, व प्रियांश गर्ग, यश पांडेय, आदित्य जायसवाल ने गणित वर्ग में 91% अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। बीस से अधिक छात्रों ने 81% से अधिक अंक प्राप्त किया है। जो कि रिकार्ड है। बताते चलें कि दसवीं बोर्ड की परीक्षा में जनपद में स्थान बनाने वाले छात्र भैया शौर्य बर्नवाल और ओम कुमार 96%, आयांश चंद्र, सत्यम, अनंत द्विवेदी, प्रांशु मिश्रा, सौम्य कुमार ने 94%, भैया यशवर्द्धन सिंह, आदित्य शर्मा, अमर्त्य विजय, नवनीत सिंह ने 93% अंक प्राप्त किया है। तीस से भी अधिक छात्रों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है ।इस अवसर पर विद्यालय के माधव सभागार में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा बारहवीं में उच्च अंक प्राप्त अर्पित कुमार श्रीवास्तव, संस्कार श्रीवास्तव, सुर्यांश तिवारी, नैतिक गुप्ता, आयु दीक्षित, अविरल प्रताप, आदर्श बर्नवाल, सर्वेश चौरसिया, विनित चौहान, आकाश कुमार गुप्ता, आदित्य चौरसिया व कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा के टापर भैयाओं को विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री मुन्नीलाल शर्मा जी और प्रधानाचार्य श्री मान बहादुर सिंह जी ने माला पहनाकर सम्मानित किया। और मिठाई खिलाकर खुशियां बांटी। इस अवसर पर उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए श्री शर्मा जी ने कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन और संकल्प को स्वाध्याय के संस्कार व्यवहार से जोड़ कर कठिन से कठिन परीक्षा को आसानी से उत्तीर्ण किया जा सकता है। यह सफलता आपकी जिम्मेदारी को और गुरुतर बनाती है। यह सफलता न केवल आपके लिए प्रेरक है बल्कि विद्यालय के सभी छात्रों के लिए उत्साहवर्धक है। सफल छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मान बहादुर सिंह जी ने कहा कि विद्यालय परिवार आप सभी के लिए शुभकामना व्यक्त करता है और यह भी आशा करता है कि जीवन के हर क्षेत्र में अपने कार्य शैली से समाज के हर वर्ग को सकारात्मक सहयोग देंगे जिससे विद्या भारती की सर्वश्रेष्ठ नागरिक निर्माण की संकल्पना सार्थक हो।

इस अवसर पर विद्यालय के उपप्रधानाचार्य श्री यजुवेंद्र त्रिपाठी , अखिलेश दीक्षित , जितेन्द्र मिश्र, अक्षयवर त्रिपाठी, देवेंद्र प्रजापति, प्रेम विकास, हृदय लाल सिंह, पियुष त्रिपाठी, करूणेंद्र मिश्रा, मनोज नायक, बिक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने की बाल विकास समिति एवं वन स्टॉप सेंटर की गतिविधियों की समीक्षा

जिला संवाददाता

**देवरिया**। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में बाल विकास समिति एवं वन स्टॉप सेंटर की कार्यगत गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने बाल विवाह, बाल श्रम एवं महिला अपराध से जुड़े मामलों पर गंभीरता के साथ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि बाल विवाह की रोकथाम के लिए सभी संबंधित विभाग पूरी सक्रियता एवं समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि बाल विवाह का मूल कारण अशिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता की कमी है।

ऐसे में बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा उन्हें विद्यालयों में प्रवेश दिलाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया जाए ।उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि बाल विवाह की संभावित घटनाओं की समय रहते पहचान कर उन्हें रोका जाए तथा संबंधित परिवारों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके ।

बैठक में जिलाधिकारी ने होटल, ढाबों, ईंट-भट्ठों एवं अन्य प्रतिष्ठानों में बाल श्रम की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों पर नियमित जांच अभियान चलाकर बाल श्रम में संलिप्त बच्चों को चिन्हित किया जाए तथा उन्हें आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में दाखिला दिलाया जाए। साथ ही उनके पुनर्वास एवं अनुश्रवण की भी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने बाल न्यायालय में लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति भी उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि महिला अपराध एवं बाल अपराध से संबंधित मामलों का थाना स्तर पर विस्तृत विवरण तैयार रखा जाए तथा नियमित रूप से उसकी समीक्षा की जाए उन्होंने महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर समग्र रणनीति के तहत कार्य करने पर जोर देते हुए कहा कि अपराधों की रोकथाम के लिए निरंतर निगरानी एवं जनजागरूकता अभियान चलाए जाएं।

जिलाधिकारी ने वन स्टॉप सेंटर एवं चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के लिए भवन निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आश्रम पद्धति विद्यालय के प्रस्ताव तैयार किए जाने पर भी बल दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) रामशंकर, जिला प्रोबेशन अधिकारी, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की अध्यक्ष सावित्री राय, सदस्य विवेकानंद एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नपाप अध्यक्ष के प्रतिनिधि ने की ई-रिक्शा की सवारी, दिया ऊर्जा संरक्षण का संदेश



**कुशीनगर**। जिले के फाजिलनगर में गुरुवार को आयोजित नगर पंचायत अध्यक्ष शपथग्रहण समारोह के दौरान एक प्रेरणादायक पहल चर्चा का विषय बनी रही। कुशीनगर नगरपालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल अपने सहयोगियों के साथ कुशीनगर से फाजिलनगर तक ई-रिक्शा से यात्रा कर समारोह में शामिल होने पहुंचे। उनकी इस पहल को लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के संदेश से प्रेरित कदम बताया ।फाजिलनगर पहुंचने पर क्षेत्रीय भाजपा विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने राकेश जायसवाल और उनके सहयोगियों के इस पहल को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा बचत और वैकल्पिक साधनों का उपयोग वर्तमान समय में राष्ट्रहित से जुड़ा विषय है तथा सभी को इस दिशा में आगे आना चाहिए ।कुशीनगर नगरपालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने कहाकहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान से प्रेरित होकर उन्होंने ई-रिक्शा से यात्रा की है। उन्होंने कहा कि छोटी दूरी के लिए वैकल्पिक साधनों का उपयोग करने से ईंधन की बचत के साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। यह एक छोटा प्रयास है, लेकिन इससे समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा।

# डीएम ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों संग की परिचयात्मक बैठक

जिला संवाददाता



**देवरिया**। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्ट्रेट एवं दीवानी के बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ परिचयात्मक बैठक आहूत की। बैठक में उन्होंने अधिवक्ताओं से संवाद करते हुए न्यायिक एवं राजस्व संबंधी व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी एवं सुचारु बनाने पर चर्चा की।

जिलाधिकारी ने कहा कि बार एवं बेंच के बीच बेहतर समन्वय एवं निरंतर संवाद की स्थिति से ही फरियादियों को त्वरित एवं प्रभावी न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि न्यायालयों का नियमित संचालन होने पर ही सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे तथा अधिक से अधिक लोगों को समयबद्ध न्याय मिल सकेगा।

बैठक के दौरान अधिवक्ताओं द्वारा विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि कुछ समस्याओं का समाधान तात्कालिक रूप से कराया जा सकता है। उन्होंने शौचालय, रिकॉर्ड रूम एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं में शीघ्र सुधार लाने का आश्वासन दिया।

जिलाधिकारी ने राजस्व वादों के निस्तारण में हो रहे विलंब के संबंध में कहा कि लंबित मामलों की सूची तैयार कर उनका नियमित अनुश्रवण कराया जाएगा, जिससे शीघ्र ही सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे।

उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं के साथ सम्मानजनक एवं विनम्र व्यवहार सुनिश्चित किया जाए। अधिवक्ता न्याय दिलाने की प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और बार एवं बेंच एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। दोनों के बीच बेहतर समन्वय एवं संवाद बना रहेगा तो जनपद में न्याय व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। जिलाधिकारी ने इन समस्याओं के समाधान हेतु प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी वी.के. सिंह, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) प्रेम नारायण सिंह एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) रामशंकर, डीजीसी नवनीत मालवीय उपस्थित रहे।

बैठक में अधिवक्ताओं में प्रमुख रूप से प्रीतम मिश्र, मनोज मिश्रा, सिंहासन गिरी, अर्जुन यादव, प्रियंका त्रिपाठी, दिनेश त्रिपाठी, रामनगीना यादव, शबाना खातून, शिवशंकर शर्मा, जयदीप गुप्ता, ओमप्रकाश मिश्रा, शक्तिधर पाण्डेय, गिरीश शाही, रामानुज शुक्ला, सुशील मिश्रा, संत शरण त्रिपाठी, संदीप मिश्रा, राकेश कुमार मिश्रा सहित अन्य अधिवक्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सुनीता शाही ने ली नगर पंचायत अध्यक्ष पद की शपथ



**कुशीनगर**। जिले के फाजिलनगर में गुरुवार को नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनीता शाही का शपथग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कस्बे के पावानगर महावीर इंटर कॉलेज परिसर में आयोजित समारोह में तमकुहीराज की उप जिलाधिकारी आकांक्षा मिश्रा ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में भाजपा नेताओं, कार्यकताओं तथा क्षेत्रीय नागरिकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

शपथ ग्रहण के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए सांसद

- नेताओं ने बताया विकास और जनविश्वास की ऐतिहासिक जीत

शशांक मणि ने कहा कि फाजिलनगर की जनता ने विपरीत सामाजिक समीकरणों के बावजूद विकास की राजनीति को चुना है। उन्होंने कहा कि यह जीत भाजपा कार्यकताओं के अथक परिश्रम, केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों तथा नारी शक्ति पर जनता के विश्वास की जीत है। सांसद ने भरोसा दिलाया कि नगर पंचायत क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देने के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। विधायक सुरेंद्र कुमार कुशवाहा ने कहा कि फाजिलनगर की यह जीत आने वाले विधानसभा चुनाव की दिशा तय करने वाली साबित होगी। उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा की विकासवादी नीतियों और जनसेवा के कार्यों पर विश्वास जताया है, जो संगठन और सरकार दोनों के लिए बड़ी उपलब्धि है। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि यह विजय संगठन की मजबूती और कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं ने बूथ स्तर तक संगठित होकर मेहनत की। जिसका परिणाम यह ऐतिहासिक जीत रही।नवनिर्वाचित अध्यक्ष सुनीता शाही ने क्षेत्र की जनता, पार्टी नेतृत्व एवं कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वह अपने पति स्वर्गीय शत्रुमर्दन शाही के अधूरे सपनों को पूरा करने तथा नगर पंचायत को सम्पूर्ण रूप से विकसित करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगी ।कार्यक्रम का संचालन भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनंजय तिवारी निर्मल ने किया। इस अवसर पर सदस्य पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग फूलबदन कुशवाहा, भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष दिवाकर मणि त्रिपाठी, पूर्व जिला महामंत्री संतोषदत्त राय, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम पाण्डेय, जिलाध्यक्ष अजय राय, पूर्व प्रमुख डा. विजय राय, जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि पशुपतिनाथ जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह,ईओ अमित सिंह,कुशीनगर नगरपालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, दुदही नगरपंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अजीम आलम, जिला मंत्री कन्हैया शर्मा, पूर्व जिला मंत्री रामबृक्ष गिरी, पंकज पांडेय, युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष धीरज वर्मा, मनोज श्रीवास्तव,मंडल अध्यक्षगण राणाप्रताप सिंह, शेषनाथ मिश्र, अमलेश तिवारी, राजेन्द्र यादव, भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष दिव्यांशु जीत शाही और सत्यम शुक्ला, बरिष्ठ भाजपा नेता मनोज चौबे, चंद्रप्रकाश यादव चमन, पुरुषोत्तम गुप्ता, डा.कमलेश शाही, कुंवर डा. महेंद्र प्रताप सिंह, अनिल जायसवाल,राणा प्रताप मिश्र,गुड्डू चौहान, सूर्यांश शाही, कुंवर शाही, सच्चिदानन्द मणि ऊर्फ नेपाली बाबा, चुनचुन शाही, प्रदीप राय,विनय तिवारी, मनीष तिवारी, सभासदगण ओमप्रकाश रौनियार, विजय शंकर तिवारी, कमलेश वर्मा, रेखा गौतम, रमेश सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सभासद, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हर्षोल्लास पूर्वक मना आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर का जन्मदिन




**कसया, कुशीनगर**। आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर का जन्मदिन नगरपालिका परिषद कुशीनगर के सिसवा - महंथ स्थित श्री श्री ज्ञान मंदिर ( श्री दुर्गा जी समाज कल्याण उमा विद्यालय ) में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया।

गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों, शिक्षिकाओं और बच्चों ने श्री श्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किया और उनकी शिक्षाओं पर चर्चा की। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश पासवान ने कहा कि आध्यात्मिक गुरु रविशंकर ने पूरे विश्व में मानवीय मूल्य का प्रसार किया और लोक कल्याण के लिए कार्य किया। गुरु जी ने शिक्षा और योग शिक्षा के माध्यम से सेवा को बढ़ावा दिया है जो प्रेरक है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर राष्ट्र विकास करना है। इस दौरान रमेश कुमार, श्रीमती रीता देवी, मनीषा सिंह, नेहा, विमल शर्मा, हिमांशु, गंगा, काजल सहित बच्चे मौजूद रहे।

# सीएम डैशबोर्ड: कार्य प्रगति और रोजगार मिशन की समीक्षा बैठक

## विकास कार्यक्रमों की व्यापक समीक्षा, खराब प्रदर्शन पर जतायी कड़ी नाराजगी

जिला संवाददाता

**कुशीनगर**। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड विकास कार्यक्रमों के माह अप्रैल, 2026 की मासिक समीक्षा बैठक, ई-ऑफिस कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक तथा उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान सीएम डैशबोर्ड पर कम रैंकिंग वाले विभागों की एक-एक कर गहन समीक्षा की गई। इनमें प्रमुख रूप से पीएम सूर्यघर योजना, आईसीडीएस, एनआरएलएम, जल जीवन मिशन, फैमिली आईडी, विभिन्न विभागों द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजनाएं, मुख्यमंत्री युवा कल्याण योजना, नई सड़कों का निर्माण सहित अन्य विभाग सम्मिलित रहे। जिलाधिकारी ने प्रत्येक विभाग से अद्यतन प्रगति रिपोर्ट प्राप्त कर वास्तविक स्थिति की समीक्षा की। पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत जनपद को प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष अत्यंत न्यून प्रगति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की ।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट एवं समयबद्ध निर्देश देते हुए कहा कि इस माह में शत प्रतिशत लाभार्थियों को योजना से आच्छादित करते हुए लक्ष्य पूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि योजना के प्रचार-प्रसार एवं लाभार्थियों की पहचान हेतु जिला पूर्ति अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी से समन्वय स्थापित कर विशेष अभियान चलाया जाए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की की समीक्षा अंतर्गत जननी सुरक्षा योजना अंतर्गत लम्बित भुगतान के सम्बंध में शीघ्र भुगतान किए जाने का निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईसीडीएस, एनआरएलएम एवं जल जीवन मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं सीधे तौर पर आमजन से जुड़ी हैं, इनमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने छात्रवृत्ति योजनाओं से संबंधित विभागों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन कर समय से डाटा अपलोड सुनिश्चित किया जाए ।नई सड़कों के निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने गुणवत्ता एवं समयबद्धता पर विशेष जोर दिया तथा निर्देश दिया कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप शीघ्र पूर्ण कराए जाएं। मुख्यमंत्री युवा कल्याण योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने हेतु सक्रिय प्रयास करने के निर्देश दिए। ई-ऑफिस कार्य प्रगति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों में ई-ऑफिस प्रणाली के उपयोग, पत्रावलियों के ऑनलाइन निस्तारण एवं लंबित प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सभी कार्यालयाध्यक्षों को निर्देशित किया कि शासन की मंशानुरूप अधिकतम कार्य ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से संपादित किए जाएं तथा सभी अधिकारी गण लॉगिन अवश्य करें, तथा लंबित फाइलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। समीक्षा दौरान हिरण्यवती नदी तथा बांसी नदी के सफाई कार्यों को वर्षात पूर्व पूर्ण कर लिये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। जनपद में खाद की उपलब्धता एवं वितरण के सम्बंध में नियमानुसार वितरण की कार्यवाही किये जाने हेतु जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिए गए। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार रोजगार सृजन की प्रगति, कौशल विकास प्रशिक्षण एवं स्वरोजगार योजनाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक तीन महीने में कम से कम एक बार पिंक रोजगार मेले का आयोजन किया जाय। इसके अतिरिक्त अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार योजनाओं से जोड़ते हुए रोजगार सृजन के लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अधिकारीगण सीएम डैशबोर्ड पर जनपद की रैंकिंग में सुधार लाने हेतु गंभीरता एवं जवाबदेही के साथ कार्य करें। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए क्रियान्वयन में गति लाई जाए। लापरवाही, उदासीनता अथवा गलत रिपोर्टिंग किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाएगा।

## एचपीवी टीकाकरण के लिए किया गया जागरूक

**देवरिया**। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में गुरुवार को कस्तूरबा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, देवरिया में सर्वाइकल कैंसर ( गर्भाशय के मुंह का कैंसर ) से बचाव हेतु एचपीवी टीकाकरण के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में एचपीवी वैक्सीन के प्रति छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. विपिन रंजन ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर भारत में महिलाओं में होने वाला दूसरा सबसे बड़ा कैंसर है, जबकि समय रहते एचपीवी टीकाकरण के माध्यम से इससे प्रभावी बचाव संभव है। उन्होंने बताया कि यह टीका उन्हीं बालिकाओं को लगाया जाएगा जिन्होंने 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली हो तथा 15 वर्ष की आयु पूर्ण न की हो। उन्होंने कहा कि एचपीवी वैक्सीन पूर्णतः सुरक्षित एवं प्रभावी टीका है तथा इसके एक डोज से लगभग 85 प्रतिशत से अधिक बालिकाओं को गर्भाशय के मुंह के कैंसर से बचाया जा सकता है। सरकार द्वारा यह टीकाकरण पूर्णतः निःशुल्क कराया जा रहा है।

डॉ. रंजन ने बताया कि विशेष अभियान के तहत माह अप्रैल , मई और जून तक मेडिकल कॉलेज देवरिया के टीकाकरण केंद्र एवं जनपद के सभी प्राथमिक / सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिदिन एचपीवी टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों एवं छात्राओं से अपील की कि निर्धारित आयु वर्ग की बालिकाएं आधार कार्ड के साथ निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचकर निःशुल्क टीकाकरण अवश्य कराएं।

स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी एलबी चौधरी ने छात्राओं को स्वास्थ्य के महत्व के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है ।उन्होंने सभी छात्राओं से आह्वान किया कि बीमारियों से बचाव हेतु समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें ।कार्यक्रम में सहयोगी संस्था जेएसआई के जिला प्रतिनिधि अभिनय कुशवाहा, डॉ निहारिका सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

## सुधारों की गति बढ़ायें

देश एक बार फिर संकट का सामना कर रहा है। रुपये का अवमूल्यन, विदेशी मुद्रा, आयात पर निर्भरता यह हमारी कमजोरी बन चुकी है। ऐसे में यह जरूरी है कि देश इस बात पर गंभीरता से विचार करे कि आर्थिक सुधारों के इतने वर्षों बाद भी हमारी अर्थव्यवस्था इतनी कमजोर क्यों है। भारत द्वारा आर्थिक सुधारों की राह अपनाने के करीब 35 वर्ष बाद भी देश की अर्थव्यवस्था द्वारा पूरी संभावनाओं का दोहन करने के लिए अभी बहुत कुछ किया जाना है। नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा ने इस सप्ताह भारतीय उद्योग परिसंघ यानी सीआईआई के सालाना व्यापार सम्मेलन में भारतीय नीति निर्माण की एक बड़ी कमी को उचित रूप से वर्णित किया। उन्होंने कहा, 1991 के सुधारों ने औद्योगिक लाइसेंसिंग को समाप्त कर दिया लेकिन लाइसेंस राज को नहीं। कारोबारों और सरकार के बीच जुड़ाव का स्तर और साथ ही किसी उद्यम को शुरू करने और चलाने के लिए आवश्यक अनेक अनुमतियां, लाइसेंस और अनुपालन आदि अक्सर उद्यमियों को हतोत्साहित करते हैं। निष्पक्ष रूप से देखें तो, सरकार इस मोर्चे पर काम कर रही है। उसने हजारों अनुपालन आवश्यकताओं को समाप्त कर दिया है और बड़ी संख्या में प्रावधानों को अपराधमुक्त कर दिया है। साफ है कि अभी बहुत कुछ किया जाना है। यह मानना होगा कि वैश्विक कारोबारी माहौल बीते कुछ सालों में बदला है और भारत जैसे देश को अपने कारोबारी माहौल में सक्रिय बदलाव लाना होगा।




भारत चालू खाते के घाटे में है जो बहुत बड़ा तो नहीं है लेकिन उसकी भरपाई के लिए टिकाऊ रूप से विदेशी मुद्रा की आवक की आवश्यकता होगी। मौजूदा समय में जब देश से पूंजी बाहर जा रही है तब इस आवश्यकता को विशेष रूप से महसूस किया जा रहा है। अर्थशास्त्रियों ने संकेत दिया है कि चालू वर्ष लगातार ऐसा तीसरा वर्ष हो सकता है जब भुगतान संतुलन में घाटा दर्ज होगा। पश्चिम एशिया संकट वर्तमान में पूंजी प्रवाह को प्रभावित कर रहा है और शुद्ध स्तर पर भारत कुछ समय से कमजोर प्रवाह देख रहा है। पश्चिम एशिया में युद्ध विराम निश्चित रूप से अल्पकालिक राहत देगा लेकिन भारत को मध्यम और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से अपने व्यापक आर्थिक प्रबंधन ढांचे पर पुनर्विचार करना होगा। यह न केवल व्यापक स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि दीर्घकाल में वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए भी आवश्यक है। हालांकि केवल विदेशी निवेशक ही हिचकिचा नहीं रहे हैं, भारतीय व्यवसाय भी विभिन्न नीतिगत हस्तक्षेपों के बावजूद आक्रामक रूप से निवेश नहीं कर रहे हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं जिनमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मांग की परिस्थितियां शामिल हैं लेकिन कारोबारी सुगमता संभवतः उनमें से एक है। केंद्र ने परिस्थितियों को सुधारने के लिए कई कदम उठाये हैं लेकिन कंपनियों को राज्य और स्थानीय सरकारों से भी निपटना पड़ता है जिनका नजरिया हमेशा एक जैसा नहीं होता। दरअसल भारत को एपल जैसी कई कामयाबियों की आवश्यकता है। हालांकि यह मानना होगा कि एपल को उन तरीकों से सुविधा दी गई थी जो अन्य व्यवसायों विशेषकर छोटे व्यवसायों को मिलने की संभावना नहीं है। इसलिए, एक सरल और सहयोगी व्यापारिक वातावरण बनाने के लिए भारत को स्पष्ट नीतिगत निर्माण और निर्बाध अनुमतियों की आवश्यकता है ताकि छोटे व्यवसाय जो आमतौर पर अधिक गतिशील होते हैं, वह भी वृद्धि की आकांक्षा कर सकें। ऐसे में सही दृष्टिकोण यही होगा कि जब तक मना न हो तब तक अनुमति मानी जाये। इसके अलावा नियम और विनियम स्थिर और पूर्वानुमान योग्य होने चाहिए। अल्पकालिक उद्देश्य हासिल करने के लिए हस्तक्षेप से बचना चाहिए। देश में पूरी तरह इंस्पेक्टर और लाइसेंस, परमिट राज को समाप्त करने की जरूरत है। कुल मिलाकर, यह अच्छी तरह से पता है कि व्यापारिक वातावरण को सुधारने के लिए क्या करने की आवश्यकता है और सरकार इस दिशा में काम कर रही है। इसका श्रेय भी उसे जाता है लेकिन अब गति को तेज करने की आवश्यकता है।

### विचार

मोक्ष वह जो सिखता है इहलोक और परलोक दोनों का सुख गुलामी है। क्योंकि इस प्रकृति के नियमों पर न कोई इहलोक है और न परलोक।

–स्वामी विवेकानन्द.

मनुष्य सर्वोत्तम भाषण है। अगर बोलना है तो कम से कम बोलो। एक शब्द से काम चले तो दो नहीं।

–महात्मा गांधी.

विपत्ति आने पर अपनी रक्षा के लिए व्यक्ति को अपने पड़ोसी शत्रु से भी मेल कर लेना चाहिए।

–वेदव्यास.

विवेक बुद्धि की पूर्णता है। यौवन के कर्त्तव्यों को पूर्ण करने में वह हमारा पथ–प्रदर्शन करता है।

–गेटे.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना तीर्थस्थान के दर्शन से प्राप्त होता है।

–सूरदास.

# प्रधानमंत्री की तरह अफसर भी बचायें तेल

**सुभाष चंद्र अग्रवाल**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्यपूर्व में लगातार युद्धक स्थितियां बनी रहने के कारण देशवासियों को आगाह किया है कि इससे देश की आर्थिक स्थिति पर भारी बोझ पड़ रहा। अतः देश वासियों को तेल के इस्तेमाल पर संयम बरतना चाहिए। प्रधान मंत्री का आह्वान इन्हीं समस्याओं को लेकर है। पीएम ने खुद अपने कारों के काफिले में कमी कर दी है। 13 मई 2026 वह सिर्फ दो कारों के साथ राजधानी दिल्ली में निकले।**



प्रधानमंत्री की आम लोगों से तेल बचाने के लिए की गई अपील, राष्ट्रीय हित में स्वागत योग्य है। लेकिन अभी दो दिन पहले तक यह सवाल बना हुआ था कि क्या वह खुद अपने कार काफिले में उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कमी करेंगे या कि उनके वरिष्ठ मंत्री ऐसा करेंगे। अब जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरी 13 मई 2026 को राजधानी दिल्ली में महज दो कारों के साथ एक महत्वपूर्ण मीटिंग के लिए जाते दिखे हैं, जिसमें एक में वह स्वयं थे और दूसरी में उनके एसपीजी के सुरक्षा गार्ड, तो यह सवाल उठता है कि अन्य मंत्री, प्रदेशों के मुख्यमंत्री और दिगर मंत्री, नौकरशाह तथा देश का अभिजात्य वर्ग प्रधानमंत्री के इस उदाहरण से कितनी सीख लेता है? मसलन देश में चुनावी रैलियों और रोड शो जैसे राजनीतिक प्रदर्शनों पर इस समय पूर्णतः प्रतिबंध लगा देना चाहिए। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा यह अध्ययन किया जाना चाहिए कि शीर्ष सरकारी पदाधिकारियों के कार काफिलों को उनकी सुरक्षा प्रभावित किये बिना कम किया जा सकता है या नहीं। एक कदम जो सरकार को और उठाना चाहिए वह यह कि केंद्र और राज्य तथा उनके विभिन्न उपक्रमों द्वारा सरकारी कार खरीद कार्यक्रम को अनिवार्य रूप से किफायती श्रेणी की कार्यों तक सीमित कर देना चाहिए। केवल राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और भारत आने वाले विदेशी गणमान्य व्यक्तियों के लिए ही अपवाद के तौरपर लग्जरी कारों के उपयोग की सुविधा होनी चाहिए।

साल 2021 में तेलंगाना सरकार की 30-30 लाख रुपये की कीमत वाली 32 नई लग्जरी कारें खरीदने के लिए जबर्दस्त आलोचना हुई थी। इसी तरह सरकार को सेना के जवानों के लिए कैंटीन स्टोर डिपार्टमेंट्स से कुछ दिनों के लिए जीएसटी सब्सिडी देकर कारें नहीं बेंची जानी चाहिए। अब समय आ गया है कि एयरकंडीशनिंग सुविधा वाले उन्नत आटोरिक्शा बाजार में लाये जाएं, ताकि कम से कम मध्यमवर्ग ऐसे वातानुकूलित आटोरिक्शा का उपयोग पसंद करें। इससे सड़क और पार्किंग की समस्या कम होगी तथा ये पर्यावरण अनुकूल भी होंगे। क्योंकि अब आटोरिक्शा या तो बिजली से चलते हैं या सीएनजी इंजन वाले होते हैं। जब ऐसे वातानुकूलित आटोरिक्शाओं का निर्माण शुरू हो जायेगा, तो सरकारी विभागों, मंत्रालयों और उन उपक्रमों की कारों को भी बड़े पैमाने पर उनसे बदला जा सकता है। दिल्ली में पहले ही कारों की उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए कार पार्किंग शुल्क दोगुना किया जा चुका है। लेकिन इसके विपरीत छोटी कारों पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। निश्चित रूप से इसमें कार निमार्ताओं की प्रभावशाली लॉबी का दखल रहा होगा। हालांकि मंहगी कारों पर जीएसटी बढ़ाकर 40 प्रतिशत किया जाना, एक सही निर्णय था।

### विमर्श

अधिक से अधिक शहरों में मेट्रो नेटवर्क बिछाना हमारी प्राथमिकता में होना चाहिए। कार निमार्ता तब मेट्रो कोच निर्माण की ओर भी जा सकते हैं, जिनके निर्यात आदेश प्राप्त करने के लिए भी प्रयास किये जाने चाहिए। वे अपनी उत्पादन क्षमता का उपयोग तीन पहिया वातानुकूलित आटोरिक्शा बनाने में भी कर सकते हैं। सभी करों के सहित 10 लाख रुपये से अधिक एक्स शो रूम कीमत वाली कारों के निर्माण को हतोत्साहित करने हेतु कदम उठाये जाने चाहिए। महंगी कारों पर रोड़ टैक्स, बीमा प्रीमियम और अन्य सभी शुल्क सस्ती कारों की तुलना में दोगुने होने चाहिए। कारों का वर्गीकरण, उनकी लंबाई और इंजन क्षमता के बजाय एक्स शो रूम कीमत के आधार पर होना चाहिए। किसी भी श्रेणी की कार डीजल इंजन में नहीं होनी चाहिए। पेट्रोल और डीजल की खरीद कीमत लगभग सामान होने के बावजूद डीजल को सार्वजनिक परिवहन और मालवाहक वाहनों के लिए सस्ता रखा जाता है। इसलिए कारों में सस्ते डीजल का उपयोग एक तरह से चालाकी है। यह नहीं होना चाहिए। देश की सर्वोच्च अदालत यानी सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त पर्यावरण प्रदूषण निवारण नियंत्रण समिति जिसकी अध्यक्षता भूरेलाल कर रहे थे, उन्होंने दिल्ली में गैर सीएनजी कारों पर पूर्ण प्रतिबंध का सुझाव दिया था। हालांकि ऑड-इवन प्रणाली मध्यमवर्ग के लिए बड़ी समस्या बन सकती है। क्योंकि अमीर लोग इस व्यवस्था से बचने के लिए अलग-अलग ऑड और इवन नंबरों वाली कई कारें खरीद लेंगे। दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन ढांचे की कमी को देखते हुए सबसे अच्छा उपाय यही है कि आटोरिक्शाओं की संख्या पर लगी हर प्रकार की सीमा हटायी जाए। इससे पर्याप्त संख्या में आटोरिक्शा सड़कों पर होंगे और ड्राइवरों द्वारा मीटर से न चलने या गंतव्य तक जाने के लिए मना करने जैसी समस्याएं कम होंगी।

प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर दिल्ली जैसे शहर में 10 वर्ष पुरानी डीजल कारों और 15 वर्ष पुरानी पेट्रोल कारों को अनिवार्य रूप से कबाड़ घोषित करने की कार स्क्रैपिंग नीति, वास्तव में कार उद्योग को बढ़ावा देने का अप्रत्यक्ष तरीका है, इसलिए इस पर रोक लगनी चाहिए। प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए यह अनिवार्य किया जाना चाहिए कि हर पंजीकृत वाहन वर्कशॉप में प्रदूषण जांच मशीनें हों और वहां से निकलने वाले हर वाहन को प्रदूषण प्रमाण पत्र दिया जाए। यह सेवा और प्रमाण पत्र निःशुल्क उपलब्ध कराया जाना चाहिए। क्योंकि इसकी लागत बहुत अधिक नहीं है। हर वाहन के लिए अनिवार्य होना चाहिए कि वह 10 वर्ष बाद अधिकृत वर्कशॉप जाकर कंप्यूटरीकृत फिटनेस परीक्षण में शामिल किया जाए और योग्य पाये जाने पर ही उसे अगले समय के लिए लाइसेंस दिया जाए, जो कारें परीक्षण पास करने में असफल रहें, उन्हें स्क्रैप करने का आदेश दिया जाना चाहिए। वर्तमान नीति जिसमें डीजल कारों को 10 वर्ष और पेट्रोल कारों को 15 वर्ष अनिवार्य रूप से स्क्रैप कर दिया जाता है, उसे बंद कर दिया जाना चाहिए। विशेषकर उन वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान और सुरक्षा के लिए जो अपनी कारों को बहुत कम इस्तेमाल में लाते हैं। 10 वर्ष बाद कारों के लिए अलग रंग की नंबर प्लेट शुरू की जानी चाहिए। किसी कार मॉडल के बहुत अधिक वैरिएंट ग्राहकों को भ्रमित करते हैं अतः केवल दो वैरिएंट होने चाहिए। एक किफायती ग्राहकों के लिए बेसिक एलएक्स और दूसरा सभी अतिरिक्त सुविधाओं से युक्त वीएक्स के साथ, तीसरा आटोमेटिड गेयर वाला मॉडल भी होना चाहिए।

केंद्र सरकार को बैटरी जैसी सामान्य एक्सेसरीज के मानकीकरण को प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि विभिन्न कंपनियों की अलग-अलग कारों में समान पुरजों का उपयोग हो सके। इससे सीमित आकार और विनिदेशों में बड़े पैमाने पर उत्पादन के कारण उपभोक्ता वस्तुओं की लागत काफी कम हो सकती है। जब तक ऐसे दिशा-निर्देश केंद्र सरकार की आटो नीति में उल्लेखित हैं, लेकिन वास्तविक सच्चाई यही है कि व्यवहारिक दुनिया में इनका पालन नहीं होता। कारों के स्पेयर पार्ट्स की अत्यधिक कीमतें कार निमार्ताओं को भी भारी मुनाफा देती हैं। क्योंकि इस पर कोई उनका एकाधिकार नहीं है। इस तरह केंद्र सरकार अगर वाकई चाहती है कि लोग कार का उपयोग कम करें, तो भावुक आह्वानों से बात नहीं बनेगी। सीधे उपभोक्ताओं और निमार्ताओं के पास जाना होगा।

### सोशल मीडिया

भोजपुर बक्सर एमएलसी उपचुनाव में राजद प्रत्याशी सोनू राय ने एनडीए उम्मीदवार को करारी शिकस्त दी है, राजद प्रत्यासी के जीतने पर सभी कार्यकर्ताओं को बधायी। तेजस्वी यादव.



वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश, देश के राज्यों में बॉटम थ्री इकोनॉमी में गिना जाता था, आज प्रदेश को देश के टॉप तीन अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता है। सीएम योगी.



विश्व अभूतपूर्व ऊर्जा संकट का सामना कर रहा है, 1972–73 की पेट्रोलियम क्राइसिस भी इसके सामने छोटी प्रतीत होती है, ऊर्जा विशेषज्ञ इसे एनर्जी कोविड तक कह रहे हैं। सुधांशु त्रिवेदी.



## बुराइयां पीछा नहीं छोड़ती

### अंतर्दृष्टि

आचरण उसके भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण होता है। आध्यात्मिक ज्ञान मनुष्य में एक नयी अनुभूति विकसित करता है। मनुष्य के आचरण में, व्यक्तित्व और कृतित्व के विकास में ज्ञान की बहुत बड़ी भूमिका होती है। आत्मिक प्रगति का प्रथम चरण आत्म-निरीक्षण जितना गंभीर और प्रखर होता है। उसी अनुपात में शरीर और आत्मा की भिन्नता का वास्तविक आभास होता है। अन्यथा तोतारटन्त की तरह आत्मा परमात्मा की चर्चा का बाल विनोद चलता रहता है। माया के बंधन शिथिल होने या कटने का एक मात्र उपाय है कि अपनी सत्ता की स्थिति को समझा जाये। यह अनुभूति विकसित हो सके तो ही आत्मा का महत्व एवं हित सूझ पड़ता है और शरीर के पक्ष में झुकी हुई सारी प्रकृति को संतुलित करने का मन होता है। शरीर संसार में अनुरक्त रहता है और आत्मा की प्रायः उपेक्षा करता है। यह सोच तक नहीं पाता कि हमारे भीतर आत्मा नाम की कोई वस्तु भी है और उसकी भी कुछ मांग, पुकार, सुख एवं आवश्यकताएं भी हैं। इस प्रकार की अनुभूति तभी होती है जब शरीर तथा इसके सुखों पर सर्वस्व न्यौछावर किए रहने के ढर्रे में परिवर्तन किया जाये। आत्मा को परमात्मा का संदेश सुनने और आह्वान को अंगीकार करने की बात अंतरंग की गहराई तक प्रवेश कर जाती है। तभी यह सूझ पड़ता है कि शरीर की तरह आत्मा के निमित्त भी कुछ किया जाना चाहिए। क्या किया जाना चाहिए? इसके उत्तर में दो तथ्य उभर कर सामने आते हैं। एक यह कि आत्म गौरव के अनुरूप व्यक्तित्व के ढलने में जो त्रुटियां चल रही हैं, उनका कठोरतापूर्वक नियमन किया जाये। इसी को तप कहते हैं। इस संदर्भ में कठोरता बरतनी होती है। अभ्यस्त दुष्प्रवृत्तियां सहज पीछा नहीं छोड़तीं। तपश्चर्या का अभिप्राय शरीर को कष्ट देना नहीं है। इसका वास्तविक अर्थ है- ऐसा मनोबल विकतिस करना जो दुष्प्रवृत्तियों से मल्ल युद्ध करके उन्हें परास्त कर सके। इसी को संशोधन पक्ष कहते हैं। इसके अतिरिक्त दूसरा पक्ष श्रेष्ठता के अभिवर्द्धन का है। यह आत्मविश्वास एवं आत्मबल के आधार पर उपर्युक्त क्रम बना लेने से भी संभव हो सकता है। इसके लिए सत्प्रवृत्तियों के समन्वय द्वारा ईश्वर की उपासना सहायक होती है। इसे ही योग कहते हैं। विराट ब्रह्म से अपने आपको जोड़ना ही योग है। क्षुद्र स्वार्थपरता के संकीर्ण बंधनों को शिथिल करने का अभ्यास करना ही योग है। ऐसे साधक का दृष्टिकोण समता और क्रिया कल्याण सर्वजनीन हित साधन का होता है। इसके लिए कर्म ज्ञान भक्ति किसी भी मार्ग अथवा इसके समन्वय का अभ्यास आरम्भ किया जा सकता है। यही है यथार्थवादी आत्मिक प्रगति का राजमार्ग जिसे अपनाकर कोई भी साधक पूर्णता के लक्ष्य की ओर बढ़ सकता है।

## आप तो घोटाला कर चुके हैं

### व्यंग्यलोक

नेताजी दहाडें मारकर रोते हुए मेरे घर आये। बोले- मैं बर्बाद हो गया शर्मा, मुझे बचा लो। मैं बोला-आखिर हुआ क्या है बलराम जी? वे और जोर से रोने लगे। रोते-रोते ही बोले-मैं चुनाव हार गया? मैंने कहा-देखिये चुनाव में एक ही जीतता है। दूसरों को तो हारना ही होता है। आप धैर्य रखें, आगे और चुनाव हैं। मौके खत्म थोड़े ही हुये हैं। सब ठीक हो जायेगा। मैंने सब कुछ दांव पर लगा दिया शर्मा। मैं कंगाल हो गया। जीप वाला, ढाबे वाला, माइकवाला और उधारी मांगने वाले मुझे ढूंढ रहे हैं। मैं करूं तो क्या करूं? वे बोले। उन्हें कहो कि पार्टी से पैसा मिलेगा तब चुका दूंगा उधारी। कोई ज्यादा ही दादागिरी करे तो आप भी गुण्डई पर उतर आयें। मांगना भूल जायेगा। मैंने कहा मुझे कहीं छिपा दो शर्मा। मैं किस मुंह से जनता केसामने जाऊं। मैंने सब्जबागों के वादे किये थे, लेकिन वोटरने मेरी जमानत जब्त करा दी। बलराम जी बोले। राजनेता होकर कैसी कायरों वाली बातें कर रहे हो? थोड़ा तो नेतागिरी का हौंसला पैदा करो और सबको धताबता दो। आप तो जब प्रधान थे तो मनरेगा में लाखों का घोटाला कर चुके हैं। घबराने की क्या बात है। मैंने कहा तो वे बोले- सब डूब गया। मेरी काली कमाई सब निकल गई। सोचा था, चुनाव बाद कई गुना कमाकर घर भर लूंगा। शर्मा मेरे सपनों पर पानी फिर गया। जीतने वाला चांदी काटेगा। आपको निराश होने की जरूरत नहीं है बलराम जी, दिन आपके भी फिरेंगे। देखना मध्यावधि चुनाव होंगे। ये गठबंधन चलने वाला नहीं है। हिम्मत से काम लें। मैंने कहा तो उन्होंने अपनी रोनी सूरत को शांत किया और बोले आपको पक्का विश्वास है कि मध्यावधि होंगे! सच मजा आ जायेगा। अबकी बार मैं सारे पैंतरे काम में ले लूंगा। देखना जनता को मूर्ख बनाने में मैं कोई कमी नहीं छोडूंगा। दरअसल सामने वाले ने खुलकरनोट बांटे थे और मैं पार्टी से मिला पैसा बचाने में मारा गया। वैसे शराब का तो मयखाना मैंने भी वोटर के लिए खोल दिया था। लेकिन भाई आजकल नोट के बदले वोट का जमाना है। मंहगाई के मारे वोटरों को नकद चाहिए। वह सब तो ठीक है, लेकिन मध्यावधि में मान लो पार्टी आपको टिकट नहीं दिया तो क्या करोगे? मैंने पूछा तो वे हौंसले से बोले निर्दलीय लड़ पडूंगा। आजकल निर्दलियों की भी चांदी है। आयडिया तो बुरा नहीं है बलराम जी। लेकिन चुनावजीतना जरूरी है, इस तरह माल मारने के लिए। मैंने कहा तो वे उछल पड़े, चिंता मत करो शर्मा। खजाना खोल दूंगा। अभी मैंजो रो रहा था न, वे घड़ियाली आंसू थे। चिंता की बात नहीं है, देखना मध्यवधि में मैं क्या गुल खिलाता हूँ। यह कहकर वे चल दिये। मैंने राहत की सांस ली कि आयी बला टली। नेता का दिल वाकई बहुतपक्का होता है। वह रोता भी है तो उसका कोई मकसद होताहै।



पूरन सरमा

## समय की रफ्तार के साथ चलना ही आधुनिकता



प्रतिबिंब

**सौम्या पांडेय**

सामाजिक सामंजस्य और आधुनिकीकरण किसी भी देश के विकास के लिए जरूरी हैं। जहां आधुनिकीकरण हमें भौतिक खुशहाली और तकनीकी विशेज्ञता प्रदान करता है, वहीं सामंजस्य सामाजिक ताने-बाने को मजबूती देता है। दुनिया संप्रति ग्लोबल विलेज का रूप ले चुकी है। हम भारतीयों के लिए सबसे जरूरी बात है कि हम दुनिया के देशों के सामने अपनी परम्पराओं को बनाये रखें और आज की जरूरतों के हिसाब से खुद को ढालें। सामाजिक सामंजस्य का अर्थ है अलग-अलग सोच, धर्म और वर्ग के लोगों का आपसी सम्मान और सहनशीलता के साथ रहना। आधुनिकीकरण सिर्फ नई मशीनों या टेक्नोलॉजी का ही नाम नहीं है, वरन बदलते हालात में प्रासंगिक बने रहने के लिए वैचारिक शोधन भी करना है। आज के जमाने में शिक्षा, अर्थव्यवस्था और लाइफस्टाइल में आए बदलावों को अपनाए बिना कोई भी देश ज़िंदा नहीं रह सकता। आधुनिक शिक्षा प्रणाली मनुष्य में आलोचनात्मक और व्यापक सोच पैदा करती है। शिक्षा के बिना विकास और प्रशिक्षण संभव नहीं है। शिक्षा प्राप्त करने के लिए जागरूकता जरूरी है। तकनीकी विकास ने भौगोलिक दूरियों को मिटा दिया है। इससे विभिन्न संस्कृतियों को एक-दूसरे के करीब आने का मौका मिला है।

कुछ लोग मानते हैं कि आधुनिकता हमारे पारंपरिक मूल्यों और सामाजिक सद्भाव के लिए खतरा है, लेकिन हकीकत इसके विपरीत है। असली चुनौती अतिवाद है, चाहे वह प्राचीन परंपराओं के नाम पर हो या आधुनिकता के। एक संतुलित समाज वह होता है जो मॉडर्न साइंस से फायदा उठाता है और अपने नैतिक और सामाजिक मूल्यों को कुचलने नहीं देता। विकास का सफर तभी सफल माना जाता है जब इंसान के पैर जमीन पर हों और उसकी नजर आसमान की विशालता पर हो। किसी भी जीवंत देश की पहचान उसकी विकास यात्रा होती है। समय की रफ़्तार के साथ चलना ही आधुनिकता है, लेकिन यह सफर तब तक अधूरा है जब तक समाज के सभी वर्ग एक इकाई के रूप में आगे न बढ़ें। सामाजिक सद्भाव वह गोंद है जो बिखरे हुए इंसानी समूहों को एक मजबूत देश में बदल देता है। आधुनिकता की पहली सीढ़ी शिक्षा है। इसके बिना कोई भी विकास बेमानी है। आधुनिकता ईंट-पत्थर की इमारतों पर नहीं बल्कि 'बौद्धिक आजादी' और 'ज्ञान' पर आधारित है। आज दुनिया शिक्षा की वजह से ही चांद पर पहुंची है। मॉडर्न शिक्षा व्यवस्था का मकसद सिर्फ. डिग्री बांटना नहीं होना चाहिए, बल्कि सोच को बड़ा करना है ताकि वे उन लोगों का सम्मान कर सकें जिनकी राय उनसे अलग है। आज के दौर में डिजिटल लिटरेसी सामाजिक विकास का बड़ा जरिया है। जब गांव का बच्चा इंटरनेट के जरिए ग्लोबल मार्केट से जुड़ता है, तो क्लास का फर्क मिट जाता है। टेक्निकल स्किल्स ने आज देश के गांवों को शहरों के बराबर ला खड़ा किया है। आधुनिकता का एक अहम पहलू 'आर्थिक सुधार' है। जब संसाधनों का बंटवारा सही होता है और टेक्नोलॉजी का फायदा आम आदमी तक पहुंचता है, तो समाज में अशांति खत्म होती है। आधुनिक इंडस्ट्री और स्टार्टअप कल्चर युवाओं को कंस्ट्रक्टिव कामों में लगाए रखते हैं, जिससे कट्टरता खत्म होती है। आधुनिकता का तकाजा है कि महिलाओं को विकास की प्रक्रिया में शामिल किया जाए। एक पढ़ी-लिखी महिला ही एक सामंजस्य पूर्ण पीढ़ी खड़ी कर सकती है।

हमें एक ऐसा प्रोग्रेसिव समाज बनाना है जहां धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता को बोझ के बजाय खूबसूरती माना जाए। मॉडर्न टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल नफरत फैलाने के बजाय ज्ञान वर्धन के लिए किया जाना चाहिए। रूढ़िवाद के नाम पर विकास में रुकावट नहीं आनी चाहिए, न ही इनोवेशन के नाम पर नैतिक मूल्यों को कुचला जाना चाहिए। सामाजिक मेलजोल और नवाचार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। मेलजोल हमें शांति देती है और नवाचार हमें रफ़्तारमुहैया कराता है। अगर हम दोनों के बीच संतुलन बना लें, तो हमें ग्लोबल पावर बनने से कोई नहीं रोक सकता। हमें एक ऐसा समाज बनाना है जहां टेक्नोलॉजी के साथ-साथ मॉडर्न तरीके से इंसानियत, प्यार और भाईचारा भी विकसित हो। किसी भी समाज में आधुनिकता तब तक फलदायी नहीं हो सकती जब तक वहां के लोगों में एकता और एकजुटता न हो। सामाजिक सद्भाव के बिना भौतिक प्रगति सिर्फ एक बेजान ढांचा है।

(लेखिका कानपुर विवि में शोध छात्रा)

### आप की बात

## युवाओं को दक्ष बनायें

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए।

**वीरेंद्र कुमार सिंह, लखनऊ.**

## रोजगार पर फोकस

प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। पिछले साल एलटी ग्रेड शिक्षकों की भर्ती में पेपर आउट कराने के मामले में परीक्षा नियंत्रक और पेपर छापने वाले प्रकाशक गिरफ्तारी हुई है। इसी तरह लोवर सबार्डिनेट की 700 पदों की भर्तियां भी पेपर लीक होने के कारण निरस्त कर दी गयीं। सपा सरकार की भर्तियों में तमाम आरोप लगे। यह चिंताजनक है। नयी सरकार को भर्तियों को और साफ-सुथरा बनाना चाहिए।

**ज्ञान प्रकाश सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## ट्रांसपोर्टर को फोन पर जान से मारने की धमकी

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक ट्रांसपोर्टर को फोन पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मारूति सुजुकी शोरूम के पीछे एन.एच. 44 के पास निवासी संदर्भ पटसारिया पुत्र प्रभाकर पटसारिया ने बताया कि वह ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े हैं। उन्होंने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि कुछ समय पूर्व उन्होंने वाहन संख्या यूपी 94 ए.टी. 1241 को भाड़े पर भेजा था। वाहन के संचालन की जिम्मेदारी वाहन स्वामी द्वारा अभिषेक जोशी, निवासी भैसाई को सौंपी गई थी। आरोप है कि इसी दौरान अभिषेक द्वारा भेजे गए ड्राइवर अरविंद पाल, निवासी ग्राम भैसाई, ने संदर्भ पटसारिया को फोन कर पैसों की मांग की। जब शिकायतकर्ता ने कहा कि वह उसे व्यक्तिगत रूप से नहीं जानते और इस संबंध में अभिषेक जोशी से बात करे, तो आरोपी आगबबूला हो गया। आरोप है कि अरविंद पाल ने फोन पर अश्लील और भद्दी गालियां दीं तथा जान से मारने की धमकी देकर भय का माहौल पैदा करने का प्रयास किया। पीड़ित ने बताया कि पूरी बातचीत की कॉल रिकॉर्डिंग उनके पास सुरक्षित है, जिसे साक्ष्य के तौर पर पुलिस को उपलब्ध कराया जाएगा। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 352 एवं धारा 351(3) के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ केमिस्ट एकजुट

**फतेहपुर।** जिले के केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने ऑनलाइन दवा व्यापार और इससे जुड़े कई लंबित मुद्दों के विरोध में 20 मई को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद का समर्थन करने का ऐलान किया है। एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपते हुए इन मुद्दों के समाधान की मांग की है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी राष्ट्रीय संस्था ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट जो देशभर के 12.40 लाख से अधिक केमिस्ट और वितरकों का प्रतिनिधित्व करती है, ने इन लंबे समय से अनसुलझे मुद्दों के खिलाफ यह बंद बुलाया है। इसमें अवैध ई-फामेर्सी संचालन को रोकना, 28 अगस्त 2025 की अधिसूचना की वापसी, बड़े कॉर्पोरेट्स द्वारा प्रीडेटरी प्राइसिं वापसी जैसे प्रमुख मुद्दे शामिल हैं। पत्र में कहा गया है कि केंद्र और राज्य स्तर पर बार-बार निवेदन के बावजूद ये मुद्दे अनसुलझे हैं, जिससे केमिस्ट व्यापार और जन स्वास्थ्य पर गंभीर संकट पैदा हो गया है। इससे 12.40 लाख केमिस्टों के साथ ही 4-5 करोड़ आश्रितों की आजीविका खतरे में है। एसोसिएशन ने जिलाधिकारी से त्वरित हस्तक्षेप की अपील की है। इस अवसर पर चेयरमैन किशन मेहरोत्रा, अध्यक्ष सुमित रस्तोगी, महासचिव राजेश सोनी, संस्थापक सदस्य मनोज मिश्रा, गगन अग्रवाल, राजा गुप्ता, लोकेंद्र सिंह, राजीव कुमार, यतीश राजजादा, प्रताप बेटू, यादव ज्ञानेंद्र श्रीवास्तव, सचिन कुमार, मनोज कुमार, अनिल कुमार साहू, राहुल विश्वकर्मा सहित एसोसिएशन के सदस्य मौजूद रहे।

## करंट से तीन मवेशियों की मौत, ग्रामीणों में आक्रोश

**बांदा।** अतर्रा थाना क्षेत्र के भूरा यादव का पुरवा गांव में खेत में फैले बिजली करंट की चपेट में आने से तीन मवेशियों की मौत हो गई, जबकि एक बैल गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भूरा यादव का पुरवा निवासी रामदास यादव पुत्र चुनवाद ने थाना अतर्रा में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 13 मई की सुबह उसने अपने दो बैल और एक बछड़ा चरने के लिए छोड़ा था। वहीं गांव निवासी चंद्रपाल पुत्र गौरीशंकर यादव ने भी अपनी गाय खेत की ओर छोड़ी थी।

आरोप है कि खेत में फैले बिजली करंट की चपेट में आने से तीन मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बैल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना अतर्रा पुलिस सक्रिय हुई। थानाध्यक्ष के निर्देश पर उपनिरीक्षक को पंचायतनामा और आवश्यक कार्रवाई के लिए मौके पर रवाना किया गया। घटना के बाद ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने खेतों में फैले खुले बिजली करंट की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# मुक्तिधाम का किया औचक निरीक्षण



जिला संवाददाता

**ललितपुर।** गुरुवार को नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने पालिका अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम के साथ वार्ड संख्या 13 घुसयाना तथा इलाईट शमशान घाट (मुक्तिधाम) का औचक निरीक्षण किया और मौके पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। अध्यक्ष सबसे पहले पिसनारी तिराहा, राजघाट रोड पहुंचीं, जहां क्षेत्र के विकास और सौन्दर्यीकरण को ध्यान में रखते हुए हाईमास्ट लाइट लगाए जाने और इंटरलॉकिंग कार्य कराए जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर बेहतर प्रकाश व्यवस्था से आमजन को सुविधा मिलने के साथ क्षेत्र की सुंदरता भी बढ़ेगी। इसके बाद अध्यक्ष ने एक दिन पूर्व दिए गए साफ-सफाई संबंधी निदेर्शों के अनुपालन की समीक्षा की। मौके पर सफाई व्यवस्था संतोषजनक मिलने पर उन्होंने सफाई कर्मचारियों की सराहना की और निर्देश दिए कि नियमित रूप से इसी तरह स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखी जाए। निरीक्षण के अगले चरण में अध्यक्ष ने इलाईट मुक्तिधाम का विस्तृत निरीक्षण किया। यहां हाईमास्ट लाइटों की जांच की गई, जो सुचारु रूप से संचालित पाई गईं। अध्यक्ष ने अर्थी स्थल पर बने चबूतरे के टीनशेड की मरम्मत, गाटर लगाने तथा मुक्तिधाम के मुख्य प्रवेश द्वार के सौन्दर्यीकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान राजघाट रोड से मुक्तिधाम तक जाने वाली सड़क जर्जर मिलने पर उसे शीघ्र दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए, ताकि अंतिम संस्कार में आने वाले लोगों को आवागमन में परेशानी न हो। साथ ही मुक्तिधाम परिसर में पेड़ों की नियमित छंटाई और साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

> साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और सौन्दर्यीकरण की व्यवस्थाओं को परखा

अध्यक्ष ने स्पष्ट चेतावनी दी कि सार्वजनिक स्थलों की सफाई व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, पार्षद प्रतिनिधि अमरदीप रजक, अवर अभियंता खुशबू खान, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेन्द्र सिंह यादव सहित नगर पालिका के कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्कॉर्पियो ने चार बाइकों को रौंदा

**ललितपुर।** तालबेहट क्षेत्र में बुधवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने खुशियों के माहौल को मातम में बदल दिया। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने एक के बाद एक चार बाइकों को टक्कर मार दी, जिससे चाचा और पांच माह की भतीजी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। यह हादसा बुधवार रात करीब 8 बजे तालबेहट के पूराकलां मार्ग स्थित राधा हॉस्पिटल के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सबसे पहले बाइक सवार देवसिंह यादव (45) पुत्र भैरव यादव और उनकी पांच माह की भतीजी नैंसी पुत्री नरेंद्र को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

> चाचा-भतीजी की दर्दनाक मौत, छह घायल
> शादी समारोह से लौट रहे लोगों को बनाया हादसे का शिकार

बताया जा रहा है कि हादसे के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन लेकर झांसी की ओर भागने लगा। इस दौरान उसने रास्ते में तीन अन्य बाइकों को भी टक्कर मार दी, जिससे कई लोग घायल हो गए। कुछ दूरी पर स्कॉर्पियो का टायर फट गया, जिसके बाद वाहन रुक गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने चालक को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। हादसे में घायल होने वालों में सुरेंद्र (25) पुत्र गोविंदास निवासी बसई, मध्य प्रदेश, रामू (30) पुत्र राधे सोनी, विकास (27) पुत्र लक्ष्मीनारायण निवासी तालबेहट रेंज ऑफिस, मुस्कान (18) पुत्री रज्जू निवासी जमालपुर, सोनम (25) पत्नी नरेंद्र निवासी पिपरट तथा करन (38) पुत्र रघुनाथ निवासी दरदरी खांदी शामिल हैं। सभी घायलों को गंभीर हालत में इलाज के लिए झांसी मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पुलिस के अनुसार स्कॉर्पियो चालक जमालपुर गांव का रहने वाला है और अपने परिवार के साथ ग्राम खांदी में आयोजित एक शादी समारोह से लौट रहा था।

वहीं मृतक देवसिंह भी अपनी भतीजी और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ तालबेहट में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी अभिजीत सिंह, आशीष मिश्रा और कोतवाल अशोक वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया और घटनास्थल का निरीक्षण कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है, वहीं मृतकों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## वाहन की टक्कर से एक तेंदुए की मौत, जांच अभियान तेज



**बांदा।** दक्षिण पन्ना वनमंडल के पवई रेंज अंतर्गत शिकारपुरा के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक तेंदुए की मौत हो गई। घटना की सूचना रात में वन विभाग को मिली। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू कर दी है वन अधिकारियों ने तेंदुए के शव का प्राथमिक परीक्षण किया, जिसमें किसी भी प्रकार के जीवन संकेत नहीं मिले। हादसे में तेंदुए को गंभीर आंतरिक चोटें आई थीं। वन विभाग ने शव और अन्य साक्ष्यों की सुरक्षा के लिए पूरे क्षेत्र को कॉर्डन ऑफ कर दिया है। दुर्घटना में शामिल वाहन की पहचान के लिए शाहनगर टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। वन विभाग ने इसके लिए पन्ना टाइगर रिजर्व के डॉग स्क्वाड को भी जांच में लगाया गया है। जांच प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा और निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत अंतिम संस्कार किया जाएगा। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषी वाहन चालक की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। हाईवे पर वन्यजीवों की सुरक्षा को लेकर यह घटना एक बार फिर गंभीर चिंता का विषय बन गई है।

## गैस कंपनी के धनराशि जमा करते ही जारी होगी एनओसी

**बांदा।** सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन से संबंधित संस्थाओं को स्थानीय निकायों में घर-घर पाइप लाइन नेचुरल गैस के कनेक्शन वितरण की भूमिगत पाइप बिछाये जाने की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पी०डब्ल्यू०डी०, सिंचाई, रेल्वे के अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका, आईजीएल के अधिकारी अमित नाजिया अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। आई०सी०एल० अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका बांदा स्तर से 05 एन०ओ०सी०, पी०डब्ल्यू०डी० स्तर से 01, सिचाई विभाग से 01 एवं रेल्वे से 01 एन०ओ०सी० अभी तक निर्गत नहीं जा सकी है। इस पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद बांदा के स्तर से लम्बित एन०ओ०सी० के सम्बन्ध में पूछे जाने पर उनके द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यालय स्तर से डिमाण्ड नोट जारी कर दिया गया है, जैसे ही कार्यदायी संस्था, कम्पनी धनराशि जमा करेगी एन०ओ०सी० निर्गत कर दी जायेगी। खैरार जंक्शन (बांदा जिला, यूपी) पर 12इंच सीएस पाइपलाइन बिछाने के लिए मांगी गई अनुमति हेतु आगे की मंजूरी के लिए संयुक्त सर्वेक्षण रिपोर्ट प्रस्ताव अभी लम्बित है। इस पर उपस्थित रेल्वे अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि एन०ओ०सी० से सम्बन्धित कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इसका शीघ्र निस्तारण उच्च स्तर से करा लिया जायेगा।

# एसपी ने व्यापार मंडल के साथ की महत्वपूर्ण बैठक



जिला संवाददाता

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने रिजर्व पुलिस लाइन के सम्मेलन कक्ष में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक का उद्देश्य व्यापारियों की समस्याओं को सुनना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था। बैठक में व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों को विस्तार से रखा। पुलिस अधीक्षक ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखते हुए व्यापारिक गतिविधियों की सुरक्षा एवं सुचारु संचालन की पूरी गारंटी दी जाएगी। साथ ही, पुलिस और व्यापार मंडल के बीच समन्वय एवं संवाद को और मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया। एसपी ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा प्रशासन की प्राथमिकता है। चोरी, लूट या अन्य अपराधों से बचाव के लिए पेट्रोलिंग बढ़ाई जाएगी और सीसीटीवी नेटवर्क को मजबूत किया जाएगा। व्यापारियों ने बाजारों में पार्किंग, स्ट्रीट लाइटिंग और रात्रिकालीन सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सुझाव दिए, जिन्हें एसपी ने तुरंत लागू करने का भरोसा दिलाया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक फतेहपुर ज्ञान प्रकाश राय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसी नियमित बैठकों से आपसी विश्वास बढ़ेगा।

# जनगणना-2027, स्वगणना के प्रति जागरूक हुए शिक्षक और छात्र-छात्राएं

**ललितपुर।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के अंतर्गत चल रही स्वगणना प्रक्रिया को लेकर गुरुवार, 14 मई 2026 को पहलवान गुरुदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं को स्वगणना की प्रक्रिया, उसके महत्व तथा नागरिक सहभागिता के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेश कुमार झा ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जनगणना किसी भी देश की विकास योजनाओं का महत्वपूर्ण आधार होती है। सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, संसाधनों के वितरण तथा भविष्य की नीतियों के निर्माण में जनगणना के आंकड़ों की अहम भूमिका रहती है। उन्होंने सभी से अपील की कि जनगणना-2027 के अंतर्गत चल रही स्वगणना प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लें और अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें।

उप प्राचार्य रामलाल रैकवार ने छात्र-छात्राओं को स्वगणना की ऑनलाइन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा 7 मई 2026 से 21 मई 2026 तक स्वगणना की सुविधा शुरू की गई है, जिसके तहत नागरिक स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपने परिवार एवं मकान संबंधी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि नागरिकों को सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट एसई डॉट सेन्सस डॉट जीओव्हीडॉट इन पर जाकर राज्य का चयन करना होगा तथा मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण करना होगा। इसके बाद परिवार एवं मकान से संबंधित जानकारी भरनी होगी। सभी जानकारी सही ढंग से दर्ज करने के बाद नागरिकों को एक एनुमेरेशन आईडी प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक है। बाद में जनगणना अधिकारी के घर आने पर केवल यही एसई आईडी दिखानी होगी।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को बताया गया कि स्वगणना के दौरान लगभग 33 प्रश्न पूछे जाएंगे, जिनमें घर का प्रकार, बिजली, पानी, शौचालय, परिवार के सदस्य, मोबाइल, टीवी, इंटरनेट जैसी सुविधाओं से संबंधित जानकारी शामिल होगी। सही एवं समय पर दी गई जानकारी देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती है।

इस अवसर पर हरि ओम शरण सेन, भागचन्द्र कुशवाहा सहित महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी को स्वगणना के प्रति जागरूक रहने तथा अपने परिवार, पड़ोस एवं समाज के अन्य लोगों को भी जनगणना-2027 में सहभागिता के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। इस दौरान असि0 प्रो0 नसीम खान, असि0 प्रो0 सतीश सोनगिरकर, असि0 प्रो0 रमाकांत सिंह असि0 प्रो0 हरिओम शरण सेन असि0 प्रो0 राहुल विश्वकर्मा असि प्रो0 भागचन्द्र कुशवाहा, असि0 प्रो0 राजेश राय, असि0 प्रो0 साहिबा वरिष्ठ लिपिक शोभाराम जगत झा गोपाल यादव विशाल यादव विनोद झा और सभी विभागों से छात्र छात्राएं उपस्थित हुए।

## नदी पुल पर लाइट व सीसीसी कैमरे लगवाने की मांग



**बांदा।** पैलानी स्थित केन नदी के पुल पर ग्राम एवं क्षेत्रवासियो ने रात्रि में प्रकाश के लिए लाइट व सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग की है। इस पुल पर रात्रि में प्रकाश की कोई व्यवस्था न होने से अपराधी प्रवृत्ति के लोग सक्रिय हो जाते हैं। यहां तक कि कई बार लोग रात में हत्या करके पुल के ऊपर से ही लाश को फेंक कर चले जाते है। अंधेरे का फायदा उठाकर कुछ लोगों ने पुल से कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास भी किया है। पिछले वर्ष एक स्थानीय युवक ने पुल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी इसलिए लोगों का मानना है कि रात्रि में पुल पर रोशनी का प्रबंध होना चाहिए। सीसी कैमरे लगाए जाने चाहिए। इससे अपराधियों का पता आसानी से लग सके। प्रकाश होने से आपराधिक घटनाएं कम होंगी। स्थानीय लोगों ने जिलाधिकारी को भी प्रार्थनापत्र दिया। अभी तक इस पर कोई प्रगति नहीं हुई। ग्रामीण ध्रुवकुमार, नीरज सिंह, अंश विश्वकर्मा, सागर विश्वकर्मा, प्रिंस आदि ने हस्ताक्षरित मांग पत्र मुख्यमंत्री को भेजा है। इनका कहना है कि सीसीटीवी कैमरे, लाइट लगवाने की मांग पहले भी कई बार की जा चुकी है लेकिन कोई सुनाई नहीं होती।

## आठ पड़ोसियों पर जानलेवा हमला करने का मुकदमा दर्ज

**बांदा।** पुरानी रंजिश के चलते युवक ने आठ पड़ोसियों पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि हमलावर उसकी जमीन पर कब्जा करना चाहते है। कस्बा के अतर्रा मार्ग में देविननगर मोहल्ला निवासी छोटेलाल कुशवाहा पुत्र भगवानदीन ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया है कि उसके पड़ोस में रहने वाले आधा दर्जन लोगों से 10 मई की रात झगड़ा हुआ था। इसी खुन्नस में 11 मई की रात जब वह अपने दरवाजे पर सोया था तभी वार्ड सभासद आदित्य त्रिपाठी अपने साथियों रज्जू, अंकुर, शैलू, अजय, शाहआलम, रामनरेश व चार पांच अज्ञात लोगों के साथ लाठी डंडे और कुल्हाड़ी लेकर आये और उसके साथ मार पीट की। आवाज लगाने पर उसकी माँ बाहर निकली तब हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घटना में सिर फटने और हाथ टूटने की जानकारी दी है बताया है कि जमीन पर कब्जा करने की नीयत से हमला किया गया है। कोतवाली पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध हत्या के प्रयास सहित आधा दर्जन बीएनएस की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी सभासद के पिता लखन त्रिपाठी ने बताया कि 10 मई की रात ऊक्त ने पड़ोसी रामनरेश गर्ग आदि के ऊपर जानलेवा हमला किया था जिसका मुकदमा लिखाया गया है। खुद को मुकदमा से बचने के लिए फर्जी मुकदमा दर्ज करा रहा है।

# प्राधिकरण अध्यक्ष ने जिला जेल का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में गुरुवार को जिला कारागार ललितपुर का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के निदेर्शानुसार सचिव देवप्रिय सारस्वत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

इस दौरान कारागार की विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया। सबसे पहले कारागार की पाकशाला (रसोईघर) का निरीक्षण किया गया, जहां भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता, खाद्य सामग्री के भंडारण तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थाओं की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान रसोईघर की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। इसके बाद अधिकारियों ने पुरुष बंदी बैरक का निरीक्षण कर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और शौचालयों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी गईं तथा उन्हें निरूशुल्क विधिक सहायता के अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। निरीक्षण टीम ने महिला बंदी बैरक में भी पहुंचकर महिला बंदियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इसके अलावा अस्पताल बैरक का निरीक्षण करते हुए उपचाराधीन बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण, औषधियों की उपलब्धता, चिकित्सीय अभिलेखों और साफ-सफाई व्यवस्था का परीक्षण किया गया। आवश्यक चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध पाई गईं। सचिव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बंदियों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि पात्र बंदियों को निरूशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया विधिसम्मत रूप से संचालित हो रही है और कोई भी बंदी विधिक सहायता से वंचित न रहे। निरीक्षण के समय जिला कारागार अधीक्षक विजय कुमार राय, प्रभारी जेलर दीपक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के अंत में कारागार परिसर की समग्र स्वच्छता एवं व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं।

> बंदियों को नि:शुल्क विधिक सहायता और स्वास्थ्य सुविधाओं की ली जानकारी

# सूखे तालाबों ने बढ़ायी चिंता, प्यास से तड़प रहे मवेशी और पक्षी



**बांदा।** भीषण गर्मी और लगातार गिरते जलस्तर ने जनपद में जल संकट को गंभीर बना दिया है। बड़ोखरखुर्द ब्लाक सहित सभी आठो ब्लाक में तीन सैकड़ा ग्राम पंचायतों के दर्जनों तालाब पूरी तरह सूख चुके हैं। हालात यह हैं कि कभी पशु-पक्षियों और ग्रामीणों की प्यास बुझाने वाले तालाब अब सूखी जमीन में तब्दील हो गए हैं। तालाबों में पानी न होने से अन्ना मवेशियों, पशु-पक्षियों और छोटे जीव-जंतुओं के सामने जीवन का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि तालाबों को ट्यूबवेल से भरने और जल संरक्षण के नाम पर केवल कागजी दावे किए जा रहे हैं, जबकि धरातल पर अधिकांश तालाब महीनों से सूखे पड़े हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जल्द पानी की व्यवस्था कराने की है।

> कागजों में भरे तालाब, जमीन पर सूखी हकीकत

बड़ोखर ब्लाक के पल्हरी, अरबई के नए खोदे गए किसानों के तालाबों सहित जसपुरा गांव के कल्ट्री तालाब, तिवारी तालाब, गौतमबुद्ध तालाब और संतकबीर तालाब में महीनों से पानी नहीं है। ग्रामीण बताते हैं कि इन तालाबों में अब एक बूंद पानी भी शेष नहीं बचा। बरेहटा गांव का मॉडल तालाब, डिप्पा डेरा, शिवरामपुर तालाब और रहुनिया तालाब भी सूख चुके हैं। अमारा गांव के डूडी तालाब और मरोहला तालाब की स्थिति भी खराब है। गौरीकला गांव का लाला का डेरा और भिटारी तालाब भी सूखे हैं, जबकि सिकहुला गांव के गाते बाबा तालाब, क्योटरा तालाब और रामपुर तालाब में भी पानी समाप्त हो चुका है। तालाब सूखने का सबसे ज्यादा असर अन्ना मवेशियों पर दिखाई दे रहा है। भीषण गर्मी में मवेशी पानी की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं। कई जगह पशु सूखे तालाबों के किनारे खड़े नजर आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते पानी की व्यवस्था नहीं की गई तो मवेशियों की हालत और खराब हो सकती है। तालाबों में पानी खत्म होने से पक्षियों और अन्य जीव-जंतुओं के लिए भी संकट गहरा गया है। पहले जहां तालाबों के आसपास पक्षियों की चहचहाहट सुनाई देती थी, वहां अब सन्नाटा पसरा है। ग्रामीणों के अनुसार तेज गर्मी और पानी की कमी से कई पक्षियों की मौत तक हो चुकी है। पंकज शिवहरे, रंजीत, श्रीराम सिंह, धनंजय सिंह आदि ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हर साल तालाबों की सफाई, गहरीकरण और जलभराव के नाम पर लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं, लेकिन उसका लाभ धरातल पर दिखाई नहीं देता।

कई तालाबों में न तो समय से सफाई हुई और न ही पानी भरवाने की व्यवस्था की गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सूखे पड़े तालाबों में तत्काल पानी भरवाया जाए। साथ ही जल संरक्षण को लेकर स्थायी योजना बनाकर तालाबों के संरक्षण और पुनर्जीवन का कार्य कराया जाए, ताकि गर्मी के मौसम में पशु-पक्षियों और ग्रामीणों को राहत मिल सके।

## खंभे पर चढ़ा युवक, पुलिस ने उतारा



**बांदा।** औगासी रोड में एक युवक 33 हजार हाईटेंशन विद्युत लाइन के खंभे में चढ़कर घंटो ड्रामा करता रहा। पुलिस ने किसी तरह समझाकर नीचे उतरवाया। कस्बे के औगासी रोड स्थित मांगलीराम विद्यालय के पास श्रंगार थोक निवासी सुनील राजपूत पुत्र लोटन गुरुवार की सुबह अपने खेतो के पास से निकली 33 हजार हाईटेशन विद्युत लाइन के खंभे में चढ़ गया। घंटो ड्रामा करता रहा, जैसे ही आसपास के लोगो ने देखा तो पुलिस व परिजनों को सूचना दी। मौके पर बबेरू कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजावत मय फोर्स के साथ पहुंचे। परिजन व पुलिस घंटो समझाती रही, लेकिन खंभे से नही उतरा।

जब कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजावत ने कहा की नीचे उतरकर आओ अपनी समस्या बताओ तुम्हारी पूरी तरह से मदद की जाएगी, तब काफी देर में पुलिस के समझाने के बाद खंभे में चढ़ा सुनील राजपूत नीचे उतरा। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि अब बताओ तुम्हारी क्या समस्या है। इस पर सुनील राजपूत ने बताया कि मुझे 25 लाख रुपए का लोन चाहिए, ताकि मैं कोई बिजनेस कर सकूं। अपना खर्च परिवार का खर्च निकाल सकूं। पुलिस ने कहा कि तुम कोई काम करो अपना खर्च स्वयं निकाल सकते हो। पुलिस ने कहा कि लोन का काम बैंक का होता है, जहां हमारी जरूरत पड़े वहा हमको बताओ। पुलिस ने युवक सुनील राजपूत को उसके पिता लोटन व उसकी पत्नी के समक्ष सुपुर्द किया।

# बाइक ने पीछे से मारी टक्कर महिला की मौत, दूसरी घायल

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र अंतर्गत मुकटौरा रोड पर सोमवार रात हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उनकी बहू गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस ने पीड़ित परिवार की तहरीर पर आरोपी मोटरसाइकिल चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मुकटौरा निवासी करन वंशकार पुत्र स्व.आनन्दी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 मई 2026 की रात करीब 8 बजे वह अपनी प्लेटिना मोटरसाइकिल (यू.पी. 94 एम 4817) से तालबेहट से अपने घर लौट रहे थे। उनकी बाइक पर पीछे उनकी माता हरबू और पत्नी राधा बैठी थीं।

बताया गया कि जब वह मुकटौरा रोड पर चन्दू कुशवाहा के मकान के सामने पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे मोटरसाइकिल चालक जगदीश यादव, निवासी ग्राम मुकटौरा मजरा सासा, ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े। हादसे में हरबू और राधा गंभीर रूप से घायल हो गईं। आसपास मौजूद लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल सीएचसी तालबेहट ले जाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल ललितपुर रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान डॉक्टरों ने हरबू को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल राधा की हालत नाजुक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां उनका इलाज जारी है। घटना के बाद मृतका के परिवार में कोहराम मच गया। पीड़ित की तहरीर पर थाना तालबेहट पुलिस ने आरोपी चालक जगदीश यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125(ए),125(बी), 106(1) के तहत मामला दर्ज किया है।

## कोर्ट ने अधिशासी अभियंता विद्युत को किया तलब

ललितपुर। जनपद की अदालत ने न्यायालय के आदेशों के अनुपालन में लापरवाही बरतने के मामले में बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को नोटिस जारी कर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

यह आदेश एडीजे (जूनियर डिवीजन) एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट राखी भदौरिया की अदालत से जारी किया गया है। बताया गया है कि न्यायालय में इजराय वाद संख्या 07/2025, बलराम कुशवाहा बनाम अधिशासी अभियंता का मामला लंबित चल रहा है। मामले में डिक्रीधारक की ओर से न्यायालय को अवगत कराया गया कि न्यायालय द्वारा पूर्व में दिए गए आदेशों का अब तक पालन नहीं किया गया है। न्यायालय ने अपने नोटिस में उल्लेख किया है कि संबंधित अधिकारी को 3 जनवरी 2026 को आदेशों के अनुपालन के लिए अंतिम अवसर दिया गया था। इसके बाद विभाग की ओर से साक्ष्य प्रस्तुत किए जाने का निवेदन किया गया, लेकिन 20 जनवरी 2026 से अब तक न तो कोई ठोस कार्रवाई की गई और न ही न्यायालय के समक्ष कोई साक्ष्य प्रस्तुत किया गया।

क्षेत्रीय कार्यालय-यू0पी0कोआपरेटिव फेडरेशन लि0
चित्रकूटधाम, मण्डल-बांदा
पत्रांकःपी०सी०एफ०/क्षे0का0/ उर्वरक परिवहन/ई-टेण्डर/2026-27/81 दिनॉकः-14.05.2026
निविदा पुनः ई-टेण्डर की सूचना
परिवहन ठेकेदारों/फर्मस/कम्पनीज से दिनांक 31.03.2028 तक चित्रकूटधाम, मण्डल-बांदा के जनपद हमीरपुर में उर्वरक एवं बीज परिवहन, रैक हैण्डलिंग, रिबैगिंग तथा पल्लेदारी कार्य हेतु ई-निविदायें यू०पी० ई-टेण्डर बेवसाइट https/etender.up.nic.in से डाउनलोड कर दिनांक- 22.05.2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक उक्त पर अपलोड की जायेंगी। निविदा प्रपत्र एवं सम्बन्धित समस्त जानकारी नियम व शर्ते उपर्युक्त बेवसाइट पर उपलब्ध हैं। निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/ मुख्यालय/ प्रबन्ध निदेशक, महोदय के पास सुरक्षित रहेगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी।
क्षेत्रीय प्रबन्धक
पी.सी.एफ.
चित्रकूटधाम मण्डल बाँदा

## संक्षेप

### बजाज समूह के 100 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया

बंगलुरु। बजाज ग्रुप ने आज व्यवसाय के 100 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने इस मील के पत्थर पर अपनी शुभकामनाएं दीं, जो भारत की अपनी यात्रा स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर इसके वैश्विक आर्थिक उत्थान तक को दशार्ता है। 1926 में मुंबई (तत्कालीन बॉम्बे) में जमनालाल बजाज द्वारा स्थापित यह समूह आज हर तीन में से एक भारतीय घर की सेवा करता है और इसमें 1,30,000 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। 100 से अधिक कंपनियों, 100 से अधिक देशों में निर्यात और स्वास्थ्य सेवा में आगामी प्रवेश के साथ, बजाज ग्रुप ने ऑटोमोबाइल, वित्तीय सेवाओं, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और इंजीनियरिंग में भारत के सबसे भरोसेमंद ब्रांडों में से एक का निर्माण किया है। इसकी कुछ सूचीबद्ध कंपनियों में बजाज ऑटो, बजाज फिनसर्व, बजाज होल्डिंग्स एंड इन्वेस्टमेंट, बजाज फाइनेंस, बजाज हाउसिंग फाइनेंस, बजाज इलेक्ट्रिकल्स और मुकंद शामिल हैं।

### फिक्की फ्लो ने श्रीलंका से आये महिला संसदीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया

नई दिल्ली। फिक्की लेडीज ऑर्गनाइजेशन ने श्रीलंका से आए महिला संसदीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व श्रीलंका सरकार में महिला एवं बाल मामलों की मंत्री, सरोजा सावित्री पॉलराज कर रही थीं। फ्लो ने प्रतिनिधिमंडल के विशिष्ट सदस्यों के साथ भारत और श्रीलंका के बीच द्विपक्षीय व्यापार, सांस्कृतिक संबंधों और सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की। इस चर्चा सत्र के दौरान, बातचीत का मुख्य केंद्र महिलाओं का नेतृत्व, समावेशी विकास, निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में महिलाओं की अधिक भागीदारी और द्विपक्षीय सहयोग को और गहरा करना रहा; विशेष रूप से महिलाओं के नेतृत्व, उद्यमिता और आर्थिक भागीदारी के क्षेत्रों में। दोनों पक्षों ने दोनों देशों के बीच संबंधों को और गहरा करने तथा महिला व्यापार प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान को बढ़ाने की अपनी साझा प्रतिबद्धता को दोहराया। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए फिक्की फ्लो की अध्यक्ष, पूजा गर्ग ने कहा कि भारत और श्रीलंका के बीच एक ऐसा रिश्ता है जो वास्तव में कालातीत है। हमारे संबंध 2,500 वर्षों से भी अधिक पुराने हैं, जिनकी जड़ें साझा सभ्यतागत मूल्यों, सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक परंपराओं और लोगों के बीच मजबूत आपसी जुड़ाव में गहरी जमी हुई हैं।

### इजरायली सिविल कमीशन की रिपोर्ट जारी

बंगलुरु। आज सिविल कमीशन ने महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध की अपनी 300 पेज की जाँच रिपोर्ट पेश की। इस रिपोर्ट में जाँचकताओं ने व्यापक प्रमाण और रिकॉर्ड पेश किए हैं, जिनसे यह खुलासा होता है कि ये जघन्य अत्याचार हिंसा की आकस्मिक घटनाओं की बजाय युद्ध के सोचे-समझे हथियार थे। ये नतीजे डॉ. कोचाव एल्कायम-लेवी के नेतृत्व में की गई दो साल की तहकीकात के बाद मिले हैं। जाँचकताओं द्वारा 10,000 से अधिक फोटो, वीडियो तथा 1,800 घंटे से अधिक के विज्युअल प्रमाणों की समीक्षा की गई। पीड़ितों, गवाहों, वापस आए बंधकों, विशेषज्ञों और उनके परिवार के सदस्यों के 430 से अधिक साक्षात्कार लिए गए, उनके बयान दर्ज किए गए तथा उनके साथ बैठकें की गईं। कमीशन के अनुसार, पीड़ितों में 52 देशों के नागरिक शामिल थे, जिससे स्पष्ट होता है कि इन अपराधों का दायरा अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक फैला था।

### कच्चे तेल के वायदा भाव में तेजी

नयी दिल्ली। मजबूत हाजिर मांग के बाद कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से वायदा कारोबार में बृहस्पतिवार को कच्चा तेल की कीमत 14 रुपये की तेजी के साथ 9,725 रुपये प्रति बैरल हो गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का जून माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 14 रुपये या 0.14 प्रतिशत की तेजी के साथ 9,725 रुपये प्रति बैरल हो गया। इसमें 3,577 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार बढ़ाने से कच्चातेल वायदा कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.51 प्रतिशत की तेजी के साथ 101.54 डॉलर प्रति बैरल हो गया।

# सेंसेक्स में 790 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और सेंसेक्स करीब 790 अंक चढ़कर बंद हुआ। दूरसंचार, दवा और निजी बैंकिंग शेयरों में खरीदारी आने से बाजार को मजबूती मिली।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 789.74 अंक यानी 1.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75,398.72 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स ने सत्र की मजबूत शुरुआत की लेकिन जल्द ही यह नकारात्मक दायरे में चला गया। हालांकि, दूरसंचार और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी लौटने से यह एक समय 1,000 अंक से अधिक चढ़कर 75,681.88 अंक के स्तर तक पहुंच गया था। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी भी 277 अंक यानी 1.18 प्रतिशत चढ़कर 23,689.60 अंक पर बंद हुआ। इस तरह बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख कायम रहा।

सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल में सर्वाधिक पांच प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। कंपनी का वार्षिक राजस्व पहली बार दो लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचने के बाद निवेशकों की दिलचस्पी बढ़ी। इसके साथ इटर्नल में 3.32 प्रतिशत और एचडीएफसी बैंक में 2.67 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, टाइटन, आईटीसी और एसबीआई में भी बढ़त रही। दूसरी तरफ इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टीसीएस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एक्सिस बैंक और मारुति सुजुकी के शेयरों में गिरावट रही। रुपये के रिकॉर्ड निचले स्तर और कच्चे तेल की उंची कीमतों के बावजूद बाजार ने दिन के निचले स्तर से मजबूत वापसी की। सरकार द्वारा रुपये की कमजोरी को संभालने के संभावित कदमों, जैसे विदेशी निवेशकों के लिए बॉन्ड कर राहत और पूंजी बहिर्गमन रोकने के उपायों की उम्मीद से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.86 प्रतिशत बढ़ गया जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप में 0.40 प्रतिशत की तेजी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में दूरसंचार खंड में सर्वाधिक 2.87 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई जबकि स्वास्थ्य देखभाल खंड में 2.08 प्रतिशत, धातु खंड में 2.03 प्रतिशत और उपयोगिता खंड में 1.59 प्रतिशत की तेजी देखी गई। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,107 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि 2,076 शेयरों में गिरावट रही और 190 अन्य के भाव अपरिवर्तित रहे। पिछले दो कारोबारी सत्रों से जारी तेजी का असर यह हुआ कि बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण 6.82 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 462,85,684.68 करोड़ रुपये (4.83 अरब डॉलर) हो गया।

# रुपया सात पैसे टूटकर 95.73 प्रति डॉलर के नये सार्वकालिक निचले स्तर पर



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले और कमजोर होकर रिकॉर्ड निचले स्तर 95.73 (अस्थायी) पर रहा।

मजबूत अमेरिकी डॉलर और उंची ऊर्जा कीमतों के कारण बढ़ती मुद्रास्फीति की चिंताओं के बीच घरेलू मुद्रा में यह गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि मुद्रास्फीति की चिंताओं और वैश्विक बाजार में डॉलर की मजबूती के कारण रुपये में कमजोर रुख बना रह सकता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी से भारत के कच्चे तेल आयात पर असर पड़ा है। कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि से ईंधन आयात भी महंगा हो गया है। कारोबारियों के अनुसार, कच्चे तेल की उंची कीमतों, मजबूत डॉलर और पश्चिम एशिया संकट को लेकर चिंताओं के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई है, जिससे रुपया इस वर्ष एशिया की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा बन गया है। इस साल अब तक इसमें छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट आ चुकी है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 95.74 पर कमजोर खुला। दिनभर उतार-चढ़ाव वाले कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर 95.61 के उच्च स्तर और 95.96 के सर्वकालिक निचले स्तर तक गई। अंत में रुपया 95.73 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से सात पैसे की गिरावट है। बुधवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 95.80 के रिकॉर्ड निचले स्तर तक पहुंच गया था और अंत में 95.66 पर बंद हुआ था। मुद्रास्फीति की चिंताओं और मजबूत डॉलर के कारण रुपये में नकारात्मक रुख बने रहने की उम्मीद है। अमेरिका में बढ़ती मुद्रास्फीति से फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कमजोर पड़ी है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव तथा विदेशी कोषों की निकासी भी रुपये पर दबाव बना सकती है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक के संभावित हस्तक्षेप और सोने-चांदी पर आयात शुल्क बढ़ाए जाने जैसे कदम निचले स्तर पर रुपये को कुछ समर्थन दे सकते हैं।

# बिहार में अगले पांच साल में हवाई क्षेत्र को 10 गुना बढ़ाने का लक्ष्य : मुख्यमंत्री

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगले पांच साल में राज्य में हवाई संपर्क को 10 गुना बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि प्रदेश से हर वर्ष चार से पांच करोड़ लोग हवाई यात्रा कर सकें।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दरभंगा हवाई अड्डे की सुरक्षा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को सौंपे जाने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान यह बात कही।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन सीमित स्तर पर किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों से ईंधन की बचत और अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित करने तथा आवश्यकतानुसार कम वाहनों के उपयोग का आह्वान किया है। इसी के अनुरूप राज्य सरकार ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को न्यूनतम वाहनों के उपयोग के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मिथिला की धरती भारतीय संस्कृति को समृद्ध बनाने वाली भूमि है और यहां के उत्पादों की पहचान वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ रही है। मखाना को आज दुनिया सुपर फूड के रूप में जानती है और इसकी पहचान मिथिलांचल से जुड़ी है।

# यात्री वाहनों की थोक बिक्री बढ़ी

नयी दिल्ली। घरेलू यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में सालाना आधार पर 25.4 प्रतिशत बढ़कर 4,37,312 इकाई हो गई। इससे पिछले साल की तेजी को बरकरार रखते हुए नए वित्त वर्ष की मजबूत शुरुआत हुई है। उद्योग निकाय सियाम ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

अप्रैल 2025 में थोक बिक्री 3,48,847 इकाई रही थी। सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने बयान में कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध के कारण वस्तुओं की उंची कीमतों की चिंताओं के बावजूद मोटर वाहन उद्योग में अच्छी मांग देखी जा रही है। यूटिलिटी वाहनों ने यात्री वाहन (पीवी) खंड में मात्रा वृद्धि को आगे बढ़ाना जारी रखा और अप्रैल में इनकी बिक्री 21.5 प्रतिशत बढ़कर 2,44,280 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष अप्रैल में 2,01,062 इकाई थी। सियाम के अनुसार, यात्री कार की थोक बिक्री भी पिछले महीने 32.7 प्रतिशत बढ़कर 1,20,945 इकाई हो गई, जो एक वर्ष पहले की समान अवधि में 91,148 इकाई थी। घरेलू बाजार में वैन की बिक्री पिछले महीने 14.4 प्रतिशत बढ़कर 13,087 इकाई रही जो अप्रैल 2025 में 11,438 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री पिछले महीने 28.4 प्रतिशत बढ़कर 18,72,691 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष अप्रैल में 14,58,784 इकाई थी। आंकड़ो के अनुसार, अप्रैल 2026 में मोटरसाइकिल की बिक्री 30.6 प्रतिशत बढ़कर 11,38,452 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष के समान महीने में 8,71,666 इकाई थी। इसी प्रकार, स्कूटर की बिक्री पिछले महीने 26.2 प्रतिशत बढ़कर 6,91,993 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 5,48,370 इकाई थी। इसी तरह, तिपहिया वाहनों की थोक बिक्री 32.8 प्रतिशत बढ़कर 65,668 इकाई हो गई जो अप्रैल 2025 में 49,441 इकाई थी। उद्योग निकाय के अनुसार, अप्रैल में सभी श्रेणियों में कुल थोक बिक्री 27.9 प्रतिशत बढ़कर 23,16,671 इकाई हो गई जो पिछले वर्ष के समान महीने में 18,11,876 इकाई थी। इस प्रदर्शन पर सियाम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा, वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही की गति को जारी रखते हुए।

# संयुक्त राष्ट्र की संस्था आईएफएडी की भारत में कृषि स्टार्टअप में सीधे निवेश की योजना

नयी दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र की संस्था अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी) भारत में पहली बार कृषि स्टार्टअप कंपनियों में सीधे निवेश करने की तैयारी कर रहा है और इसका अगले एक साल में तीन-चार सौदों को अंतिम रूप देने का इरादा है।

इसके साथ ही आईएफएडी अब अपने वित्तपोषण मॉडल को बदलकर अनुदान पर कम और निजी निवेश पर ज्यादा ध्यान दे रहा है। आईएफएडी के सह उपाध्यक्ष (कंट्री ऑपरेशंस) डोनल ब्राउन ने यहां पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि संगठन अब भारत की उभरती कृषि-उद्यमिता पारिस्थितिकी में सक्रिय रूप से अवसर तलाश रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में संस्था के निजी क्षेत्र प्रकोष्ठ की टीम भारत आई थी और विभिन्न प्रस्तावों का आकलन किया। एजेंसी को अब तक चार से पांच प्रस्ताव मिले हैं, जिनमें कृषि स्टार्टअप, ग्रामीण वित्त और डिजिटल मंच शामिल हैं। आईएफएडी और भारत सरकार ने 12 मई को देश के लिए नई आठ-वर्षीय रणनीति शुरू की, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जलवायु और आर्थिक मजबूती बढ़ाना है। वित्त और कृषि मंत्रालयों के साथ मिलकर तैयार इस रणनीति के केंद्र में 110 आकांक्षी जिले और गरीब राज्य हैं। भारत में आईएफएडी का मौजूदा पोर्टफोलियो लगभग 1.2 अरब डॉलर का है।

# विदेशी उधारी प्रस्ताव घटकर 5.43 अरब डॉलर पर



मुंबई। पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव के बीच भारतीय कंपनियों एवं ऋणदाताओं द्वारा विदेशी कर्ज (ईसीबी) जुटाने के प्रस्ताव मार्च में घटकर 5.43 अरब डॉलर रह गए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

ईसीबी ऐसे वाणिज्यिक ऋण होते हैं जिन्हें पात्र भारतीय संस्थाएं मान्यता-प्राप्त विदेशी संस्थाओं से लेती हैं। आरबीआई के अनुसार, यह आंकड़ा मार्च, 2025 के 11.04 अरब डॉलर की तुलना में लगभग आधा है जबकि फरवरी, 2026 के 4.59 अरब डॉलर से अधिक है। कुल उधारी प्रस्तावों में सामान्य अनुमति के तहत 5.22 अरब डॉलर और विशेष अनुमति के तहत 21.2 करोड़ डॉलर के प्रस्ताव शामिल हैं। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, पूंजीगत व्यय में सुस्ती की चिंताओं के बीच मार्च में नई परियोजनाओं के लिए 19 प्रस्ताव दाखिल किए गए, जिनके तहत 1.14 अरब डॉलर की विदेशी उधारी का इरादा जताया गया। वहीं, 1.22 अरब डॉलर का उपयोग मौजूदा विदेशी वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) या रुपये में लिए गए कर्ज के पुनर्वित्तपोषण के लिए प्रस्तावित है। विदेशी उधारी जुटाने के प्रमुख प्रस्तावों में राजस्थान पार्ट-I ट्रांसमिशन ने नई परियोजनाओं के लिए 75 करोड़ डॉलर जुटाने का प्रस्ताव शामिल है। इसके अलावा, अदाणी ट्रांसमिशन स्टेप-वन ने भी मौजूदा ईसीबी के पुनर्वित्तपोषण के लिए 50 करोड़ डॉलर जुटाने का प्रस्ताव दाखिल किया। वित्तीय कंपनियों में आईआईएफएल फाइनेंस ने अंतराष्ट्रीय बाजार से 50 करोड़ डॉलर जुटाने की मंशा जताई जबकि भारतीय रेल वित्त निगम और बजाज फाइनेंस ने क्रमशः 39.16 करोड़ डॉलर और 30 करोड़ डॉलर के प्रस्ताव दिए। पिछले कुछ महीनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में उधारी लागत बढ़ी है और अमेरिका के 10-वर्षीय ट्रेजरी बॉन्ड का प्रतिफल 0.20-0.30 प्रतिशत तक बढ़ने से विदेशी और घरेलू उधारी लागत के बीच अंतर कम हुआ है। इससे पहले, आरबीआई ने ईसीबी नियमों को उदार बनाते हुए कंपनियों को अधिक उधारी सीमा, मुद्रा में बदलाव और कर्ज को गैर-ऋण साधन में बदलने जैसी सुविधाएं दी हैं। नए दिशानिर्देशों के तहत कारोबार पुनर्गठन या दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही कंपनियां भी विदेशी उधारी के जरिये धन जुटा सकती हैं।

# भारत ने चीनी के निर्यात पर 30 सितंबर तक लगायी रोक

नयी दिल्ली। देश ने चीनी के निर्यात पर 30 सितंबर तक तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गयी है।

इससे पहले चीनी निर्यात प्रतिबंधित श्रेणी में आता था जिसका निर्यात करने के लिए लाइसेंस की आवश्यकता होती थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 13 मई को जारी अधिसूचना में कहा, चीनी (कच्ची चीनी, सफेद चीनी एवं परिष्कृत चीनी) की निर्यात नीति को तत्काल प्रभाव से 30 सितंबर, 2026 तक या अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) प्रतिबंधित से निषिद्ध कर दिया गया है। यह आदेश हालांकि, क्रमशः सीएक्सएल और शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) व्यवस्था के तहत यूरोपीय संघ और अमेरिका को निर्यात की जाने वाली चीनी पर लागू नहीं होगा। इन व्यवस्थाओं के तहत निर्यातकों को निर्धारित मात्रा में चीनी को इन गंतव्यों पर काफी कम या शून्य सीमा शुल्क पर भेजने की अनुमति मिलती है। विदेश व्यापार महानिदेशालय का यह आदेश अग्रिम प्राधिकरण योजना, सरकार-से-सरकार निर्यात और उन खेपों पर लागू नहीं होगा जो पहले से भौतिक निर्यात प्रक्रिया में हैं। चीनी विपणन वर्ष 2025-26 (अक्टूबर से सितंबर) के लिए खाद्य मंत्रालय ने शुरुआत में 15 लाख टन निर्यात की अनुमति दी थी। फिर 5,00,000 टन का अतिरिक्त कोटा खोला गया जिसमें से केवल 87,587 टन को मंजूरी दी गई। इस प्रकार कुल मिलाकर लगभग 16 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति दी गई। खाद्य मंत्रालय और चीनी मिलों को उम्मीद थी कि समूचे 2025-26 विपणन वर्ष में 7.5-8 लाख टन का निर्यात होगा। भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा विनिर्माता संघ (इस्मा) के अनुसार, भारत का चीनी उत्पादन 2025-26 विपणन सत्र में अप्रैल तक 7.32 प्रतिशत बढ़कर 2.752 करोड़ टन हो गया। इसकी मुख्य वजह महाराष्ट्र और कर्नाटक में अधिक उत्पादन रहा। इस्मा ने अनुमान लगाया है कि एथनॉल में रूपांतरण के बाद 2025-26 सत्र में कुल उत्पादन 2.93 करोड़ टन रहेगा।

## पेज एक का शेष

### 30 मई से

प्रदेश, जम्मू कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर पूरे देश में यह कवायद संपन्न हो जाएगी। एसआईआर के तीसरे चरण का कार्यक्रम इस समय जारी जनगणना में मकानों की गिनती की प्रक्रिया में लगे कर्मियों के अनुरूप तय किया गया है। इन 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों की अंतिम मतदाता सूची इस साल अलग-अलग तारीख पर प्रकाशित की जाएगी। ओडिशा, सिक्किम, मिजोरम और मणिपुर में छह सितंबर को सूची जारी की जाएगी और आखिरी दौर में त्रिपुरा में 23 दिसंबर को प्रकाशित करने का कार्यक्रम है। दिल्ली की अंतिम मतदाता सूची कर्नाटक, मेघालय, महाराष्ट्र और झारखंड के साथ सात अक्टूबर को प्रकाशित की जाएगी। बिहार, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, गोवा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप में एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। असम में विशेष पुनरीक्षण किया गया था। एसआईआर के इस चरण को लेकर अपने संदेश में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, मैं सभी मतदाताओं से अपील करता हूं कि वे एसआईआर के तीसरे चरण में पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लें और अपने फॉर्म भरें। एसआईआर इस उद्देश्य के साथ किया जा रहा है कि सिर्फ पात्र मतदाताओं के नाम सूची में रहें और कोई भी अपात्र नाम नहीं रहे।

### मौसम से

विज्ञान विभाग द्वारा जारी खराब मौसम की चेतावनी के उपरान्त राहत आयुक्त कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम की ओर से सचेत पोर्टल के माध्यम से आम जनमानस को 34 करोड़ 64 लाख रेड एवं ऑरेंज चेतावनी संदेश भेजे गये हैं। कंट्रोल रूम को हाई एलर्ट पर रखते हुए प्रभावित परिवारों को दी जा रही सहायता राशि की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गये हैं। राहत आपदा हेल्प लाइन नम्बर 1070 पर कॉल आते ही तत्काल सहायता उपलब्ध करायी जा रही है। मुख्यमंत्री के निदेर्शानुसार राहत आयुक्त ने जिलाधिकारियों को जन प्रतिनिधियों के माध्यम से प्रभावित परिवारों को सहायता राशि का शत प्रतिशत वितरण कराने हेतु निर्देशित किया। सरकार प्राकृतिक आपदा में मृत्यु होने पर 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देगी। इसके अलावा 33 प्रतिशत से अधिक फसल क्षति होने पर किसानों को मुआवजा दिया जाएगा। यह वर्षा सिंचित क्षेत्र में 8500 रुपये प्रति हेक्टेयर, सुनिश्चित सिंचित क्षेत्र में 17 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर तथा 12 माही फसलों और कृषि वानिकी के लिए 22,500 रुपये प्रति हेक्टेयर निर्धारित किया गया है। यह सहायता अधिकतम दो हेक्टेयर भूमि वाले किसानों को दी जाएगी। अतिवृष्टि के कारण खेतों में जमा गाद और मलबा हटाने के लिए भी योगी सरकार ने 18 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर तक सहायता देने का प्रावधान किया है। इससे प्रभावित किसानों को दोबारा खेती शुरू करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सर्वे कार्य तेजी और पारदर्शिता के साथ पूरा किया जाए ताकि पात्र किसानों को समय पर राहत मिल सके। सरकार ने पशुपालकों को राहत देने के लिए भी व्यापक सहायता योजना लागू की है। दुधारू पशुओं जैसे गाय-भैंस की मृत्यु पर 37,500 रुपये तक सहायता दी जाएगी। बैल और घोड़े जैसे गैर दुधारू पशुओं के लिए 32 हजार रुपये तथा बछड़ा, गधा, खच्चर और टट्टू के लिए 20 हजार रुपये की सहायता तय की गई है। भेड़, बकरी और सुअर की क्षति पर भी 4 हजार रुपये प्रति पशु आर्थिक मदद दी जाएगी। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पशुपालन की अहम भूमिका को देखते हुए सरकार की यह पहल प्रभावित परिवारों को राहत देने में महत्वपूर्ण मानी जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। शासन स्तर से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है और प्रभावित जिलों में राहत वितरण की समीक्षा हो रही है। सरकार का फोकस इस बात पर है कि आपदा से प्रभावित किसानों, पशुपालकों और ग्रामीण परिवारों को समय पर सहायता मिल सके और वो जल्द सामान्य स्थिति में लौट सकें।

### वैश्विक संकट

में 96 लाख एमएसएमई यूनिट सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं, जिनमें लगभग तीन करोड़ लोगों को रोजगार मिला है। प्रदेश के पास आज 75,000 एकड़ का लैंड बैंक उपलब्ध है। इन्वेस्टमेंट की पहली शर्त सुरक्षा, दूसरी शर्त लैंड बैंक और तीसरी शर्त स्पष्ट नीति है। अब यूपी में पॉलिसी पैरालिसिस नहीं है। हमने 34 सेक्टरों के लिए अलग-अलग सेक्टोरल पॉलिसी बनाई है। अब नीति भी है, नीयत भी है और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने की इच्छाशक्ति भी। परिणाम यह है कि उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बेहतरीन निवेश गंतव्य बन चुका है। 9 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां दे चुके हैं। हम उन राज्यों में शामिल हैं, जिन्होंने नकल और पेपर लीक को संज्ञेय अपराध की श्रेणी में डालकर आजीवन कारावास और दोषी की संपत्ति जब्त करने जैसी कड़ी सजाओं का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज युवाओं के सामने पहचान का संकट नहीं है। पहले यूपी का नाम सुनकर लोग दस कदम पीछे हट जाते थे, आज वे यूपी वालों को सम्मान की नजर से देखते हैं। महिलाएं अब बिना किसी भय के शाम 6 बजे, 8 बजे, 10 बजे या रात 12 बजे भी घर लौट सकती हैं। नाइट शिफ्ट में महिलाएं ऑफिस और उद्योगों में काम कर रही हैं।

### होर्मुज के

में लकड़ी के इस पोत में आग लग गई और बाद में यह डूब गई। यह नौका सोमालिया से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के शारजाह की तरफ जा रही थी। मंगल ने कहा पोत पर सवार चालक दल के सभी 14 सदस्यों को ओमान तटरक्षक बल ने सुरक्षित बचा लिया है। वे ओमान के डिब्बा बंदरगाह पहुंच चुके हैं और सभी सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि इस नौका के चालक दल को जल्द भारत लाया जाएगा और इस संबंध में भारत सरकार ओमान प्रशासन तथा भारतीय दूतावास के साथ समन्वय बनाए हुए है। अधिकारियों के अनुसार, डूबी हुई नाव की लंबाई 57 मीटर और चौड़ाई 14 मीटर थी। यह लकड़ी से बनी एक पारंपरिक नौका थी जिसमें कई पाल लगे होते हैं। इस तरह के जहाजों का इस्तेमाल सदियों से हिंद महासागर क्षेत्र में व्यापार के लिए किया जाता रहा है। एलपीजी टैंकर की आवाजाही ऐसे समय में हुई है जब क्षेत्र में तनाव बरकरार है। मार्शल द्वीप ध्वज वाले पोत सिमी के 19,965 टन एलपीजी लेकर 16 मई को गुजरात के कांडला पहुंचने की उम्मीद है।

### वैश्विक चुनौतियों

है। विदेश मंत्री ने होर्मुज जलडमरूमध्य और लाल सागर से सुरक्षित और निर्बाध समुद्री आवाजाही सुनिश्चित करने की भी ज़ोरदार वकालत की और गाजा में लड़ाई के गंभीर मानवीय असर पर चिंता जताई। भारत की मेजबानी में हुई यह बैठक इसलिए और भी जरूरी हो गई है क्योंकि यह प्रभावशाली समूह पश्चिम एशिया संकट के आर्थिक नतीजों, खासकर ऊर्जा आपूर्ति में भारी रुकावटों और व्यापार तथा शुल्क पर अमेरिका की नीति से जूझ रहा है। जयशंकर ने कहा पश्चिम एशिया में संघर्ष पर खास ध्यान देने की ज़रूरत है। लगातार तनाव, समुद्री यातायात के लिए जोखिम और ऊर्जा ढांचे में रुकावटें स्थिति की नाजुकता को दिखाती हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि होर्मुज और लाल सागर समेत अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों से सुरक्षित और निर्बाध समुद्री आवागमन वैश्विक आर्थिक भलाई के लिए अहम हो गया है। ब्रिक्स दुनिया की 11 प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं का समूह है जो वैश्विक आबादी का लगभग 49.5 प्रतिशत, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 40 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का लगभग 26 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करता है।

### 42 माह

जलडमरूमध्य में अवरोध ने भारत में कच्चे पेट्रोलियम के आयात को बाधित कर दिया है। साथ ही, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि ने ईंधन आयात को महंगा बना दिया है। मंत्रालय ने बयान में कहा, अप्रैल, 2026 में मुद्रास्फीति खनिज तेल, कच्चे पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, मूल धातु, अन्य विनिर्माण और गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण अधिक रही। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य पदार्थों में मुद्रास्फीति दर अप्रैल में 1.98 प्रतिशत रही जबकि मार्च में यह 1.90 प्रतिशत थी। गैर-खाद्य पदार्थों में मुद्रास्फीति अप्रैल में बढ़कर 12.18 प्रतिशत हो गई जो पिछले महीने 11.5 प्रतिशत थी। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति अप्रैल में 4.62 प्रतिशत रही जबकि पिछले महीने यह 3.39 प्रतिशत थी।

### जनसेवा का

विस्तार किया जा रहा है तथा हल्द्वानी में अत्याधुनिक कैंसर संस्थान विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार कृषि और उद्यानिकी क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रयासरत है। कीवी, ड्रैगन फ्रूट, हाई डेंसिटी एप्पल, मशरूम उत्पादन और मधुमक्खी पालन जैसी योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार और कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती दी जा रही है। उन्होंने युवाओं से नवाचार और आधुनिक खेती को अपनाकर राज्य के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए सरकार ने सख्त नकल विरोधी कानून लागू किए हैं, जिससे युवाओं का विश्वास मजबूत हुआ है। उन्होंने बताया कि पिछले साढ़े चार वर्षों में राज्य सरकार द्वारा 32 हजार से अधिक युवाओं को विभिन्न विभागों में रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

### ईंधन बचत

के महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने अब बिना स्कॉर्ट वाहन के आना-जाना शुरू कर दिया है। सांसद रविकिशन शुक्ल ने भी अपना काफिला छोटा कर दिया है। अब वह दो गाड़ियों के साथ ही निकल रहे हैं। गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) के उपाध्यक्ष अभिनव गोपाल ने मुख्यमंत्री की अपील के बाद अपने कार्य दायित्व निर्वहन के लिए स्कॉर्ट वाहन को हटा दिया है। इसके साथ ही प्रशासन के अधिकारी शीघ्र ही सप्ताह में एक दिन नो वेहिकल डे अपनाने जा रहे हैं। अयोध्या में महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी एवं नगर आयुक्त जयंत कुमार ने अपने सुरक्षा वाहन वापस कर दिए हैं। महापौर ने बताया कि नगर निगम ने ईंधन खर्च में कटौती के लिए ठोस रणनीति तैयार की है। इसके तहत सभी पार्षद सोमवार को निजी वाहनों का प्रयोग नहीं करेंगे और सार्वजनिक वाहन से ही नगर निगम आएंगे। इसी क्रम में बाराबंकी में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह अपने आवास से कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय तक पैदल पहुंचे।

### नीट प्रश्नपत्र

हिरासत आवेदन में कहा गया है, अप्रैल 2026 में नासिक के शुभम ने यश यादव को बताया कि मंगिलाल ने अपने छोटे बेटे के लिए परीक्षा से पहले लीक हुए नीट यूजी 2026 के प्रश्न पत्र 10-12 लाख रुपये में व्यवस्था करने के लिए उससे संपर्क किया था। ब्यूरो ने दावा किया कि 29 अप्रैल को यश यादव ने लीक हुए भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के प्रश्न पत्र पीडीएफ प्रारूप में टेलीग्राम पर साझा किए। सीबीआई के अनुसार, मंगिलाल ने कथित तौर पर यादव से 10 लाख रुपये के सौदे के तहत लीक हुए प्रश्नपत्र प्राप्त किए और उनकी मुद्रित प्रतियां अपने बेटे अमन बिवाल समेत नीट परीक्षा के अभ्यर्थियों एवं अपने रिश्तेदारों और परिचितों को दीं। ब्यूरो ने यह भी आरोप लगाया कि विकास बिवाल ने कई परीक्षार्थियों से संपर्क किया और लीक हुए प्रश्न पत्रों को उन तक पहुंचाने के लिए व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम के जरिए यादव के साथ उनके विवरण साझा किए।




# पंजाब ने मुंबई को दिया 201 रन का लक्ष्य

## आईपीएल:प्रभसिमरन सिंह का अर्धशतक, शार्दूल ठाकुर ने 4 विकेट लिए

एजेंसी

धर्मशाला। पंजाब किंग्स ने अभी खेले जा रहे आईपीएल मुकाबले में मुंबई इंडियंस को 201 रन का टारगेट दिया है। धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 200 रन बनाए। पंजाब के लिए प्रभसिमरन सिंह ने सबसे ज्यादा 57 रन बनाए, जबकि अजमतुल्लाह ओमरजई ने 17 गेंदों में 38 रन की विस्फोटक पारी खेली। आखिर में जेवियर बार्टलेट ने 7 गेंदों में नाबाद 18 रन जोड़कर टीम को 200 के पार पहुंचाया। मुंबई के लिए शार्दूल ठाकुर सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 विकेट लिए।

वहीं दीपक चाहर को 2 विकेट मिले। शुरूआत में पंजाब ने तेज रन बनाए, लेकिन बीच के ओवरों में लगातार विकेट गिरने से टीम दबाव में आ गई। इसके बावजूद उमरजई और बार्टलेट की तेज पारियों ने टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचा दिया। 18वें ओवर की आखिरी बॉल पर दीपक चाहर ने धीमी गेंद पर उमरजई की विस्फोटक पारी का अंत कर दिया। बड़े शॉट की कोशिश में उमरजई गेंद को सही तरीके से टाइम नहीं कर सके और लॉन्ग ऑन पर विल जौक्स ने आसान कैच पकड़ लिया। उमरजई ने सिर्फ 17 गेंदों में 38 रन की तेज पारी खेली, जिसमें 4 छक्के शामिल रहे। शार्दूल ठाकुर का विकेट लेने का सिलसिला जारी है। उन्होंने क्रॉस-सीम गेंद पर मार्को यास को बोल्ड कर दिया। गेंद नीचे रही, जैनसन ने लाइन के पार बड़ा शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन बाउंस को पूरी तरह पढ़ नहीं सके। गेंद बल्ले और पैड के बीच से निकलकर सीधे स्टंप्स से जा टकराई। कॉर्बिन बॉश ने धीमी क्रॉस-सीम गेंद पर शशांक सिंह को छइह आउट कर दिया। गेंद उम्मीद से धीमी रही और नीचे भी रही, जिससे शशांक शॉट खेलने से चूक गए। उन्होंने रिव्यू लिया, लेकिन अल्ट्राएज में बल्ले का कोई संपर्क नहीं मिला और बॉल ट्रैकिंग में तीनों रेड आए। शशांक ने 2 रन बनाए। 14वें ओवर की दूसरी बॉल पर शार्दूल ने सूर्यांश शेडगे को आउट कर पंजाब को मुश्किल में डाल दिया। लेग स्टंप



पर आई फुल गेंद को शेडगे ने फ्लिक किया, लेकिन गेंद हवा में शॉर्ट मिडविकेट की तरफ चली गई। वहां राज बावा ने अपनी बाईं ओर शानदार डाइव लगाकर बेहतरीन कैच पकड़ा। शेडगे 5 गेंदों में 8 रन बनाकर आउट हुए।

राज बावा ने शानदार गेंद पर कूपर कोनोली को बोल्ड कर मुंबई को एक और बड़ी सफलता दिलाई। शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद पिच से अंदर आई, कोनोली कट शॉट खेलने की कोशिश में पूरी तरह चूक गए और गेंद सीधे ऑफ स्टंप पर जा लगी। कोनोली 22 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हुए। शार्दूल ने एक ही ओवर में मैच का रुख बदल दिया। ओवर की शुरूआत में प्रभसिमरन ने शानदार सिक्स लगाया, लेकिन अगली ही गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में वह कॉर्बिन बॉश को कैच दे बैठे। प्रभसिमरन 32 गेंदों में 57 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद क्रीज पर आए श्रेयस अय्यर ने पहली गेंद पर चौका जमाया, लेकिन अगली ही गेंद पर शार्दुल ने कमाल की गेंद डालकर उनका ऑफ स्टंप उड़ा दिया। लगातार दो विकेट लेकर मुंबई ने जोरदार वापसी की।

प्रभसिमरन ने कॉर्बिन बॉश की गेंद पर सिंगल लेकर इस सीजन मुंबई के खिलाफ अपनी दूसरी फिफ्टी पूरी की। प्रभसिमरन ने इससे पहले वानखेड़े में 80 रन बनाए थे और अब धर्मशाला में अर्धशतक जड़ा है। शुरूआती जीवनदान का उन्होंने पूरा फायदा उठाया और शानदार पारी खेली। उन्होंने 33 बॉल पर अपना अर्धशतक पूरा किया। प्रभसिमरन ने 10वें ओवर में रघु शर्मा पर हमला बोल दिया। उन्होंने लगातार दो गेंदों पर शानदार छक्के जड़े। पहला स्लॉग स्वीप डीप स्क्वायर लेग के ऊपर गया, जबकि दूसरे पर घुटने के बल बैठकर मिडविकेट के ऊपर लंबा सिक्स लगाया। ओवर से कुल 13 रन आए और 10 ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 1 विकेट पर 89 रन हो गया। पावरप्ले में पंजाब ने 1 विकेट पर 55 रन बनाए। प्रियांश आर्या ने दीपक चाहर के खिलाफ चौके से खाता खोला, जबकि प्रभसिमरन सिंह को 5 रन पर नमन धीर ने जसप्रीत बुमराह की गेंद पर जीवनदान दिया।


दीपक ने एक कसा हुआ ओवर डालते हुए सिर्फ 5 रन दिए, लेकिन बुमराह और शार्दूल ठाकुर महंगे साबित हुए। शार्दूल के ओवर में 15 रन आए, जिसमें 3 चौके शामिल रहे। आखिर में दीपक ने प्रियांश को 27 रन पर बोल्ड कर मुंबई को पहली सफलता दिलाई। दीपक चाहर ने आखिरकार प्रियांश आर्या को अपनी चाल में फंसा ही लिया। पिछली गेंद पर इनस्विंगर से परेशान करने के बाद दीपक ने अगली गेंद नकल बॉल डाली। प्रियांश बड़े शॉट के लिए आगे बढ़े, लेकिन पूरी तरह चूक गए और गेंद सीधे लेग स्टंप पर जा लगी। प्रियांश 17 गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुए। दीपक का सेलिब्रेशन भी बता रहा था कि यह विकेट पूरी प्लानिंग के तहत था। पंजाब ने तेज शुरूआत की है। 5 ओवर के बाद टीम बिना विकेट खोए 46 रन बना चुकी है। प्रभसिमरन 16 गेंदों में 23 और प्रियांश 14 गेंदों में 22 रन बनाकर खेल रहे हैं। पांचवें ओवर में शार्दूल ठाकुर ने 15 रन दिए। प्रभसिमरन ने उनकी गेंदों पर तीन चौके लगाए। दूसरे ओवर की तीसारी बॉल पर नमन धीर से प्रभसिमरन सिंह का कैच ड्रॉप हो गया। जसप्रीत बुमराह ने ऑफ स्टंप के बाहर शॉर्ट ऑफ लेंथ गेंद डाली, जो पिच से निकलकर हल्की बाहर गई। प्रभसिमरन शॉट खेलने गए और बल्ले का मोटा बाहरी किनारा लग गया। गेंद सीधे नमन के पास गई, लेकिन उन्होंने आसान कैच टपका दिया। दीपक चाहर के पहले ओवर में प्रियांश आर्या ने शानदार कवर ड्राइव पर चौका जमाया। वहीं प्रभसिमरन सिंह ने भी स्ट्राइक रोटेट की। पंजाब ने पहले ओवर में बिना विकेट खोए 7 रन बनाए।

# लखनऊ के खिलाफ जीत दर्ज कर प्लेऑफ की उम्मीदें कायम रखना चाहेगी चेन्नई

लखनऊ। लचर प्रदर्शन के बावजूद प्लेआफ की दौड़ में कायम चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के मैच में लखनऊसुपर जाइंट्स के खिलाफ शानदार जीत दर्ज करके अपना दावा बनाये रखना चाहेगी जबकि दौड़ से बाहर हो चुकी लखनऊके लिये यह महज प्रतिष्ठा का मुकाबला है। चेन्नई ने टूर्नामेंट के दूसरे चरण में समय पर जीत दर्ज करके अपनी उम्मीदें कायम रखी है जबकि लखनऊकी टीम का प्रदर्शन बेहद ही खराब रहा। चेन्नई को अपने बाकी सारे मैच जीतने के अलावा दूसरे मैचों के नतीजे भी अनुकूल रहने की दुआ करनी होगी। चेन्नई फिलहाल 11 मैचों में से छह जीतकर पांचवें स्थान पर है। अच्छी फिनिशिंग नहीं होने के कारण आलोचना झेलने वाली पांच बार की चैम्पियन चेन्नई टीम ने संजू सैमसन, उर्विल पटेल, कप्तान रूतुराज गायकवाड़ और कुछ उदीयमान खिलाड़ियों के दम पर अच्छी वापसी की।

शीर्षक्रम पर उर्विल के बेखौफ प्रदर्शन से पावरप्ले में चेन्नई का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। शुक्रवार को शिवम दुबे, कार्तिक शर्मा और डेवाल्ड ब्रेविस को भी बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। जांघ की चोट के कारण हरफनमौला जैमी ओवर्टन के बाहर होने से चेन्नई की गेंदबाजी कमजोर हुई है। ओवर्टन ने दस मैचों में 14 विकेट लिये और वह इस सत्र में चेन्नई की गेंदबाजी की धुरी थे। अकील हुसैन, मुकेश चौधरी और अंशुल कम्बोज ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि अफगानिस्तान के बायें हाथ के स्पिनर नूर अहमद प्रभावी रहे





हैं। दूसरी ओर लखनऊको कप्तान ऋषभ पंत के लगातार खराब फॉर्म का खामियाजा भुगतना पड़ा। उसके गेंदबाज विरोधी टीमों पर दबाव बनाने में नाकाम रहे और चेन्नई के खिलाफ पहले चरण के मैच में तो वे 203 रन बनाकर भी हार गए। जोश इंगलिस , निकोलस पूरन और मिचेल मार्श ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन एक ईकाई के रूप में टीम नाकाम रही है। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

चेन्नई सुपर किंग्सः रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), कार्तिक शर्मा (विकेटकीपर), डेवाल्ड ब्रेविस, सरफराज खान, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), अमन खान, शिवम दुबे, जैक फॉल्क्स, रामकृष्ण घोष, अंशुल कंबोज, जेमी ओवरटन, मैथ्यू शॉर्ट, प्रशांत वीर, राहुल चाहर, श्रेयस गोपाल, गुरजापनीत सिंह, मैट हेनरी, अकील हुसैन, स्पेंसर जॉनसन, मुकेश चौधरी, नूर अहमद।

लखनऊ सुपर जाइंट्सः ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), अब्दुल समद, अक्षत रघुवंशी, आयुष बडोनी, मुकुल चौधरी, हिम्मत सिंह, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), एडेन मार्कम, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), अर्शिन कुलकर्णी, जॉर्ज लिंडे, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश सिंह, अवेश खान, मोहम्मद शमी, मोहसिन खान, एनरिक नोर्किया, प्रिंस यादव, दिग्वेश राठी, मणिमारन सिद्धार्थ, अर्जुन तेंदुलकर, नमन तिवारी, मयंक यादव।

## संक्षेप

### वुशु खिलाड़ी अपर्णा ने सांडा विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता

नयी दिल्ली। भारतीय वुशु खिलाड़ी अपर्णा ने बृहस्पतिवार को मकाऊमें 11वें सांडा विश्व कप में महिलाओं के 52 किग्रा वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। अपर्णा ने फाइनल में मौजूदा विश्व चैंपियन वियतनाम की थी फुओंग न्गा न्गो को सीधे सेटों में हराया। भारतीय वुशु संघ के अनुसार 12 मई से शुरू हुई इस स्पर्धा में यह भारत का पहला स्वर्ण था। अपर्णा सितंबर 2025 में ब्राजील में विश्व वुशु चैंपियनशिप के फाइनल में इसी विरोधी से हार गई थीं। प्रतिस्पर्धी वुशु ताओलू और सांडा में दो वर्ग में बंटा होता है। ताओलू जिमनास्टिक और मार्शल आर्ट का संयोजन है और प्रतिस्पर्धी को उनके मूवमेंट के आधार पर अंक दिए जाते हैं। सांडा एक आधुनिक बिना हथियार वाली स्पर्धा है जो पारंपरिक वुशु तकनीक से बनी है जिसमें मुख्य रूप से मुक्का मारना, लात मारना, फेंकना, कुश्ती और बचाव की तकनीक का इस्तेमाल होता है।

### एशियाई भारोत्तोलन चैंपियनशिप में कांस्य पदकों से चमके अजीत

गांधीनगर। अजीत नारायण ने बृहस्पतिवार को यहां पुरुषों के 71 किग्रा वर्ग में क्लीन एवं जर्क और समग्र दोनों में कांस्य पदक जीते जिससे भारत ने एशियाई सीनियर भारोत्तोलन चेंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखा। एशिया के बेहतरीन भारोत्तोलकों के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करते हुए अजीत ने संयम दिखाते हुए क्लीन एवं जर्क में 174 किग्रा और कुल 314 किग्रा का वजन उठाया जिससे भारत को पोडियम में स्थान मिला। इस वर्ग का स्वर्ण पदक कोरिया के वोन जू रि (351 किग्रा) को मिला जकि चीन के जियान चेन ने 335 किग्रा के वजन से रजत पदक हासिल किया। इस तरह अजीत चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले तीसरे भारतीय हैं। कोमल कोहर ने सोमवार को महिला 48 किग्रा में कांस्य पदक जीतकर भारत का खाता खोला था जिसके बाद ज्ञानेश्वरी यादव ने बुधवार को 53 किग्रा वर्ग में एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किया।

# सिंधू व नक्ष्य सेन ओपन के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी

**बैंकॉक।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन बृहस्पतिवार को यहां सीधे गेम में जीत के साथ पांच लाख डॉलर इनामी राशि के थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने महिला एकल के दूसरे दौर में 28 मिनट के भीतर डेनमार्क की अमेली शूल्ज को 21-13, 21-15 से हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त सेन ने चीन के झू शुआन चेन को 21-12, 21 -13 से मात दी। सिंधू का सामना अब शीर्ष वरीयता प्राप्त तीसरी रैंकिंग वाली जापान की अकाने यामागुची से होगा। वहीं सेन दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न के बीच होने वाले मैच के विजेता से खेलेंगे। पुरूष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी अंतिम आठ में पहुंच गए। उन्होंने मलेशिया के ब्रायन जेरेमी और मुहम्मद हाइकल को 21-12, 21-19 से मात दी। अब उनका सामना छठी वरीयता प्राप्त जापान के ताकुमी नोमूरा और युइची शिमोगामी से होगा। हालांकि दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत चीनी ताइपै के दुनिया के 47वें नंबर के खिलाड़ी सू ली यांग के खिलाफ कड़े मुकाबले में एक घंटा 10 मिनट में 16 -21, 21-11, 18 -21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

# भारत सात स्वर्ण के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर



एजेंसी

ताशकंद। भारत ने बृहस्पतिवार को यहां एशियाई मुक्केबाजी अंडर-15 चैंपियनशिप में नौ स्वर्ण, छह रजत और 12 कांस्य समेत कुल 27 पदक जीते। भारत अंडर-15 लड़कियों की तालिका में सात स्वर्ण, दो रजत और पांच कांस्य पदक के साथ शीर्ष पर रहा जबकि अंडर-15 लड़कों ने दो स्वर्ण, चार रजत और सात कांस्य पदक जीते। लड़कियों में अंजी (37 किग्रा), सोनिया (40 किग्रा), तन्वी (43 किग्रा), हंसिका अत्री (46 किग्रा), सुनैना (58 किग्रा), भूमिका (61 किग्रा) और एंजेल (70 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। अक्षिता (33 किग्रा) और तन्वी (64 किग्रा) को

**एशियाई अंडर-15 चैंपियनशिप**

उज्बेकिस्तान की मुक्केबाजों से कड़े मुकाबले में हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

अंडर-15 लड़कों में यश कुमार (33 किग्रा) और मोहम्मद यासर (58 किग्रा) ने भारत की झोली में दो स्वर्ण पदक जोड़े। सस्था वसंत अशोक कुमार (37 किग्रा), समीर बोहरा (43 किग्रा), सुदर्शन वासुदेव चंडक (52 किग्रा) और रौनक पराग लोखंडे (67 किग्रा) ने रजत पदक जीता।

# सुपर शतरंज क्लासिक : पहलेमुकाबले में फिरोजा से खेलेंगे प्रज्ञानानंदा

बुकारेस्ट। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा सुपर शतरंज क्लासिक के पहले दौर में फ्रांस के अलीरजा फिरोजा से खेलेंगे जो ग्रैंड शतरंज टूर पर इस साल का पहला क्लासिकल टूर्नामेंट होगा। विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने क्लासिकल प्रारूप से नाम वापिस ले लिया था जिसके बाद प्रज्ञानानंदा अकेले भारतीय बचे हैं।



उन्हें दस खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में नौ दौर में से पांच में सफेद मोहरों से खेलने का मौका मिलेगा। टूर्नामेंट की कुल ईनामी राशि 350000 डॉलर है जबकि 125000 डॉलर बोनस होगा। पहला पुरस्कार एक लाख डॉलर है। अप्रैल में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में औसत प्रदर्शन के बाद प्रज्ञानानंदा को अपने खेल में सुधार करना होगा। वह लाइव रेटिग में विश्व रैंकिंग में 16वें स्थान पर खिसक गए हैं। अमेरिका के फेबियानो कारूआना को शीर्ष वरीयता मिली है और वह पहले दौर में हालैंड के जोर्डन वान फोरीस्ट से खेलेंगे। गुकेश के नाम वापिस लेने के बाद उनकी जगह विश्व चैम्पियनशिप मुकाबले में उनके चैलेंजर उजबेकिस्तान के जावोखिर सिंडारोव खेलेंगे।

# आईपीएल में निराशाजनक अभियान तीन कप्तानों पर पड़ेगा भारी

नयी दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में निराशाजनक अभियान के कारण तीन फ्रेंचाइजी के कप्तानों को इस महीने के अंत में सत्र के समापन के बाद अपने पद से हाथ धोना पड़ सकता है।

अलग अलग फ्रेंचाइजी के उतार चढ़ाव पर नजर रखने वाले सूत्रों ने इसका संकेत दिया है। अक्षर पटेल, अजिंक्य रहाणे और ऋषभ पंत ने लगातार दो सत्र में अपनी टीम की कप्तानी की है लेकिन अपनी टीम को प्लेऑफ में ले जाने की कोशिश में बुरी तरह नाकाम रहे हैं। आधिकारिक रूप से अभी सिर्फ लखनऊसुपर जायंट्स ही टूर्नामेंट से बाहर हुई है जिससे पंत लगातार दो सत्र में खराब प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं। लेकिन सभी व्यावहारिक वजहों से रहाणे की अगुआई वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और अक्षर की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स के भी लीग के आखिरी दौर में बने रहने की उम्मीद कम है।

कप्तान और खिलाड़ी के तौर पर अक्षर के का प्रदर्शन खराब रहा है, उन्होंने नौ पारियों में 112.50 के स्ट्राइक-रेट से महज 100 रन बनाए हैं जिसमें से 56 रन एक पारी में और बाकी 44 रन आठ पारियों में बने हैं। यह जब है तब उन्होंने ज्यादातर में शीर्ष पांच में बल्लेबाजी की है। इन 12 मैच में अक्षर ने केवल 36 ओवर गेंदबाजी की है जो तीन ओवर प्रति मैच हैं जिसमें उन्होंने 8.05 के इकोनोमी रेट से 10 विकेट झटके हैं। हालांकि साथी स्पिनर कुलदीप यादव का इकोनोमी रेट और भी खराब है। आईपीएल सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा, अक्षर अपनी कप्तानी की काबिलियत साबित करने में पूरी तरह विफल रहे हैं और ज्यादातर फैसले लेने के लिए हेमांग बदानी और वेणुगोपाल राव पर निर्भर हैं।

# मेजबान गोरखपुर क्वींस की संजू व अनुष्का लाइटवेट महिला पेयर्स के सेमीफाइनल में

खेल संवाददाता

गोरखपुर। मेजबान गोरखपुर क्वींस की संजू कुमारी व अनुष्का पटेल की जोड़ी ने 'अस्मिता नेशनल महिला रोइंग लीग' में गुरुवार को उत्साहजनक प्रदर्शन करते हुए लाइटवेट महिला पेयर्स में 3:59.7 के समय के साथ शीर्ष पर रहते हुए सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया। दूसरी ओर अन्य वर्गो में गोरखपुर की खिलाड़ी अपनी हीट्स में पहले स्थान पर नहीं आ सकी लेकिन दूसरे और अन्य स्थानों पर रहने के कारण उन्हें रेपचेज के जरिए वापसी करने और फाइनल की रेस में बने रहने का मौका मिलेगा।

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सहयोग से रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफआई) के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन द्वारा उत्तर प्रदेश खेल विभाग के बुनियादी और प्रशासनिक सहयोग से गोरखपुर के रामगढ़ताल में आयोजित लीग में गुरुवार को हीट्स (प्रारंभिक दौर) के मुकाबले आयोजित किए गए। आज जूनियर क्वाड्रुपल स्कल में गोरखपुर क्वींस की अंशू, काजल पाल, जसकरनवीर कौर, कनक निषाद ने 04:38.6 के समय के साथ चौथे स्थान पर



रहते हुए रेपचेज में जगह बनाई। लाइटवेट डबल स्कल में गोरखपुर की सुलेखा मुर्मु व नीलू कुमारी ने 3:56.7 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए रेपचेज में इंट्री की। महिला पेयर्स में रानी कुमारी व अंकिता कुमारी की मेजबान जोड़ी 04:46.0 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए रेपचेज में पहुंची। महिला डबल स्कल में गोरखपुर की श्रुति व अनवीर कौर हीरा 04:43.8 के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए रेपचेज में पहुंची। आरएफआई के महासचिव शुभाशीष मुखर्जी ने बताया कि दोपहर के सत्र के पहले मुकाबले में सब जूनियर डबल स्कल में स्टील ओर्स की मुस्कान सिंह व अव्या शुक्ला की जोड़ी ने बाजी मारते हुए 4:59.46 के समय के साथ पहला स्थान हासिल करते हुए फाइनल में स्थान सुरक्षित किया।

**'अस्मिता नेशनल महिला रोइंग लीग'**

### श्रीजेश के लिये दरवाजे हमेशा खुले हैं, फूट डालो और राज करो नहीं चलेगा : टिर्की

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा है कि पी आर श्रीजेश के लिये दरवाजे हमेशा खुले हैं और वह बेहतर अनुभव के साथ वापसी कर सकते हैं लेकिन भारतीय हॉकी में फूट डालो और राज करो का खेल अब बंद होना चाहिये। टिर्की ने भाषा को दिये विशेष इंटरव्यू में कहा , हॉकी इकोसिस्टम में कुछ लोग हैं जो फूट डालो और राज करो की रणनीति पर काम कर रहे हैं। लेकिन वे भूल जाते हैं कि मैं खिलाड़ी पहले हूं और खेल प्रशासक बाद में , तीन ओलंपिक और 412 अंतराष्ट्रीय मैच खेल चुका हूं। उन्होंने कहा मेरे अध्यक्ष रहते हॉकी इंडिया में सारे फैसले सामूहिक रूप से लिये गए। मेरा पहला दायित्व खिलाड़ियों के प्रति है और मनप्रीत सिंह हो या श्रीजेश, मैने हमेशा खिलाड़ियों से सीधे बात की है। ये ओलंपिक कप्तान रहे हैं और भारतीय हॉकी की अनमोल धरोहरें हैं।

# कोहली के शतक ने आलोचकों को दिया जवाब : गावस्कर

एजेंसी

रायपुर। भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा कि इस चैम्पियन बल्लेबाज ने साबित कर दिया है कि पुरानी पीढी अभी भी सर्वश्रेष्ठ है। पिछले दो मैचों में शून्य पर आउट हुए कोहली के




60 गेंदों में नाबाद 105 रन की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने आईपीएल के मैच में केकेआर को छह विकेट से हराकर अंकतालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया। गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स पर अमूल क्रिकेट लाइव में कहा , विराट कोहली ने केकेआर के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। लक्ष्य का पीछा करने में उसका कोई सानी नहीं है। उन्होंने कहा , हर कोई बात कर रहा है कि यह सत्र अगली पीढी का है लेकिन कोहली ने दिखा दिया कि वह अभी भी है। उसने आलोचकों को शतक से जवाब दिया और आरेंज कैप की दौड़ में तीसरे नंबर पर पहुंच गया। उसने साबित कर दिया कि पुरानी पीढी अभी भी सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने कहा टी20 शतकों के मामले में वह दस शतक के साथ क्रिस गेल और बाबर आजम के बाद तीसरे नंबर पर है।

उसने टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 14000 रन पूरे किये और आईपीएल में नौ शतक लगा चुका है। रिकॉर्ड टूटने के लिये बनते हैं लेकिन कोहली अगर मैच दर मैच, सत्र दर सत्र ऐसे ही खेलता रहा तो किसी को भी वहां तक पहुंचने में लंबा समय लगेगा। गावस्कर ने यह भी कहा कि केकेआर द्वारा कोहली का कैच टपकाना मैच का निर्णायक पल रहा। उन्होंने कहा आरसीबी केकेआर मैच से पहले केकेआर कैच लपकने के मामले में बेहतरीन थी लेकिन यह कैच छोड़ना काफी महंगा पड़ा। वहीं दूसरी ओर भारत के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि प्रदर्शन के दबाव को लेकर बैचेनी उन्हें भी होती है और आईपीएल में पिछले दो मैचों में शून्य पर आउट होने से वह नर्वस हो गए थे। 37 वर्ष के कोहली ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के लिये 60 गेंद में नाबाद 105 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की। आरसीबी छह विकेट से जीत दर्ज करके आईपीएल की अंकतालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। कोहली ने आईपीएल में नौवां शतक जड़ा और महेंद्र सिंह धोनी तथा रोहित शर्मा (279) को पछाड़कर लीग में सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए। प्लेयर आफ द मैच कोहली ने बाद में प्रसारक से कहा पिछले दो मैचों में रन नहीं बना पाने से मैं काफी बेचैन था। मुझे पता था कि मैं अच्छा खेल सकता हूं और रन बना सकता हूं। उन्होंने कहा , ऐसे में जब आप रन नहीं बना सके और टीम के लिये योगदान नहीं दे सके तो बेचैनी होती है। मेरा हमेशा से लक्ष्य टीम के लिये योगदान देने का रहा है।

# आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

## पाकिस्तान ने फिर दुस्साहस किया तो जो अब तक नहीं हुआ, वह होगा : राजनाथ



जयपुर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को चेतावनी देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि यदि उसने फिर से भारत की ओर नजर उठाने का दुस्साहस किया, तो जो अब तक नहीं हुआ है, वह होकर रहेगा। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि आतंकवाद को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय सेनाओं के ऑपरेशन सिंदूर ने नया इतिहास रचा है।

रक्षामंत्री ने मेड़ता कस्बे में राजपूत शासक राव दूदा की प्रतिमा के अनावरण के बाद आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, संभव है कि पाकिस्तान अब जल्दी भारत की ओर नजर उठाने की जुर्त न करे, लेकिन मैं आज इस धरती से कहकर जा रहा हूं कि यदि उसने फिर से ऐसा दुस्साहस किया, तो जो अब तक नहीं हुआ है, वह होकर रहेगा। सिंह ने कहा, शुरू से ही हमारी नीति रही है कि हम किसी को छेड़ते नहीं हैं, लेकिन यदि कोई हमें छेड़ता है, तो हम उसे छोड़ते भी नहीं हैं। पहलगाम आतंकी हमले का उल्लेख करते हुए सिंह ने कहा कि आतंकवादियों ने लोगों से उनका धर्म पूछकर हत्या की। रक्षा मंत्री ने कहा, 'भारतीय संस्कृति जाति और धर्म के आधार पर भेदभाव की अनुमति नहीं देती। हम इंसाफ और इंसानियत में विश्वास रखते हैं, लेकिन पाकिस्तान से आए आतंकवादी लोगों से उनका धर्म पूछकर उन्हें गोलियों से भून रहे थे। उन्होंने कहा, पूरा देश इस घटना से आक्रोशित था। इसके बाद हमने ऐसा करारा जवाब दिया कि दुश्मन के होश उड़ गए। हमने साबित कर दिया कि अब भारत चुपचाप सहने वाला देश नहीं रहा। यदि कोई हमारे नागरिकों पर हमला करेगा, तो हम उसके घर में घुसकर जवाब देंगे। यह संदेश हम दे चुके हैं। सिंह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी सुरक्षा नीति में ऐतिहासिक बदलाव किए हैं। उन्होंने कहा, हमने दुनिया को साफ संदेश दे दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी नीति कतई न बर्दाश्त करने की होगी और इसे किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने राजनीति शब्द के वास्तविक अर्थ और भाव को पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा, राजनीति शब्द राज और नीति से मिलकर बना है। नीति का अर्थ समाज को सही दिशा में ले जाना होता है। ऐसा राजनीतिक तंत्र, जो समाज को सन्मार्ग की ओर ले जाए, वही वास्तविक राजनीति है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में राजनीति शब्द अपना मूल अर्थ खोता जा रहा था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उनकी सरकार ने इसे पुनर्स्थापित करने का संकल्प लिया और उसमें सफलता प्राप्त की। रक्षामंत्री ने कहा कि सरकार विकास और विरासत दोनों को साथ लेकर चल रही है। उन्होंने कहा, अपने जननायकों को याद करना, उन पर गर्व करना और उनकी शिक्षाओं को युवा पीढ़ी तक पहुंचाना हमारी सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

# उप्र, मप्र और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की



नयी दिल्ली। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अलग-अलग मुलाकात की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों के अनुसार, इन बैठकों के दौरान सुरक्षा और विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। गृह मंत्री के कार्यालय द्वारा जारी एक पोस्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने नयी दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात की। योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर एक अलग पोस्ट में कहा कि आज मैंने नयी दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। अपना बहुमूल्य समय देने के लिए हार्दिक धन्यवाद। गृह मंत्रालय के एक अन्य पोस्ट के अनुसार, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भी अमित शाह से मुलाकात की।

## संक्षेप

### कृषि स्टार्टअप में सीधे निवेश की योजना

नयी दिल्ली। संयुक्त राष्ट्र की संस्था अंतरराष्ट्रीय कृषि विकास कोष (आईएफएडी) भारत में पहली बार कृषि स्टार्टअप कंपनियों में सीधे निवेश करने की तैयारी कर रहा है और इसका अगले एक साल में तीन-चार सौदों को अंतिम रूप देने का इरादा है। इसके साथ ही आईएफएडी अब अपने वित्तपोषण मॉडल को बदलकर अनुदान पर कम और निजी निवेश पर ज्यादा ध्यान दे रहा है। आईएफएडी के सह उपाध्यक्ष (कंट्री ऑपरेशंस) डोनल ब्राउन ने यहां में कहा कि संगठन अब भारत की उभरती कृषि-उद्यमिता पारिस्थितिकी में सक्रिय रूप से अवसर तलाश रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में संस्था के निजी क्षेत्र प्रकोष्ठ की टीम भारत आई थी और विभिन्न प्रस्तावों का आकलन किया। एजेंसी को अब तक चार से पांच प्रस्ताव मिले हैं, जिनमें कृषि स्टार्टअप, ग्रामीण वित्त और डिजिटल मंच शामिल हैं। आईएफएडी और भारत सरकार ने 12 मई को देश के लिए नई आठ-वर्षीय रणनीति शुरू की, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जलवायु और आर्थिक मजबूती बढ़ाना है। वित्त और कृषि मंत्रालयों के साथ मिलकर तैयार इस रणनीति के केंद्र में 110 आकांक्षी जिले और गरीब राज्य हैं।

# पिनराई विजयन माकपा विधायक दल के नेता चुने गये

तिरुवनंतपुरम। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को बृहस्पतिवार को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) विधायक दल का नेता चुना गया।

एक बयान के मुताबिक, यह निर्णय यहां माकपा की प्रदेश समिति की बैठक में लिया गया। इस बैठक में माकपा के महासचिव एम.ए. बेबी और वरिष्ठ नेता ए. विजयराघवन और विजयन शामिल हुए, और इसकी अध्यक्षता के. राधाकृष्णन ने की। माकपा विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद, विजयन को केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता के रूप में चुने जाने की संभावना है। दो बार मुख्यमंत्री रह चुके विजयन ने हाल में हुए राज्य विधानसभा चुनावों में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) की हार के बाद सत्ता खो दी। एलडीएफ के पास वर्तमान में 140 सदस्यीय विधानसभा में 35 सीटें हैं। दूसरी ओर, कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) 102 सीटें जीतकर सरकार बनाने जा रहा है। केरल के पूर्व नेता प्रतिपक्ष वी.डी. सतीशन को कांग्रेस आलाकमान ने राज्य का मुख्यमंत्री चुना है।

# चौहान ने अपने काफिले का आकार घटाया

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को अपने काफिले के आकार को घटाकर तीन गाड़ियों का कर दिया और अधिकारियों को घर से काम करने का निर्देश दिया। यह कदम पश्चिम एशिया संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सात अपीलों को लागू करने के उपायों के तहत उठाया गया है, जिनका उद्देश्य ईंधन का जिम्मेदारी से उपभोग करना है।

कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय के अधिकारियों की एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए, चौहान ने विभागों से दो दिन के भीतर घर से काम (डब्ल्यूएफएच) नीति पर एक कार्ययोजना प्रस्तुत करने को कहा और कर्मचारियों से कार पूलिंग अपनाने का आग्रह किया। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि उन्होंने कहा कि विदेश यात्रा तभी की जाएगी जब यह बिल्कुल आवश्यक हो और अधिकांश बैठकें वर्चुअल तरीके से आयोजित की जाएंगी। अधिकारियों और कर्मचारियों से गैर-जरूरी सोना खरीदने से बचने और कम से कम पांच अन्य व्यक्तियों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा गया। कृषि के क्षेत्र में, मंत्री ने हर गांव में एक समिति गठित करने की घोषणा की, जिसका उद्देश्य के संतुलित उपयोग और बड़े पैमाने पर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना होगा। चौहान ने कहा कि खाद्य तेलों का उपयोग समझदारी से किया जाना चाहिए और उन्होंने पांच-पांच परिवारों के समूहों के बीच एक जागरूकता अभियान शुरू करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मंत्री स्तर पर मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को प्रोत्साहित किया जाएगा, और साथ ही घरेलू पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा, जबकि अनावश्यक विदेश यात्रा से बचा जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रमों और सरकारी बैठकों में स्थानीय उत्पादों, मोटे अनाज (मिलेट्स) और स्वदेशी खाद्य पदार्थों को प्राथमिकता दी जाएगी। वोकल फॉर लोकल और मेक इन इंडिया पहल के तहत भारतीय ब्रांड को बढ़ावा दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, आईसीएआर, कृषि शिक्षा विभाग और भूमि संसाधन विभाग संयुक्त रूप से एक जन जागरूकता अभियान चलाएंगे। चौहान ने कहा कि ये निर्णय राष्ट्र के हित में और विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने के लिए लिए गए हैं।

# संघर्ष के चारों दिन हमने अपना दबदबा बनाये रखा: सीडीएस



नयी दिल्ली। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों के पास स्थिति की अच्छी जानकारी और युद्धक्षेत्र में बेहतर पारदर्शिता थी, तथा उन्होंने संघर्ष के चारों दिन दबदबा बनाए रखा।

यहां मानेकशॉ सेंटर में आयोजित कलम और कवच रक्षा सम्मेलन में एक संवाद सत्र के दौरान उनकी यह टिप्पणी, देश और सशस्त्र बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ मनाए जाने के कुछ दिन बाद आई। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा, चारों दिन हमने स्थिति की व्यापक जानकारी के कारण तनाव के स्तर पर हर तरह से अपना दबदबा बनाए रखा। हमें पता था कि हमने किसको निशाना बनाया है, क्या हो रहा है। सीडीएस ने कहा कि भारतीय सेना को न केवल अपनी तरफ बल्कि सीमा पार भी स्थिति की बेहतर जानकारी थी, और हम तनाव के हर स्तर पर दबदबा बनाए रखने में सक्षम थे। यह पूछे जाने पर कि ड्रोन और उन्नत हथियारों के प्रभुत्व वाले युद्ध के बदलते स्वरूप को देखते हुए वह भविष्य के युद्धक्षेत्र की कल्पना कैसे करते हैं, उन्होंने लंबे समय तक जारी रहने वाले संघर्षों में उलझने को लेकर आगाह किया। सीडीएस ने कहा कि हमें दीर्घकालिक युद्ध के जाल में नहीं फंसना चाहिए। आजकल राष्ट्रों में बल प्रयोग करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। लेकिन, बलप्रयोग के बाद उस स्थिति से बाहर निकलना... एक बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा, आपके उद्देश्य बिल्कुल स्पष्ट होने चाहिए, आपके राजनीतिक-सैन्य उद्देश्य। एक बार जब आप उन्हें प्राप्त कर लेते हैं, तो फिर अटके रहने का कोई मतलब नहीं है। आपके पास स्पष्ट रूप से निर्धारित एक निकास रणनीति होनी चाहिए। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पिछले साल छह-सात मई की मध्यरात्रि ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था, जिसमें भारतीय सेना ने पाकिस्तान और इसके कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में कई आतंकी ठिकानों को भीषण हमलों में नष्ट कर दिया था। बाद में, पाकिस्तान ने भी भारत के खिलाफ हमले शुरू किए, और भारत द्वारा किए गए सभी जवाबी हमले भी ऑपरेशन सिंदूर के तहत ही किए गए। परमाणु हथियारों से लैस दोनों पड़ोसी देशों के बीच लगभग 88 घंटे तक चला सैन्य संघर्ष 10 मई की शाम उनके बीच एक सहमति पर पहुंचने के बाद समाप्त हो गया।

# ताइवान चीन-अमेरिका संबंधों में सबसे अहम मुद्दा : चिनफिंग

बीजिंग। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बृहस्पतिवार को अपने अमेरिकी समकक्ष डोनाल्ड ट्रंप के साथ वार्ता के पहले दौर के बाद कहा कि चीन और अमेरिका रचनात्मक द्विपक्षीय संबंधों के निर्माण के लिए एक नए दृष्टिकोण पर सहमत हुए हैं। इसके साथ ही उन्होंने आगाह किया कि ताइवान को लेकर तनाव संबंधों को खतरे में डाल सकता है और संघर्षों को जन्म दे सकता है।

बीजिंग में हुई बैठक के बाद चिनफिंग ने कहा, मैंने राष्ट्रपति ट्रंप के साथ रणनीतिक स्थिरता के रचनात्मक चीन-अमेरिका संबंधों के निर्माण के एक नए दृष्टिकोण पर सहमति व्यक्त की है। सरकारी मीडिया के अनुसार, चिनफिंग ने कहा कि यह नया दृष्टिकोण अगले तीन वर्षों और उससे आगे द्विपक्षीय संबंधों के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन प्रदान करेगा तथा दोनों देशों के लोगों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय समुदाय द्वारा इसका स्वागत किया जाना चाहिए। हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ताइवान का मुद्दा चीन-अमेरिका संबंधों में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, चिनफिंग ने कहा कि अगर स्थिति को सही ढंग से संभाला गया तो द्विपक्षीय संबंध कुल मिलाकर स्थिर रहेंगे, अन्यथा, दोनों देशों को टकराव और यहां तक कि संघर्ष का सामना करना पड़ सकता है, जिससे द्विपक्षीय संबंध गंभीर खतरे में पड़ जाएंगे। उन्होंने अमेरिका से ताइवान मुद्दे को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरतने का आग्रह किया।

चिनफिंग ने कहा कि ताइवान जलडमरूमध्य में शांति और स्थिरता बनाए रखना बीजिंग और वाशिंगटन के बीच स्थिर संबंधों के लिए प्रमुख महत्व रखता है। उन्होंने चेतावनी दी कि ताइवान की स्वतंत्रता के लिए समर्थन जलडमरूमध्य में शांति की बात से मेल नहीं खाता।

## इंटरटेनमेंट...

# कांस से सामने आया इन्फ्लुएंसर का खास लुक



मुंबई। आलिया भट्ट 12 मई 2026 से शुरू हुए 79वें कान्स फिल्म फेस्टिवल में लोरियल पेरिस की ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर के तौर पर शामिल हुई हैं। कांस फिल्म फेस्टिवल 2026 में आलिया भट्ट लोरियल पेरिस गाला डिनर के दौरान नजर आईं, जहां उन्होंने फ्लोरल ब्रोकेड आउटफिट पहना था। वहीं गुरुवार को सिंगर इन्फ्लुएंसर आरती खेत्रपाल का सनातन धर्म थीम वाला लुक सामने आया, जिसमें वो कांस के रेड कार्पेट पर हाथ में भगवद गीता और 'हरे राम' लिखे पर्स के साथ नजर आईं। इससे पहले आलिया बुधवार शाम को कांस में आइस ब्लू गाउन में रेड कार्पेट पर नजर आईं। फिल्म 'ए वूमेन्स लाइफ' के प्रीमियर के दौरान उनका 'सिंड्रेला' अवतार देखने को मिला। रेड कार्पेट पर आने से कुछ घंटे पहले, आलिया ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लोरियल पेरिस को टैग करते हुए अपने लुक की तस्वीरें और वीडियो शेयर किए। दुनियाभर का सबसे प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल और कल्चरल इवेंट कांस 12 मई से शुरू हुआ है। फेस्टिवल 23 मई तक फ्रांस के फ्रेंच रिवेरा में जारी रहेगा। कांस से आलिया के अब तक 5 लुक सामने आ चुके हैं। आलिया ने डिनर के दौरान डस्टी रोज और एंटीक टोन वाला फ्लोरल ब्रोकेड कोर्सेट और मैचिंग फिटेड स्कर्ट पहनी थी। आलिया की आउटफिट में एक फिटेड और मूर्तिकला जैसा कोर्सेट था, जो नीचे जाकर लेयर्ड ट्यूल स्कर्ट के साथ एक घेरदार गाउन में बदल रहा था। आलिया की आउटफिट में एक फिटेड और मूर्तिकला जैसा कोर्सेट था, जो नीचे जाकर लेयर्ड ट्यूल स्कर्ट के साथ एक घेरदार गाउन में बदल रहा था।

> कांस में गाला डिनर में आलिया पहुंचीं : हाथ में भगवद गीता, पर्स पर लिखा हरे राम

आलिया ने अमेरिकी फैशन डिजाइनर डैनियल फ्रैंकल का कस्टम-मेड आइस ब्लू गाउन पहना था। आलिया ने अपने लुक को सिंपल रखने के लिए उन्होंने इसके साथ एक जालीदार लेस चोकर और हीरे के ड्रॉप ईयरिंग्स पहने थे। आलिया ने चेहरे पर सॉफ्ट ल्यूमिनस मेकअप, न्यूड लिप्स और बालों को एक खूबसूरत गूंथे हुए जूड़े में स्टाइल किया था। तीसरे लुक में आलिया डिजाइनर तरुण तहिलियानी की आइवरी साड़ी में दिखाई दीं। यह साड़ी ट्रेडिशनल भारतीय लुक और मॉडर्न वेस्टर्न डिजाइन का मेल थी। आलिया फ्रेंच रिवेरा में भारत पैवेलियन पहुंचीं, जहां उन्होंने फिल्ममेकर आशुतोष गोवारिकर के साथ 57वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया का पोस्टर और क्रिएटिव विजन लॉन्च किया।

### तीसरी बार 'खतरों के खिलाड़ी' में नजर आयेंगे करण वाही

मुंबई। टीवी एक्टर और होस्ट करण वाही एक बार फिर 'खतरों के खिलाड़ी' में नजर आएंगे। करण इससे पहले सीजन 8 और 'खतरों के खिलाड़ीः मेड इन इंडिया' का हिस्सा रह चुके हैं। अब वह तीसरी बार 'खतरों के खिलाड़ी 15' में दिखाई देंगे। खास बातचीत में करण ने बताया कि यह शो सिर्फ एक रियलिटी शो नहीं, बल्कि जिंदगी बदल देने वाला एक्सपीरियंस है। तीसरी बार 'खतरों के खिलाड़ी' में जा रहे हैं। शो को लेकर कितना एक्साइटमेंट है? शो की बात करें तो पुराना शो भी बहुत डरावना था। अब नया शो कितना डरावना होगा, ये तो हमें भी नहीं पता क्योंकि उन्होंने ज्यादा बताया नहीं है, लेकिन मैं खुद को बहुत लकी मानता हूं कि मुझे तीसरी बार यह शो करने का मौका मिल रहा है।

# पीएम थलापति विजय ने तृषा के लिए बदले नियम

मुंबई। तमिलनाडू के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद थलापति विजय ने रूमर्ड गर्लफ्रेंड तृषा के लिए फिल्म इंडस्ट्री के एक बड़े नियम में बदलाव किया है। विजय ने तृषा कृष्णन की फिल्म करप्पू के लिए सुबह 9 बजे की स्क्रीनिंग रखने की स्पेशल परमिशन दी है, जबकि अब तक साउथ में इस पर प्रतिबंध था। फिल्म करप्पू के प्रोडक्शन हाउस ड्रीम वॉरियर पिक्चर ने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से इसकी जानकारी देते हुए थलापति विजय का शुक्रिया अदा किया है। पोस्ट में लिखा गया है, स्पेशल थैंक्स हमारे आदरणीय मुख्यमंत्री थिरु जोसेफ विजय, करप्पू को सुबह 9 बजे की स्पेशल परमिशन देने के लिए। फिल्म करप्पू 14 मई को रिलीज हो रही है। पहले दिन से ही इसके सुबह 9 बजे के शो शुरू हो जाएंगे।

> एक्ट्रेस की फिल्म करप्पू के मॉर्निंग शो रखने की स्पेशल परमिशन दी, 3 सालों से था प्रतिबंध

फिल्म में तृषा कृष्ण और सूर्या लीड रोल में हैं। साल 2023 में फिल्म थुनिवू रिलीज हुई थी। इस फिल्म के सुबह साढ़े 4 बजे के मॉर्निंग शो में भगदड़ मच गई थी, जिसमें एक फैन का निधन हो गया था।

# धुरंधर के बाद ल्यारी पर एक और फिल्म




मुंबई। पाकिस्तानी फिल्म मेरा ल्यारी 8 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। यह फिल्म पाकिस्तान के ल्यारी इलाके पर आधारित थी। गौरतलब है कि ल्यारी का जिक्र भारतीय फिल्म धुरंधर में भी हुआ, जो सुपरहिट साबित हुई। हालांकि, मेरा ल्यारी को बॉक्स ऑफिस पर कमजोर रिस्पॉन्स मिला। फेसबुक पेज ऑल पाकिस्तान शोबिज स्टार्स ने दावा किया कि फिल्म मेरा ल्यारी को खराब शुरूआत के बाद फैसलाबाद के ताज महल सिनेमा से हटा दिया गया है। फिल्म पहले दिन सिर्फ 22 टिकट ही बेच पाई। कम दर्शक आने की वजह से अगले शो भी रद्द कर दिए गए। बता दें कि यह फिल्म धुरंधर और दूसरी फिल्मों को जवाब देने के लिए बनाई गई। फिल्म को कराची के ल्यारी इलाके की कहानी के तौर पर प्रमोट किया गया था। जहां फिल्मों में अक्सर इस इलाके को अपराध और गैंग हिंसा से जोड़कर दिखाया जाता है, वहीं मेरा ल्यारी में समुदाय, खेल और युवाओं की जिंदगी पर फोकस किया गया। यह फिल्म महिला फुटबॉल पर आधारित है। अबू अलीहा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में आयशा उमर, दनानीर मोबीन, सामिया मुमताज और ट्रिनेट लुकास हैं। फिल्म की कहानी महिला फुटबॉल, कम्युनिटी की एकता और ल्यारी में युवा खिलाड़ियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर केंद्रित है। मेकर्स ने फिल्म के जरिए इलाके की एक अच्छी इमेज दिखाने की कोशिश की है। डायरेक्टर अबू अलीहा ने फिल्म को लेकर कहा था कि फिल्म की 80 प्रतिशत कास्ट लोकल है।

> पाकिस्तानी फिल्म मेरा ल्यारी के फैसलाबाद में सिर्फ 22 टिकट बिके, कई शो कैंसिल




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com